

अमेरिका-ईरान वार्ता बहाली की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 78 हजार के पार - 12



अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल सोने की भी बढ़ी चमक - 12



अमेरिकी रक्षामंत्री हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव - 13



कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई कोई भी टीम नहीं - 14


आज का मौसम
38.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.49
सूर्यास्त 06.41

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 08:11 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 16 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 13, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## बिहार के 24वें मुख्यमंत्री



**पटना।** सम्राट चौधरी ने बुधवार को भाजपा के पहले और बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा जदयू के विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट चौधरी को बधाई दी और कहा कि उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी स्तर का अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

### गृह समेत 26 विभाग संभालेंगे सम्राट

सम्राट चौधरी ने अपने पास गृह, सतर्कता, राजस्व एवं भूमि सुधार और स्वास्थ्य समेत करीब 26 विभाग रखे हैं। विजय कुमार चौधरी को 10 और बिजेंद्र प्रसाद यादव को आठ विभागों की जिम्मेदारी दी गई है।

## सीबीएसई : 10वीं के नतीजे घोषित, बेटियां इस बार भी आगे

- कुल 93.7 प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण, इनमें लड़कियों का प्रतिशत 94.99 और लड़कों का 92.69
- 55,000 से अधिक छात्रों ने प्राप्त किए 95 प्रतिशत से अधिक अंक

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10 की पहली बोर्ड परीक्षा में 93.70 प्रतिशत से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 55,000 से अधिक छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 2.20 लाख से अधिक छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 1.47 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को 'कम्पार्टमेंट' श्रेणी में रखा गया है।

परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार 94.99 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.69 रहा और उभयलिंगी अभ्यर्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.50 रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप, सीबीएसई ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित करना शुरू किया है। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की गई और दूसरी मई में निर्धारित है। छात्रों के लिए पहली परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य था। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, परंपरागत रूप से कक्षा 10वीं के परिणाम मई के मध्य में घोषित किए जाते हैं लेकिन इस वर्ष सीबीएसई ने रिकॉर्ड समय में लगभग 1.6 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया और परिणाम सामान्य से एक महीने पहले घोषित किया जा रहा है।



परिणाम घोषित होने के बाद बरेली के जीआरएम स्कूल में जश्न मनाते छात्र-छात्राएं। ● हरदीप सिंह टोनी

### केंद्रीय विद्यालय शानदार

केंद्रीय विद्यालयों का उत्तीर्ण प्रतिशत सर्वाधिक 99 .57 प्रतिशत दर्ज किया गया। नवोदय विद्यालय 99 .42 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93 .77 प्रतिशत रहा, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे कम 91 .01 प्रतिशत दर्ज किया गया। त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा क्षेत्रों ने 99 .79 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया, जबकि गुवाहाटी क्षेत्र का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे कम 85 .32 प्रतिशत रहा। दिल्ली का उत्तीर्ण प्रतिशत 97 .38 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका, अंतरिम जमानत पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां की शिकायत से संबंधित है। खेड़ा ने रिंकी पर गंभीर आरोप लगाए थे। असम पुलिस की ओर से दायर अपील में कहा गया था कि तेलंगाना हाईकोर्ट के पास इस मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस चांदुरकर की पीठ ने स्पष्ट किया कि खेड़ा असम की उचित अदालत से राहत मांगने के लिए स्वतंत्र हैं।

### जनगणना : आठ राज्यों केंद्रशासित क्षेत्रों में आज से मकान सूचीकरण

**नई दिल्ली।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य गुरुवार को आठ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में शुरू होगा। गृह मंत्रालय के अनुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एवं दिल्ली छावनी बोर्ड क्षेत्र में एचएलओ अभियान कल शुरू होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में 15 दिन स्वगणना की अवधि के बाद मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रारंभ की जा रही है जो 15 मई को पूरी होगी।

# परिसीमन के मुद्दे पर विपक्ष ने कसी कमर संसद के विशेष सत्र में घमासान के आसार

## इंडिया गठबंधन की बैठक में विपक्ष का महिला आरक्षण के समर्थन और परिसीमन पर विरोध का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला आरक्षण के लिए लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बड़ा घमासान होने के मैदान तैयार हो गया है। बुधवार को कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के दलों ने इस मुद्दे पर संयुक्त बैठक की और आरोप लगाया कि महिला आरक्षण को हथियार बनाकर सरकार परिसीमन की मंशा पूरी करना चाहती है जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक साबित होगा। विपक्ष ने एलान किया कि वह महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन में है लेकिन परिसीमन के प्रावधानों का पुरजोर विरोध करेगा।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई विपक्षी दलों की बैठक में नारीशक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयक पर विस्तार से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि वे सभी परिसीमन के प्रावधानों के खिलाफ एकजुट होकर वोट करेंगे। बैठक के बाद खरगे ने कहा, हम सभी महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में हैं। हालांकि जिस तरह से इसे लाया गया है, वह संदिग्ध है और हमें इस पर गंभीर आपत्ति है। यह राजनीति से प्रेरित है। मोदी सरकार विपक्षी दलों को निशाना बनाने और दबाने के लिए इस तरह से काम कर रही है।

उन्होंने कहा, हमने महिला आरक्षण विधेयक का लगातार समर्थन किया है और इस बात पर जोर दिया है कि इसे पहले पारित संशोधन के आधार पर लागू किया जाना चाहिए। खरगे ने आरोप लगाया कि परिसीमन पर सरकार गलत मंशा के साथ कदम बढ़ा रही है। इसलिए सभी विपक्षी दल एकजुट होकर संसद में संघर्ष करने जा रहे हैं।



### भाजपा ने बनाई मानव श्रृंखला, रैली निकाली

**नई दिल्ली।** भाजपा और भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधनों के समर्थन में बुधवार को कनॉट प्लेस में महिला बाइक रैली निकाली और मानव श्रृंखला बनाई। देश के कई और राज्यों में महिला आरक्षण के समर्थन में भाजपा की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### लोकसभा में चाहिए दो-तिहाई बहुमत, राजग के पास नहीं

संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए सदन में मौजूद सदस्यों की संख्या के दो तिहाई के समर्थन की जरूरत होती है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास लोकसभा में फिलहाल यह आकड़ा उपलब्ध नहीं है।

### ओबीसी का हिस्सा चोरी करना चाहते हैं मोदी : राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला आरक्षण के नाम पर ओबीसी का हिस्सा चोरी करना चाहते हैं, जो राष्ट्र विरोधी गतिविधि है। राहुल ने बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो वह वर्तमान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू कर सकती है। परिसीमन भी नई जनगणना के आधार पर होना चाहिए, क्योंकि उसमें ओबीसी की आबादी का आंकड़ा होगा। राहुल ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण का पूरी तरह समर्थन करती है, लेकिन सरकार इसके नाम पर कुछ और करना चाहती है। यह अब तक की बहुत बड़ी बेईमानी होगी।

### प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, मायावती का समर्थन

पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और बसपा की प्रमुख मायावती ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन की पहल का स्वागत किया है। पाटिल ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन कानून औपचारिक रूप से महिलाओं की अपार क्षमता को पहचान देगा। मीरा कुमार और मायावती ने कहा कि भले ही लंबा इंतजार रहा हो, लेकिन देश के विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कार्यान्वयन लंबे संघर्ष के बाद एक सुखद अंत होगा।

## चलती ट्रेन में गोलीबारी सात लाख रुपये लूटे

संवाददाता बिलासपुर/रुद्रपुर

- काठगोदाम-दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बिलासपुर में हुई वारदात
- आरपीएफ व जीआरपी उत्तराखंड यूपी की टीमों ने की संयुक्त कांबिंग

**अमृत विचार :** हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने बुधवार दिनदहाड़े संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सात लाख रुपए लूटकर यूपी-उत्तराखंड पुलिस को बड़ी चुनौती दे डाली। बदमाशों ने दिल्ली जा रहे रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड) के ऑटो पार्ट्स कारोबारी के दो कर्मियों को बिलासपुर में निशाना बना डाला। लूटपाट कर बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

सिंह कॉलोनी, रुद्रपुर निवासी जपनीत ऑटो स्पेयर पार्ट्स के स्वामी मंजीत सिंह गगनेजा के दो कर्मचारी रितिक मंडल और साहब सिंह सुबह करीब दस बजे सात लाख रुपये लेकर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे। ट्रेन जब बिलासपुर क्षेत्र में पहुंची तो बिलासपुर रेलवे स्टेशन से करीब एक किमी पहले तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दोनों कर्मचारियों से चलती ट्रेन में ही सात लाख रुपये लूट लिए। स्टेशन से पहले तीव्र मोड़ के चलते जैसे ही ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई तो बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

पीड़ित कर्मियों की सूचना पर मंजीत सिंह के साथ रुद्रपुर से व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी बिलासपुर जीआरपी चौकी पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उधर, रेलवे और सिविल पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ितों से पूछताछ के बाद बदमाशों की तलाश में संयुक्त कांबिंग अभियान चलाया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जीआरपी चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।



लूट का शिकार मंजीत सिंह

## पंतनगर-नौकुचियाताल हेलीकॉप्टर सेवा शुरू



हेलीकॉप्टर को रवाना करते विधायक, डीएम और एयरपोर्ट अधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

- देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल पंतनगर रहेगा हवाई रूट

**अमृत विचार:** उड़ान योजना में पवन हंस कंपनी द्वारा पंतनगर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू कर दी गई। विधायक शिव अरोरा और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को पंतनगर एयरपोर्ट से नौकुचियाताल के लिए इसका शुभारंभ किया। हेलीकाप्टर में दो कैप्टन और पांच यात्री सवार रहे।

विधायक अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल, पंतनगर के लिए प्रारंभ इस हेली सेवा से पर्वतीय क्षेत्र, नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। यह पहल आम नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती व विश्वसनीय हवाई परिवहन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि, हेली सेवा से सुविधा मिलने के साथ समय की भी बचत होगी। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के बाद यह एयरपोर्ट जेवर और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली से जुड़ जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, अनुप गुप्ता, सीएसओ राजकुमार, पवन हंस कंपनी के मैनेजर डीपी आर्या, विनोद तिवारी, अजय कमल, स्टेशन मैनेजर आलिया हैदर, स्टेशन इंचार्ज हर्ष रंजन मौजूद रहे।

## लखीमपुर बवाल : दो एफआईआर, 74 नामजद, 400 अज्ञात, 19 गिरफ्तार

**बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)।** थाना मैलानी की पुलिस चौकी बांकेगंज के मोतीपुर में मंगलवार को आंबेडकर प्रतिमा की स्थापना को लेकर हुए बवाल में पुलिस ने उपद्रवियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की है। इनमें से पीड़ित महिला की तरफ से ग्राम प्रधान समेत आठ नामजद, 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जबकि पुलिस की ओर से दर्ज दूसरी एफआईआर में 74 नामजद और 200 अज्ञात लोग शामिल हैं। पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस की सक्रियता और सख्ती के चलते ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## देश में अब नक्सल हिंसा प्रभावित कोई जिला नहीं: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्य सरकारों को सूचित किया है कि भारत में वामपंथी उग्रवाद के पांच दशक से अधिक समय के बाद देश में अब कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है।

यह घोषणा गृह मंत्रालय ने इस महीने के शुरू में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा के बाद की जो वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए 2015 में तैयार राष्ट्रीय नीति के तहत की गई थी। गृह मंत्रालय ने आठ अप्रैल को नौ राज्यों को जारी आधिकारिक संचार में कहा कि 31 मार्च के बाद हुई सुरक्षा समीक्षा से स्थापित हुआ है कि देश का कोई जिला वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित श्रेणी में नहीं आता है।

## राज्यसभा में उपनेता बने आप सांसद मित्तल के ठिकानों पर ईडी छापे

जालंधर/नई दिल्ली, एजेंसी

- फेमा की जांच के तहत आवासीय और व्यावसायिक परिसरों की ली तलाशी

ईडी ने बुधवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की जांच के तहत पंजाब और हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से जुड़े व्यावसायिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली। मित्तल को हाल ही में राघव चड्ढा की जगह राज्यसभा में आप का उपनेता नियुक्त किया गया है।

जालंधर और गुरुग्राम में 10 स्थानों पर फेमा के तहत तलाशी ली गई। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक इसमें फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी का परिसर और गुरुग्राम में स्थित टेट्र कॉलेज ऑफ बिजनेस और मास्टर्स यूनियन कॉलेज ऑफ बिजनेस नामक दो संबद्ध शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं। ईडी इन शैक्षणिक संस्थानों के कुछ विदेशी वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है।




### केजरीवाल बोले- भाजपा ने शुरू कर दी पंजाब के चुनाव की तैयारी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने छापेमारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा ने इस राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जहां अभी आम आदमी पार्टी की सरकार है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर मान के पोस्ट को टैग करते हुए उनके बयान का समर्थन किया।

### पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की जेड प्लस सुरक्षा वापस ली

**चंडीगढ़।** राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाए जाने के बाद जारी तनातनी के बीच पंजाब सरकार ने सांसद राघव चड्ढा की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। चड्ढा पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। पार्टी ने इससे पहले चड्ढा पर अपनी छवि चमकाने और संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज न उठाने का आरोप लगाया था।

सख्त तेवर — नोएडा बवाल के बीच मुख्यमंत्री का संदेश, औद्योगिक इकाइयों में अनुशासन से समझौता नहीं

# औद्योगिक इकाइयों में बाहरी तत्वों का दखल बर्दाश्त नहीं : योगी

- टाटा मोटर्स प्लांट में दिया कार्य संस्कृति का संदेश, 10 लाखवीं गाड़ी को किया फ्लैग ऑफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोएडा में हुए बवाल के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संदेश देते हुए साफ कहा कि किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को औद्योगिक इकाइयों या संस्थानों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की मजबूती के लिए टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता सबसे अहम हैं।

टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट से बुधवार को 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने अप्रत्यक्ष रूप से नोएडा की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं। उन्होंने श्रमिकों और कर्मचारियों से अपील की कि वे ऐसे तत्वों से सतर्क रहें, जो संगठन की एकता और औद्योगिक शांति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। योगी ने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता का आधार टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता है। हर कर्मचारी को अपने संस्थान को परिवार की तरह समझना चाहिए और उसकी प्रतिष्ठा व विश्वास को बनाए रखना चाहिए।



टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ करने के बाद बस में बैठे मुख्यमंत्री योगी।

### मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स का 10 लाखवीं गाड़ी का उत्पादन केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड बताते हुए कहा कि प्रदेश तेजी से ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल माहौल के कारण आज उत्तर प्रदेश उद्योगों के लिए आकर्षक गंतव्य बन चुका है।

### योगी ने की बस की सवारी

फ्लैग ऑफ के बाद मुख्यमंत्री ने बुधवार को लांच की गई टाटा मोटर्स की बस में सवारी भी की। उन्होंने पूरे प्लांट का अवलोकन किया और प्रोडक्शन में उपयोग में लाई जा रही विभिन्न तकनीकों को जाना। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, एमडी एवं सीईओ गिरीश वाघ, वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस टाटा मोटर्स विशाल बादशाह उपस्थित रहे।

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026



**न्यूज ब्रीफ**

## जिले के टॉप-3 विद्यार्थियों से वार्ता

### ध्रुव शर्मा (प्रथम स्थान 99.4%)



ध्रुव शर्मा ने बताया कि उन्होंने नियमित ऑनलाइन स्टडी और समय प्रबंधन से यह सफलता हासिल की। उनका लक्ष्य डॉक्टर बनना है। इसके लिए वह राजस्थान में रहकर नीट की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मां रीति शर्मा और पिता नीरज कुमार शर्मा के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

### इनाया नाज (द्वितीय स्थान – 99.2%)



इनाया नाज का कहना है कि उन्होंने निरंतर मेहनत और स्पष्ट लक्ष्य के साथ पढ़ाई की। वह डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं और फिलहाल नीट की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अपनी मां फरह नाजमीन और पिता उस्मान आरिफ के साथ ही शिक्षकों को अपनी सफलता का आधार बताया।

### उत्कर्ष (द्वितीय स्थान 99.2%)



उत्कर्ष ने बताया कि उन्होंने अनुशासन और नियमित अभ्यास को अपनी सफलता का मंत्र बनाया। वह आईआईटी की तैयारी के लिए जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं और इंजीनियर बनना चाहते हैं। उन्होंने परिवार के सहयोग को अपनी उपलब्धि का अहम कारण बताया। पिता मनोज कुमार अग्रवाल बैंक में सहायक महाप्रबंधक और मां नीलम अग्रवाल गृहणी हैं।

### भव्या जैन (तृतीय स्थान – 99%)



भव्या जैन ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अभी 11वीं और 12वीं की पढ़ाई पर फोकस करना है। उन्होंने मेहनत और निरंतरता को सफलता की कुंजी बताया। वह अपनी इस उपलब्धि का श्रेय पिता और परिवार के समर्थन को देती हैं।

---

### मेधावी छात्रों ने परीक्षा परिणाम देखकर माता-पिता का लिया आशीर्वाद, स्कूल में पहुंच कर शिक्षकों और साथियों के साथ मनाया सफलता का जश्न

# सीबीएसई रिजल्टः दसवीं में केपीएस के ध्रुव 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बने जिला टॉपर

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** सीबीएसई की ओर से बुधवार को शाम दसवीं कक्षा का परिणाम जारी हो गया। क्रिप्टन पब्लिक स्कूल के छात्र ध्रुव शर्मा ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया। वहीं, सेंट मेरी स्कूल की छात्रा इनाया नाज और सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के छात्र उत्कर्ष ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरे स्थान पर जगह बनाई। सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल की छात्रा भव्या जैन ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान पाया।

बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित होने के विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। माता-पिता के साथ पहले विद्यार्थियों ने घर पर ही अपना रिजल्ट देखा और फिर अपने-अपने स्कूल की ओर रुख कर दिया। शिक्षकों से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और मुंह मीठा कराया। माता-पिता ने भी बच्चों की मेहनत के बाद जब उनका परिणाम देखा तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। बच्चों का उत्साहवर्धन करने को मंदिर लेकर वहां प्रसाद चढ़ाकर भगवान से आशीर्वाद दिलाया और फिर रात को रेस्टोरेंट में भोजन किया कर खुशी मनाई।



दसवीं में 99 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर ध्रुव शर्मा को मिठाई खिलातीं मां रीति।

### अपने-अपने स्कूलों के टॉपर विद्यार्थी

**आरआरके स्कूल**

गुंजन सैनी ने 93 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला, मनीनि मदान ने 93 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और अनु ने 92 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल**

सिद्धि अरोरा ने 98 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तीसरा, निथिक अग्रवाल ने 98 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा और अर्णव त्यागी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

**गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल**

उरवंग शर्मा ने 97 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला, परनिका चौहान ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और वत्सल मिश्रा ने 96 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**केपीएस**

जानवी यादव ने 98 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा, रोली अग्रवाल और रमला ने 97 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा और राघवेंद्र ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है।

**सेंट मीरा अकादमी स्कूल**

जानवी पाराशर ने 98 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला, ज्योतिका चौबे ने 96 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और प्रियांक सिंह ने 96 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**एसएस चिल्ड्रेन अकादमी स्कूल**

निष्ठा मनूचा ने 98 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला, दर्श अग्रवाल और अयान मिश्रा ने 97 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और वृंदा चौधरी ने 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**गांधी नगर पब्लिक स्कूल**

आयशा अरशद ने 98 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला, भव्यदीप ने 97 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और सन्नान अली ने 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**शिरडी सांई पब्लिक स्कूल**

नव्या भाटिया ने 98 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला, भव्या गुप्ता व स्वस्ति सिंह ने 98 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और अशफ अब्बास जैदी ने 98 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**पीएमएस पब्लिक स्कूल**

श्रेया अग्रवाल, यशिका आनंद, आरव गर्ग, अशर खान 98 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहले, अद्वित नारंग 98 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे और मोहम्मद हुमैद 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे।

**केसीएम**

स्पर्श भटनागर ने 96 .6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। आराध्या सिंह 95 .2 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे और ख्याति कंसल व अनुष्का गंगवार 95 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मेधावियों में खुशी देखने को मिली।

---

# रिजल्ट आते ही सफल छात्र-छात्राओं ने मनाया जश्न

### सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही मेधावियों में दिखा उत्साह, टॉपर मिठाई लेकर पहुंचे स्कूल, कॉल और इंटरनेट पर रही हलचल

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** सीबीएसई के 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बुधवार शाम जैसे ही घोषित हुआ, जिले में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। परिणाम जानने के लिए छात्र-छात्राएं अपने मोबाइल फोन और लैपटॉप पर नजरें गड़ाए दिखे। हर किसी को अपनी मेहनत का नतीजा जानने की बेसब्री थी। जैसे ही स्क्रीन पर अंक सामने आए, कहीं खुशी के आंसू छलके तो कहीं तालियों और बधाइयों की गूंज सुनाई दी।

टॉपर विद्यार्थियों के घरों में तो जश्न जैसा माहौल रहा। कई छात्र अपने माता-पिता के साथ मिठाई लेकर स्कूल पहुंचे और शिक्षकों के साथ अपनी सफलता साझा की। स्कूल परिसरों में विद्यार्थियों की मुस्कान और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। किसी ने सबसे पहले अपने दोस्तों को फोन कर परिणाम बताया, तो किसी ने अपने शिक्षक को कॉल कर आशीर्वाद लिया और सफलता का श्रेय उन्हें दिया।

रिजल्ट के दिन लोग एक-दूसरे से बच्चों के अंकों और प्रदर्शन के बारे में पूछते नजर आए। अभिभावकों के चेहरों पर गर्व और संतोष साफ दिखाई दिया। वहीं, विद्यार्थियों में आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर नई उम्मीदें और ऊर्जा दिखी। शिक्षकों ने भी छात्रों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की। उनका कहना है कि इस बार विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जो सफलता उनकी लगन और नियमित तैयारी का परिणाम है।



रिजल्ट के बाद सेंट मैरी स्कूल पर खुशी मनाती छात्राएं। • अमृत विचार



एसएस चिल्ड्रन एकेडमी पर खुशी मनाते छात्र छात्राएं। • अमृत विचार

### वेबसाइट ने बढ़ाई परेशानी, बार-बार करना पड़ा प्रयास

सीबीएसई की वेबसाइट पर अधिक ट्रैफिक के चलते छात्रों को रिजल्ट देखने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई बार वेबसाइट खुलने में समय लगा और सर्वर स्लो हो गया, जिससे विद्यार्थियों को बार-बार प्रयास करना पड़ा।



दसवीं में 98 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर निष्ठा मनूचा को मिठाई खिलाते पिता।



मोबाइल पर रिजल्ट देखती छात्राएं। • अमृत विचार

### बधाइयों से गूंजते रहे फोन, रिश्तेदारों ने जताई खुशी

परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों और उनके परिवारों के मोबाइल फोन लगातार बजते रहे। रिश्तेदारों और परिचितों ने फोन कर अंकों की जानकारी ली और बच्चों को बधाई दी। कई घरों में देर रात तक शुभकामनाओं का सिलसिला चलता रहा।

## गुरु जंभेश्वर विवि में होगी अतिथि संकाय की नियुक्ति

- नियुक्त के लिया कराया जाएगा इंटरव्यू, तिथि व अन्य जानकारी बेवसाइट से मिलेगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न परास्नातक पाठ्यक्रमों में अतिथि संकाय (गेस्ट फैकल्टी) की नियुक्ति के लिए वॉक-इन इंटरव्यू कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने बताया कि एमएससी रसायन विज्ञान के तीन पद, पर्यावरण विज्ञान के दो पद, कंप्यूटर साइंस के चार पद, भौतिक विज्ञान के तीन पद, एमए भूगोल के तीन पद तथा एमकॉम के चार पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

वॉक-इन इंटरव्यू की तिथि और समय की जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। बताया कि आवश्यकतानुसार पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.gjum.ac.in के माध्यम से न्यूनतम योग्यता, अनुभव और पारिश्रमिक से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

---

# सामाजिक पुनर्निर्माण के शिल्पी हैं बाबा साहेब

- डीआरएम कार्यालय में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय के मनन सभागार में बुधवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने अन्य रेल अधिकारियों के साथ बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चन कर नमन किया। वक्ताओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन और उनके कार्यों पर प्रकाश डालकर याद किया।

मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के सामाजिक पुनर्निर्माण के महान शिल्पी थे। उनके विचार यह सिखाते हैं कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर व सम्मान प्राप्त हो। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) परितोष गौतम, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक ठाकुर के अलावा अन्य रेल अधिकारी, कर्मचारी और रेलवे कर्मचारी संगठन उरमू और नरमू के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



डॉ . आंबेडकर जयंती पर दीप प्रज्ज्वलित करतीं डीआरएम।

### बाबा साहेब ने वंचित वर्ग के उत्थान को समर्पित किया जीवन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ महानगर विद्यार्थी विभाग द्वारा बुधवार को आरएसडी एकेडमी में भारत रत्न डॉ . भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा को संघ यात्रा- संगठन व सेवा के 100 वर्ष" पुस्तक भेंट की गई। अक्षत शर्मा, काव्य भटनागर, देपाश बंसल रहे।

## डबल इंजन सरकार से जनता त्रस्त, पेट्रोल-डीजल को हाहाकार

- कांग्रेस पार्टी 2027 का विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी
- राष्ट्रीय सचिव ने जिला व महानगर पदाधिकारियों संग की बैठक

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने बुधवार को जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, कमेटी के पदाधिकारियों और ब्लॉक, मंडल और वार्ड अध्यक्षों तथा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा भी की गई।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि पार्टी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूती से लड़ेगी। जनता भाजपा की डबल इंजन की सरकार से त्रस्त हो चुकी है।देश में पेट्रोल- डीजल, एलपीजी के नाम पर हाहाकार मचा है। उत्तर प्रदेश मे कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सरकार की बुलडोजर नीति लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रही है। जनता अब इस सरकार की विदाई करने और कांग्रेस को मजबूत बनाने का मन बना चुकी है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सारस्वत सोनी, सगीर सईद खान, गोपाल रस्तोगी, श्याम बाबू वाल्मीकी, अनुराग शर्मा, शमशेर खान, पार्षद कमर सलीम, मोअज्जम अली, नदीम उद्दीन कातिब, अफसर अंसारी आदि रहे।

### ये हैं हाईस्कूल के टॉप-10

| स्थान | प्रतिशत | नाम | स्कूल |
|---|---|---|---|
| 1 | 99 .4 | ध्रुव शर्मा | क्रिप्टन पब्लिक स्कूल |
| 2 | 99 .2 | उत्कर्ष | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल |
| 3 | 99 | भव्या जैन | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल |
| 4 | 98 .8 | सिद्धि अरोड़ा | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल |
| 4 | 98 .8 | निष्ठा मनूचा | एसएस चिल्ड्रन एकेडमी |
| 4 | 98 .8 | आयषा अरशद | गांधी नगर पब्लिक स्कूल |
| 5 | 98 .6 | नीतिक अग्रवाल | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल |
| 5 | 98 .6 | जानवी पाराशर | सेंट मीरा एकेडमी |
| 6 | 98 .4 | जानवी यादव | क्रिप्टन पब्लिक स्कूल |
| 6 | 98 .4 | श्रेया अग्रवाल | पीएमएस स्कूल |
| 6 | 98 .4 | ओजस्विनी राठी | समर वैली स्कूल |
| 7 | 98 .2 | अदवित नांरग | पीएमएस स्कूल |
| 8 | 98 | मौहम्मद हुमेद | पीएमएस स्कूल |
| 8 | 98 | घनी उल इस्लाम | एडम एंड ईव्स स्कूल |
| 8 | 98 | अर्नव त्यागी | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल |
| 8 | 98 | संस्कृति चाहल | समर वैली |
| 9 | 97 .8 | मोहम्मद मुस्तफा | पीएमएस स्कूल |
| 10 | 97 .6 | रोली अग्रवाल | क्रिप्टन पब्लिक स्कूल |
| 10 | 97 .6 | आन्या खन्ना | सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल |
| 10 | 97 .6 | अक्षर अग्रवाल | पीएमएस स्कूल |
| 10 | 97 .6 | रमला सरवार | क्रिप्टन पब्लिक स्कूल |

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** बाइक सवार संविदा लाइनमैन की अज्ञात वाहन की टक्कर में मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। मृतक की पहचान धोमनपुर उर्फ हसनपुर निवासी सोहनवीर उर्फ सोनू (30) के रूप में हुई है, जो बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। उनके साथ अगरी निवासी रिंकू (24) भी बाइक पर सवार थे। दोनों मुबारकपुर तालान क्षेत्र के जंगल में ट्रांसफार्मर पर कार्य करने के लिए जा रहे थे।

नई मंडी से आगे चांदपुर रोड पर पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सोहनवीर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

**कारोबार** | खरमास खत्म होते ही खरीदारी तेज, ट्रेंड में हल्के लहंगे और फ्यूजन ज्वेलरी

# सहालग शुरू होते ही शहर के बाजारों में लौटी रौनक

- दुल्हनों से लेकर युवतियों तक की पसंद में दिख रहा नया बदलाव
- प्रमुख बाजारों में देर शाम तक उमड़ रहे ग्राहक कर रहे खरीदारी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** खरमास समाप्त होते ही सहालग का सीजन शुरू हो गया है और शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। टाउन हॉल, चौमुखापुल, गंज, बुधबाजार, मंडी चौक और ताड़ीखाना जैसे प्रमुख बाजारों में सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। खासतौर पर दुल्हनों, युवतियों और महिलाओं के लिए नई-नई वैरायटी की डिमांड बढ़ी है। इस बार पारंपरिक के साथ फ्यूजन और हल्के वजन वाले डिजाइन ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं, जिससे बाजार में कारोबार भी तेजी पकड़ रहा है।

**दुल्हनों के लिए ट्रेंड में क्या**

इस बार दुल्हनों के बीच हैवी रेड लहंगों की जगह पेस्टल शेड्स जैसे पिंक, पीच, मिंट ग्रीन और लैवेंडर रंग के लहंगे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इसके साथ ही हल्के वजन के एम्ब्रॉयडरी वाले लहंगे और डबल दुपट्टा स्टाइल का ट्रेंड बढ़ा है। ज्वेलरी में कुंदन, पोल्की और फ्यूजन सेट की मांग ज्यादा देखी जा रही है। मेकअप और आउटफिट में 'मिनिमल लुक' को प्राथमिकता दी जा रही है।

**युवतियों और महिलाओं की पसंद :** सहालग में शामिल होने वाली युवतियां और महिलाएं भी ट्रेडिशनल के साथ इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स को पसंद कर रही हैं। गाउन स्टाइल सूट, श्रग के साथ कुर्ती, और फ्लोरल प्रिंट की साड़ियां ट्रेंड में हैं। इसके अलावा रेडीमेड डिजाइनर ब्लाउज और हल्के ज्वेलरी सेट की डिमांड भी बढ़ी है, जिससे कम समय में स्टाइलिश लुक मिल सके।

**व्यापारियों की राय :** टाउन हॉल के एक कपड़ा व्यापारी राहुल छाबड़ा ने बताया कि इस बार ग्राहक हल्के और कंफर्टेबल कपड़ों को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। "पेस्टल कलर और डिजाइनर लहंगों की डिमांड सबसे ज्यादा है, जिससे बिक्री में 20-25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। वहीं गंज बाजार के एक ज्वेलरी व्यापारी सुमित अग्रवाल का कहना है कि भारी ज्वेलरी की जगह अब फ्यूजन और लाइटवेट सेट ज्यादा बिक रहे हैं। ग्राहक ऐसे डिजाइन चाहते हैं जिन्हें शादी के बाद भी आसानी से इस्तेमाल किया जा सके।



दुकान पर सजे डिजाइनर लहंगे। • अमृत विचार

### बाजारों में बढ़ी रौनक

टाउन हॉल, गंज और बुधबाजार में कपड़ों की दुकानों पर खासा उत्साह नजर आ रहा है। वहीं चौमुखापुल, मंडी चौक और ताड़ीखाना में ज्वेलरी और कॉस्मेटिक्स की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई है। दुकानदारों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में बिक्री में अच्छा इजाफा और सहालग के चलते आने वाले दिनों में और तेजी की उम्मीद है।

### बदलता ट्रेंड बना खास आकर्षण

इस सहालग सीजन में लाइट, एलिगेंट और री-यूजेबल' थीम सबसे ज्यादा ट्रेंड में है। दुल्हन से लेकर मेहमान तक सभी ऐसे आउटफिट और ज्वेलरी चुन रहे हैं, जो स्टाइलिश होने के साथ-साथ कंफर्टेबल भी हों। यही बदलाव इस बार के बाजार की सबसे बड़ी खासियत बनकर सामने आया है।

## युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थी को अपना स्वरोजगार लगाने के लिए बिना ब्याज के लोन की सुविधा बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन विभाग की वेबसाइट msme.up.gov.in पर ऑनलाइन कर सकते हैं। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र दीपेंद्र कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत अभ्यर्थी की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष के बीच और उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी को ऋण आवेदन पत्र में पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र बैंक पासबुक, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो) की फोटो प्रति, कोटेशन एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

# ब्लू की जीत से ओबीपीएल का शानदार आगाज

- शीबू के शतक ने बदला मैच का रुख, रेड की रहमान की सेंचुरी गई बेकार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेडियम में रात्रि के रोमांच के बीच शुरू हुई ओल्ड बॉयज प्रीमियर लीग का पहला मुकाबला पूरी तरह बल्लेबाजों के नाम रहा। हाई स्कोरिंग मैच में टीम ब्लू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम रेड को छह विकेट से हराकर जीत के साथ टूर्नामेंट का आगाज किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम रेड ने आक्रामक शुरुआत की और 22.4 ओवर में 217 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की रीढ़ बने रहमान ने कप्तानी पारी खेलते हुए 101 रन जड़े। उनके अलावा समद हुसैन ने 38 रन बनाए, जबकि वासित हुसैन और नोमान आदिल ने 14-14 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ब्लू ने शुरुआत से ही तेज बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। मोहम्मद शीबू ने शानदार शतक (101 रन) जड़कर मैच को पूरी तरह ब्लू की ओर मोड़ दिया। हालांकि वह चोट के कारण रिटायर हो गए, लेकिन तब तक टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा चुके थे। सिराज और मोहम्मद अजीम ने 29-29 रन बनाकर पारी को गति दी। अंत में अरिज अली (नाबाद 21) और शाहवेज (नाबाद 17) ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद शीबू को उनके शानदार शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### शहर में आज

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा महानगर द्वारा समारोह पंचायत भवन कंपनी बाग में 11:00 बजे।
- एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक सर्किट हाउस सभागार में 12:00 बजे।
- मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन जिला कार्यालय राव सीमेंट बैंक कालोनी में शाम 5:00 बजे।

### न्यूज ब्रीफ

**बरेली-नई दिल्ली इंटरसिटी का कासगंज तक विस्तार**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गाड़ी संख्या 14315-14316 बरेली-नई दिल्ली-बरेली एक्सप्रेस को रेल प्रबंधन ने अब कासगंज स्टेशन तक विस्तारित कर चलाने का निर्णय लिया है। यह 16 अप्रैल से प्रभावी होगा। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 14316 को अब 16 अप्रैल से नई दिल्ली-कासगंज इंटरसिटी के रूप में संचालित किया जाएगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14315 कासगंज से 17 अप्रैल से रात 2:50 बजे चलेगी। गाड़ी संख्या 14315 कासगंज नई दिल्ली को 20 मई से नये गाड़ी संख्या 15303 के पहचान से संचालित की जाएगी, जबकि गाड़ी संख्या 14316 नई दिल्ली से कासगंज तक 15304 नंबर से संचालित होगी।

**अंडर ब्रिज निर्माण के चलते ब्लॉक से एक जोड़ी गाड़ी प्रभावित**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जोधपुर मंडल के अन्तर्गत जोधपुर-फुलेरा रेलखंड में मेड़ता रोड जंक्शन पर 24 मई को समपार फाटक संख्या 100 रोड अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते रेल ब्लॉक रहेगा। इससे गाड़ी संख्या 14888-14887 का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। 23 मई को गाड़ी संख्या 14887 और 24 मई को गाड़ी संख्या 14888 परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 15624 कामख्या-भगत की कोठी एक्सप्रेस 22 मई को रतनगढ़ मेड़ता रोड रेलखंड में 120 मिनट नियंत्रित कर संचालित किया जाएगा।

### प्रत्येक दिन बढ़ रही सूरज की तपिश ने लोगों को किया बेदम, दिन में बाजार में छाने लगा सन्नाटा

# चढ़ता तापमान बढ़ा रहा टेंशन, गर्म हवा के थपेड़े झुलसाने लगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सिटी हीट एक्शन प्लान लागू करने में विभागों में समन्वय की कमी


कड़ी धूप में गुजरते वाहन चालक।

**अमृत विचार :** सूरज फिर तेवर दिखा रहा है। हर दिन चढ़ता तापमान लोगों की टेंशन बढ़ा रहा है। बुधवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सूरज की तपिश से हवा गर्म हो गई। हवा के थपेड़ों से बचने के लिए लोगों ने छांव की तलाश की। वहीं चेहरे व हाथ को ढक कर निकले। वहीं हीट वेव से बचने के लिए सिटी हीट एक्शन प्लान को प्रभावी रूप से लागू करने में विभागों में तालमेल की कमी आड़े आ रही है।

इस सप्ताह हर दिन तापमान बढ़ रहा है। दोपहर में सूरज मानों आग उगल रहा है। बुधवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। दिन में अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान में भी एक डिग्री सेल्सियस की बढ़त रही। यह 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दोपहर में चल रही गर्म हवा ने लोगों को बेदम कर दिया। शाम पांच बजे तक धूप के तेवर कड़े रहे, जिससे सड़कों के साथ ही पार्क भी सूने रहे। घरों और कार्यालयों तथा प्रतिष्ठानों में एयर कंडीशनर चलाने की नौबत आई। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 40 तक पहुंच जाएगा। ऐसे में लू के थपेड़ों से बचने की सलाह दी गई है। जिला आपदा प्राधिकरण प्रबंधन मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाकर लोगों को भीषण गर्मी और लू से बचने के लिए उपाय करने की सलाह दे रहा है।

**हीट वेव लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी**

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारियों से कहा है। हीट वेव (लू) से बचाव जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि हीट वेव और लू से बचाव के संबंध में प्रचार माध्यमों पर हीट वेव/लू की चेतावनी पर ध्यान देने के लिए अपील की गई है। उन्होंने बताया कि अपने घरों को ठंडा रखें। पर्दे-दरवाजे का उपयोग करें। शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठंडा करने के लिए इसे खोल दें। कार्य करने वाले कर्मियों को सीधी सूरज की रोशनी से बचना चाहिए। अधिक श्रमसाध्य कार्यों को ठंडे समय में करने और कराने का प्रयास करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों व रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए।

**बचाव के लिए यह करें उपाय**

- अधिक से अधिक पानी पियें।
- हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले वस्त्र पहनें।
- धूप के चश्मे, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें।
- अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरो को गीले कपड़े से ढके रहे तथा छाते का प्रयोग करें।
- यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं।
- ओआरएस, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके

**पशुओं को ऐसे करें सुरक्षित**

हीट वेव चलने पर जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने को दें।

**यह हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण**

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षण कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि है। इसे पहचानें और इस प्रकार के लक्षण की स्थिति में तत्काल नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।

## टीएमयू में नेशनल कॉन्फ्रेंस में 166 शोध पत्र प्रस्तुत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के अंतर्गत एप्लाइड साइंसेज विभाग की ओर से छठीं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज आयोजित किया गया।

कान्फ्रेंस के वेलिडिक्टरी सत्र में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। वैज्ञानिक प्रो. केके चट्टोपाध्याय ने लिथियम-आयन बैटरियों एवं सुपरकैपेसिटर्स पर चर्चा करते हुए बताया कि सुपरकैपेसिटर्स हाइब्रिड कार इंडस्ट्री को नई दिशा दे रहे हैं। यह तेज चार्जिंग और उच्च पावर डेंसिटी प्रदान करते हैं। कांफ्रेंस के तकनीकी सत्रों में 166 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. धीरज कुमार सिंह ने नैनो मैटेरियल्स के मूल सिद्धांतों और उनकी महत्ता बताई।

# नारी शक्ति का सामर्थ्य ही भारत की आत्मा

### भाजपा ने शहर में बाइक रैली निकालकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पक्ष में बनाया माहौल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई की ओर से बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बाइक एवं स्कूटी रैली निकाली गई। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति का सामर्थ्य ही विकसित भारत की आत्मा है। जहां हर महिला का सम्मान, हर सपने को उड़ान और हर आवाज़ को पहचान मिलती है।

रैली की शुरुआत बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय से हुई। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला और जिला प्रभारी भाजपा मोहनलाल सैनी ने इसे हरी झंडी दिखाकर किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से होती हुई जनजागरण का संदेश देती सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क पर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए अधिनियम के प्रति मातृशक्ति के उत्साह से रैली नारी सम्मान, स्वाभिमान एवं अधिकारों के प्रति जनजागरण का सशक्त माध्यम बनी।


भाजपा कार्यालय से निकाली बाइक रैली में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार


भाजपा कार्यालय से निकाली बाइक रैली में शामिल भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- भाजपा के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय से निकाली गई बाइक-स्कूटी रैली
- महानगर अध्यक्ष और जिला प्रभारी ने दिखाई हरी झंडी, महिलाएं रहीं आगे

भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी है और महिलाओं को समान अवसर एवं सम्मान प्रदान करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना ऐतिहासिक कदम है, जो महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देगा। इस दौरान महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, शम्मी भटनागर, अमित शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, विजयलक्ष्मी पंडित, वनिता मल्होत्रा, अभिषेक चौबे, अश्वनी शर्मा, अर्चित गुप्ता, सुनीता सैनी, शशि किरण, शीतल राजपूत, दीपा गुप्ता, रुचि चौधरी, साध्वी गीता प्रधान, रंजना शर्मा, इला सिंह, उदित शर्मा, अभिषेक राठौर, अभिषेक ठाकुर, गुड्डू सैनी, दीक्षांत चौधरी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## भाजपा का चुनावी हथियार बनेगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में सीटें होंगी आरक्षित
- भाजपा के निशाने पर होंगी महिला आरक्षण का विरोध करने वाले दल

**अमृत विचार :** आगामी विधानसभा चुनावों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम भाजपा का प्रमुख हथियार बनेगा। इस अधिनियम की महत्ता का संदेश स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने वक्तव्य में दिया है। इसे देखते हुए भाजपा इसके समर्थन के माध्यम से नारी शक्ति को आगे कर माहौल बनाने में जुट गई है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराने के लिए संसद में विशेष तीन दिवसीय सत्र चलेगा। इस अधिनियम के समर्थन में माहौल बनाने के लिए जिला मुख्यालय के सिविल लाइंस स्थित लोकनिर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में जहां समाज की प्रबुद्ध महिलाओं को आगे लाकर पत्रकार वार्ता कराई गई। वहीं बुधवार को इस अधिनियम के समर्थन के माध्यम से जन सहयोग बढ़ाने के लिए बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय से बाइक व स्कूटी रैली निकाली गई। इसका प्रमुख चेहरा पार्टी की महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बनाया गया। हालांकि पिछले कुछ विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाजपा ने ही किसी महिला प्रत्याशी को चुनावी दंगल में नहीं उतारा। जबकि कांग्रेस ने 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में छह सीटों में से दो सीटों पर महिला प्रत्याशियों को अवसर दिया था। यह बात दीगर है कि वह जीत के करीब भी नहीं पहुंचीं। वहीं वर्तमान में मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा की रुचि वीरा सांसद निर्वाचित हैं। महत्वपूर्ण यह होगा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बाद आधी आबादी को सभी राजनीतिक दलों के द्वारा कितना तवज्जो दिया जाएगा।

## बेहतर उपचार के लिए पेशेवर दक्षता अनिवार्य : डॉ. उज्मा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस फिजियोविज़न के आखिरी दिन विशेषज्ञों ने आधुनिक प्रगति, अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित उपचार पर अनुभव साझा किया। पुनर्वास विज्ञान विभाग मालदीव से डॉ. उज्मा सैयद ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में दक्षता और योग्यता के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि बेहतर उपचार के लिए पेशेवर दक्षता बेहद अनिवार्य है।

अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह में बुधवार को मेडिसिन और स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, मलेशिया से डॉ. तरुण अमलनेकर ने पार्किंसंस रोग के वैश्विक प्रसार पर आंकड़े प्रस्तुत किया। मेडेनहेड- इंग्लैंड के निदेशक डॉ. सोहराब शर्मा ने मैनुअल थेरेपी के आधुनिकीकरण की जानकारी दी। कहा कि मैनुअल थेरेपी केवल शारीरिक संरचना को ठीक नहीं करती है, बल्कि यह शरीर के पूरे सिस्टम को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। बीजेएम हेल्थ की मुख्य सलाहकार फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. भावना आनंद ने क्लिनिक से क्लाउड तक बीजेएम हेल्थ के जरिये फिजियोथेरेपी के बारे में बताया। कहा कि अब डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके मरीजों को दूरस्थ रूप से भी बेहतर उपचार प्रदान किया जा सकता है। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने फिजियोथेरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल का कॉन्फ्रेंस के लिए आभार जताया। अतिथियों ने कम्युनिटी हेल्थ पर पुस्तक का विमोचन भी किया। इस मौके पर डॉ. नंद किशोर शाह, डॉ. हरीश शर्मा, हिमानी, कंचन खोलिया, प्रिया शर्मा, प्रतिभा सिंह, सिमरन सक्सेना आदि की उपस्थिति रही। संचालन नीलम चौहान और समर्पिता सेनापति ने किया।


कॉन्फ्रेंस फिजियोविज़न में कम्युनिटी हेल्थ पर पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

- टीएमयू में अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस फिजियोविज़न का समापन

## सर्व शिक्षा अभियान के तहत तीन जिला समन्वयक नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परि जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अमित को हटाकर मूल पद पर भेजा गया

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जिला परियोजना कार्यालय में अस्थायी रूप से तीन नये समन्वयकों को तैनात किया गया है। इसमें से एक पद जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता पर कार्य कर रहे अमित कुमार सिंह को हटाकर उनको मूल पद पर विद्यालय में भेजा गया है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अमित को डीसी पद से कार्यमुक्त करते हुए उनकी जगह पर अब शिवम शुक्ला को जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता बनाया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार की ओर से 13 अप्रैल को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। इसमें चिरंजीव ठाकुर को जिला समन्वयक बालिका शिक्षा, निखिल गुप्ता को जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) और अमित सिंह के स्थान पर अब शिवम शुक्ला को जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता बनाया गया है। बीएसए द्वारा जारी पत्र में कहा गया है यह अस्थाई नियुक्तियां हैं। सेवा अनुबंध शर्तों के विपरीत होने या कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर किसी भी समय हटाया जा सकता है।

इसके पहले 19 मार्च 2020 को अमित कुमार सिंह जो सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय वीरपुर बरियारपुर विकास खंड मूंढापांडे के पद पर कार्यरत थे का चयन जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता के पद पर अस्थायी रुप से किया गया था। इसी महीने 13 अप्रैल को बीएसए के द्वारा जारी पत्र में उनको तत्काल प्रभाव से मूल पद पर वापस करने का आदेश दिया गया है। उनके स्थान पर अब शिवम शुक्ला को जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता बनाया गया है।

## गेहूं काटने के विवाद में हत्या में 4 गिरफ्तार, 3 आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हिमगिरि कॉलोनी में गेहूं की फसल काटने को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्यारोपी मृतक के भाई भतीजे हैं। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए हैं।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बुधवार को बताया कि 14 अप्रैल को हिमगिरी कॉलोनी के पास रेलवे लाइन के निकट खेत में गेहूं की फसल काटने को लेकर सगे भाइयों व भतीजों में विवाद हुआ था। आरोपियों ने सुरेश कुमार, उनकी पत्नी अनीता देवी और सास मैना देवी पर लाठी-डंडों व दरांती से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल सुरेश की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई, जबकि दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने मृतक की साली सुनीता देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने चार मुख्य हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अभी तीन आरोपी फरार हैं।


पुलिस की गिरफ्त में सुरेश के हत्यारोपी। ● अमृत विचार

- जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों में हुआ था खूनी संघर्ष

पुलिस के अनुसार रंजीत, सुरजीत, विजय निवासी आदर्श कॉलोनी और सुभाष उर्फ सुंदर लाल निवासी थाना मझोला को अगवानपुर पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। अभी भी इशान, बाबू और नितिन फरार चल रहे हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि खेत के बंटवारे को लेकर उनका सुरेश कुमार से पुराना विवाद चल रहा था। घटना के दिन जब सुरेश कुमार अपने परिवार के साथ गेहूं की फसल काट रहे थे तो रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वह नहीं माने। इस पर सभी ने एकराय होकर हमला किया, जिसमें सुरेश की मौत हो गई।

## नेक्स्ट जेनरेशन अकादमी की 103 रन से शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कासिम सैफी की नाबाद 99 रनों की पारी और कप्तान कृष्णा यादव की धारदार गेंदबाजी

**अमृत विचार :** रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 वनडे कप में बुधवार को खेले गए मुकाबले में नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी ने स्काई लाइन स्पोर्ट्स क्लब को 103 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट पर 291 रन बनाए।

टीम की ओर से कासिम सैफी ने नाबाद 99 रनों की आकर्षक पारी खेली, जबकि मोहम्मद इमरान (65), यश व्यास (40) और कुशल यादव (32) ने भी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। स्काई लाइन स्पोर्ट्स क्लब के गेंदबाज संस्कार सैनी, प्रियांशु सिंह, पलक सिंह, अयान सुधाकर और विशुदीप ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्काई लाइन स्पोर्ट्स क्लब की टीम 39.4 ओवर में 188 रन पर ऑलआउट हो गई। अयान सुधाकर (34), रघु सिंह (32) और निजाम पाशा (21) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम जीत से दूर रही। नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी के कप्तान कृष्णा यादव समेत यश व्यास, संचित शर्मा और निशांत कुमार ने दो-दो विकेट लेकर जीत सुनिश्चित की। कासिम सैफी को मैन ऑफ द मैच और यश व्यास को गेम चेंजर चुना गया।

**प्रतियोगिता** | **मेजबान मुरादाबाद की एकतरफा 4-0 से हार से स्थानीय दर्शक हुए निराश**

## गोरखपुर ने लखनऊ को हराया, मेजबान भी हारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंडर-20 अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन बुधवार को चार मुकाबले खेले गए। इनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों में रोमांच बढ़ा दिया। दिन का पहला मैच झांसी और आगरा मंडल के बीच खेला गया, जिसमें झांसी मंडल ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। स्थानीय दर्शकों को मेजबान मुरादाबाद मंडल को हारने पर निराशा हाथ लगी।

दूसरे मुकाबले में गोरखपुर और लखनऊ मंडल आमने-सामने रहे। दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इसके बाद टाईब्रेकर का सहारा लिया गया, जिसमें गोरखपुर ने 4-3 से जीत हासिल की। तीसरा मुकाबला मेजबान मुरादाबाद और वाराणसी मंडल के बीच खेला गया, जो काफी रोमांचक रहा। मुरादाबाद टीम ने पूरे जोश के साथ खेलते हुए दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन वाराणसी के खिलाड़ियों का खेल पर बेहतर नियंत्रण रहा। मुरादाबाद के गोलकीपर जाने आलम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई गोल बचाए और दर्शकों की वाहवाही लूटी। इसके बावजूद वाराणसी ने एकतरफा मुकाबला बनाते हुए 4-0 से जीत दर्ज की।


एमपीएस मैदान पर आयोजित अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप में खेलते खिलाड़ी।

दिन का अंतिम मुकाबला आजमगढ़ और प्रयागराज मंडल के बीच खेला गया, जिसमें आजमगढ़ टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत हासिल की।

- अंडर- 20 अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप में दिखा रोमांच, झांसी और वाराणसी की जीत

इस अवसर पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन अमरोहा के सचिव मुहम्मद नसीम इकबाल, एमपीएस के कंवीनर सुशील सिंह, प्रधानाचार्य शकील अहमद, जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उस्मान खान, सहायक सचिव आमिर मिर्जा, सुरेंद्र पाल सिंह, कोषाध्यक्ष शुजा उद्दीन खान, संरक्षक मंसूर अली, मुहम्मद फहीम, शुएब अहमद, उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ से नामित पर्यवेक्षक आरिफ नजमी आदि मौजूद रहे। महिला विंग की सचिव माधुरी देवी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संचालन महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने किया।

## अवैध बालू खनन पर 77 लाख का जुर्माना डाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी ने हरथला के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी पट्टाधारक रणवीर सिंह पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** पट्टाधारक के द्वारा अवैध बालू खनन पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 76 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाने से हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि मुरादाबाद सदर तहसील के अन्तर्गत ग्राम-मोरा एहतमाली के गाटा संख्या- 1, 29, 31ख रकवा- 4.8140 हेक्टेयर मात्रा- 77024 घनमीटर पर 10 मई 2023 से 9 मई 2028 तक पांच वर्ष के लिए पट्टा स्वीकृत है, लेकिन पट्टाधारक ने ग्राम मोरा एहतमाली के गाटा संख्या 30 और ग्राम भटावली के गाटा संख्या 304 में 20144 घनमीटर साधारण बालू का अवैध खनन किया होता पाया गया। इसके चलते पट्टाधारक रणवीर सिंह निवासी इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी हरथला तहसील पर 76,97,520/- रुपये जुर्माना लगाते हुए नोटिस जारी किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि मंडलायुक्त के न्यायालय के द्वारा 10 दिसंबर 2025 को पारित आदेश के क्रम में गाटा के समस्त किसानों को साक्ष्य देने के लिए आदेश दिया गया है। 9 फरवरी को नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर पक्ष प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया गया था। जिलाधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त अवसर प्रदान करने के लिए तहसील स्तर से मुनादी कराते हुए गांव में सभा लगाकर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिया है कि 22 अप्रैल को शाम 4:00 बजे किसानों का पक्ष सुनकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# जर्जर और टूटी सड़कें दो सप्ताह में कराएं दुरुस्त

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस में मौजूद रहे जिला स्तरीय अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस में समस्याएं रखते किसान। ● अमृत विचार

● ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के कार्य के चलते सड़कों की समस्या किसानों ने बताई

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस आयोजित किया गया। इसमें उन्होंने अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों की समस्याएं व शिकायतें सुनकर उसे प्राथमिकता पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के कार्य के दौरान सड़कों को तोड़ने और काम पूरा होने के बाद रेस्टोरेशन न करने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कहा कि जर्जर सड़कों को ठीक कराने के लिए अधिकारियों की टीम गठित कर दी है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानकों का पालन करते हुए दो सप्ताह में इसे ठीक कराएं। किसानों ने बताया कि बिजली के प्रीपेड मीटरों के चलते उपभोक्ताओं को समस्या हो रही है इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन गंभीरता से कराएं। कई दिनों तक खराब ट्रांसफार्मर न बदले जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नाराजगी बताई।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुरूप पशुओं को मुंहपका और खुरपका बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिया कि गेहूं क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रिया के पालन सुनिश्चित हो। किसानों से उन्होंने फीडबैक भी लिया। डीएफओ ने जिले में तेंदुए के रेस्क्यू करने की जानकारी दी। बैठक में सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, उप निदेशक कृषि संतोष द्विवेदी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और किसान संगठनों के प्रतिनिधि व किसान मौजूद रहे।

### यात्रिक खराबी से बंद नलकूपों को एक सप्ताह में कराएं ठीक

**कांठ, अमृत विचार :** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक सिचाईं एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में मंगल कार्यालय के सभागार में किया गया। इसमें उपाध्यक्ष ने कार्यों की समीक्षा की। लंबित कार्यों पर उन्होंने नाराजगी जताई। साथ ही यांत्रिक दोष के चलते बंद नलकूपों को एक सप्ताह के अंदर ठीक कराकर सक्रिय करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में ट्यूबवेल संख्या 240 एजी की पाइपलाइन बिछाने में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। महमूदपुर रजवाहे को कोकरपुर से गांगन नदी तक जोड़ने की योजना पर चर्चा में कि इससे किसानों को सिंचाई में लाभ मिलेगा। मूंढापांडे कन्या महाविद्यालय के पुल निर्माण कार्य के लंबित होने पर उन्होंने अधिकारियों को जल्द पूरा कराने के लिए कहा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नहरों में सिल्ट सफाई, कटिंग एवं कुलाबों से संबंधित समस्या नहीं है। 10 राष्ट्रीय नलकूप यांत्रिक खराबी और 3 नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद पाने की जानकारी पर उपाध्यक्ष ने एक सप्ताह के भीतर ठीक कराने का निर्देश दिया। संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम खंड नीरज कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड आरपी सिंह, अम्बरीष कुमार अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, पूजा, श्रद्धा भट्ट, राकेश कुमार, मलखान सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान


अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाती ट्रैफिक पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर में जाम की समस्या से निपटने के लिए बुधवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटवाया और नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ी चेतावनी दी।

टीएसआई इंचार्ज रामकुमार सिंह तोमर ने पुराना बस स्टैंड पर दुकानदार, ठेले-खोमचे वाले और वाहन चालक लंबे समय से अतिक्रमण कर रहे थे। इन सभी को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि पुराना बसस्टैंड पर आए दिन ई रिक्शा, रोडवेज बस, फलों के ठेले आदि से जाम रहता हैं। यहां जाम लगने से पूरे शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने सभी दुकानदारों, ठेले वालों और वाहन चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे सड़क किनारे कोई अतिक्रमण न करें। दोबारा अतिक्रमण पाया जाता है, तो चालान के साथ-साथ बुलडोजर जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिना नक्शा स्वीकृत कराए अवैध निर्माण सील किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● प्राधिकरण की टीम ने दिल्ली व ताजपुर रोड पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** एमडीए के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देश पर बुधवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया। प्राधिकरण की कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में अफरा तफरी मच गई।

टीम ने दिल्ली रोड पर बर्गर किंग के पीछे हरेंद्र पाल सिंह के द्वारा लगभग 700 वर्ग मीटर क्षेत्र में चल रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया। वहीं ताजपुर रोड पर मोहम्मद शौकीन के द्वारा लगभग 200 वर्ग मीटर क्षेत्र में किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण और इसी रोड पर मोहम्मद फहीम और शाहरुख के द्वारा लगभग 450 वर्ग मीटर क्षेत्र में चल रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया गया। टीम ने बताया कि इन सभी स्थानों पर निर्माण कार्य बिना मानचित्र स्वीकृति एवं प्राधिकरण की अनुमति के बिना पाया गया। इसके चलते सील करने की कार्रवाई की गई। चेतावनी भी दी कि बिना मानचित्र स्वीकृति कराए व्यावसायिक या आवासीय निर्माण पूर्णतः अवैध एवं दंडनीय है। ऐसे मामलों में प्राधिकरण सीलिंग, ध्वस्तीकरण एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई जारी रखेगा। नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी निर्माण कार्य से पूर्व प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें।

## टेंपो की टक्कर से बाइक सवार समेत तीन घायल

**मैनाठेर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में बुधवार को डींगरपुर-पाकबड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आने से सड़क हादसा हो गया जिसमें बाइक सवार सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। डींगरपुर-पाकबड़ा रोड स्थित रसूलपुर के सामने तेज रफ्तार टेंपो ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार ग्राम जैतपुर पट्टी निवासी मोमिन पुत्र मंगा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टेंपो में सवार दो अन्य लोग भी घायल बताये न रहे हैं। बताया गया कि मोमिन पाकबड़ा क्षेत्र से दरी-चादर की फेरी कर अपने घर वापस लौट रहे थे तभी रास्ते मे हादसा हो गया। वहीं घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# आठ बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


गांव मस्तल्ली पुर कटारमल में गेहूं के खेत में दमकल विभाग की टीम आग बुझाते हुए।

● दमकल जब तक पहुंची तब तक किसानों का गेहूं जलकर पूरी तरह खत्म हो चुका था

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कटारमल मस्तल्लीपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक गेहूं खड़े खेतों में भीषण आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और किसानों की फसल को जलाकर राख कर दिया। दमकल विभाग की गाड़ी जब तक मौके पर पहुंची किसानों की फसल राख में तब्दील हो चुकी थी।

सबसे पहले किसान ब्रह्म सिंह की करीब 8 बीघा गेहूं की खड़ी फसल को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर जब तक दमकल विभाग की टीम पहुंची तब तक किस की गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। ग्रामीणों ने पानी, मिट्टी और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। उनकी तत्परता से कुछ हिस्से की फसल को बचा लिया गया, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की तीव्रता को देखते हुए बुझाने में काफी समय लगा। गनीमत यह रही कि समय रहते आग को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास के अन्य किसानों के खेतों को बचा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया प्रारंभिक अनुमान के अनुसार किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

**मैनाठेर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में किसानों में डॉ. हारुन और डॉ. कुतुबुद्दीन शामिल हैं, जिनकी मेहनत की पूरी फसल आग की भेंट चढ़ गई। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि तेज हवा के चलते आग तेजी से फैली। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करते हुए किसी तरह आग पर काबू पाया।

## कार का ऐसी न चलाने पर मारपीट चालक घायल

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र गांव कलाल खेड़ा में एक कार चालक संग मारपीट का मामला सामने आया है, जिसने पुलिस में आरोपियों के विरुद्ध शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।


घायल कार चालक।

बराई निवासी आरिफ पुत्र मुश्ताकीम कार चालक है। बुधवार को बुकिंग के तौर पर अपनी कार ग्राम कलाल खेड़ा से संभल के एक गांव में लेकर जा रहा था। पीड़ित के अनुसार कार में बैठे बरातियों ने कार का ऐसी चलाने का दबाव बनाया जिसपर कार चालक आरिफ ने इनकार कर दिया और कार को बिना ऐसी बुकिंग की बात कही। इसी बात को लेकर कार चालक और बरातियों के बीच कहासुनी हो गयी। आरोप है कि कार चालक के ऊपर किसीने बेल्ट से हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया।

# दावत में मारपीट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के रिश्तेदार घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● कोतवाली गेट पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट, 10 लोग हिरासत में

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर में एक दावत के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख एजाज अहमद के रिश्तेदार और गांव के ही दूसरे पक्ष में दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो पहले गाली-गलौज हुई, फिर जमकर कुर्सियां चलीं। मारपीट में एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट के दौरान दावत में भगदड़ मच गई।

घायल पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसी बीच देर रात दूसरा पक्ष कोतवाली गेट पर पहुंच गया और कोतवाली गेट पर जमकर दोनों फिर से लात घूसे चलने लगे। जिससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के कुल 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मारपीट के इस मामले में 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के रिश्तेदार शारूख सहित दो लोगों के चोंट आई है। दोनों घायल को मेडिकल करा दिया गया है। जांच की जा रही है। जांच के दौरान कोतवाली गेट और गांव में दावत के दौरान मारपीट करने वालों के खिलाफ खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## किसान पहचान पत्र के बिना नहीं तौले जाएंगे गेहूं

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में सभी गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बिना किसी किसान पहचान पत्र/फार्मर आईडी के गेहूं की खरीद नहीं की जाएगी। अपर जिलाधिकारी जिला खरीद अधिकारी संगीता गौतम ने यह निर्देश दिए हैं। क्षेत्र में जो भी किसान अपने गेहूं समर्थन मूल्य पर बिक्री करना चाहते हैं उन्हें किसान पहचान पत्र अवश्य ही दिखाना होगा। दस्तावेजों की जांच के उपरांत ही गेहूं खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता रखने के लिए शासन प्रशासन ने यह कदम उठाए हैं। तहसील के मंडी समिति प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के सख्त निर्देश हैं कि बिना किसान आईडी के गेहूं की खरीद नहीं की जाए। जिन किसानों ने पहले अपने पंजीकरण कराए थे वह निरस्त कर दिए गए हैं।

# मोहनपुर स्कूल में मेधावियों का सम्मान



मेधावी बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम मोहनपुर के स्काई लाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।स्कूल प्रबंधक शवाबुल हसन एडवोकेट ने कहा कि शिक्षा समाज के पूर्ण विकास का आधार है। महिला शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने इसे सभ्य समाज की आधारशिला बताया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में शानेरव, अनवी, साहिल, रिफा, आरिस, असना गुलाब, अलफिया नूर, वर्षा, माहेनूर व रोहित प्रमुख रहे। स्कूल टॉपर छात्रा वर्षा को शील्ड व मेडल भेंट किया गया।इस अवसर पर वादाम सिंह, नजाकत अली, बलवीर सिंह, विपिन कुमार, राजीव कुमार, हरज्ञान सिंह आदि रहे।

## प्राचीन कुओं के संरक्षण की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर निवासी अधिवक्ता मोहसिन ने बताया कि कदीर तिराहे से कोतवाली तक की सड़क राजस्व अभिलेखों में लगभग 18 मीटर चौड़ी दर्ज है, लेकिन वर्तमान में अतिक्रमण के कारण यह सड़क सिमटकर करीब 6 मीटर ही रह गई है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से दुकानें और मकान बनाकर सड़क पर कब्जा कर लिया गया है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्थित तीन प्राचीन सार्वजनिक कुएं भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। इनमें मस्जिद छिपयान के पास, लाला राकेश सर्राफ के निकट तथा छीडू चौराहे पर स्थित कुएं शामिल हैं। इनमें से एक कुएं को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। कहा कि ये कुएं सार्वजनिक संपत्ति होने के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहर एवं महत्वपूर्ण जल स्रोत भी हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र नौशाद व उसकी पत्नी श्रीमती फरहा गलत संगत में पड़ने के कारण मेरा व परिवार के अन्य सदस्यों का उत्पीड़न कर रहें हैं। इसलिए मैंने उनसे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। और उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मैं मेरे परिवार का कोई सदस्य व रिश्तेदार उनके किसी कृत्य के उत्तरदायी नहीं होंगे वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **तसलीमा पत्नी स्व. मौ. वसीम निवासी ग्राम धीमरी (आजाद नगर) तह. व जिला मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आयोजन | बाबा साहब के योगदान को किया याद, 23 गांवों से लाई गईं झांकियां

# बिलारी में धूमधाम से निकाली बाबा साहब डॉ आंबेडकर की शोभायात्रा

संवाददाता, बिलारी


बिलारी में आंबेडकर शोभायात्रा का फीता काटकर उद्घाटन करते पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के 135 वें जन्मदिन पर अखिल भारतीय अंबेडकर संघ द्वारा पारंपरिक शोभायात्रा बैंड बाजे और डीजे के साथ भव्यता के साथ निकाली गई। इस अवसर पर नगर पालिका द्वारा पूरे नगर में विशेष सफाई अभियान चलवा कर तीन रंग का चूना रेखांकित कराया गया।

सुसज्जित झांकियों से युक्त शोभा यात्रा का शुभारंभ बीज गोदाम के निकट जाटव बस्ती से पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव द्वारा फीता काटकर किया इस अवसर पर कमेटी ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। सबसे आगे पंचशील के ध्वज लेकर दो घुड़सवार विशेष परिधान में चल रहे थे। उनके पीछे बाबा साहब की कई प्रेरक झांकियां, भगवान बुद्ध, भारत माता, स्वतंत्रता संग्राम संबंधी झांकियां शामिल थीं। शोभा यात्रा यहां से चलकर रजा मस्जिद के आगे से रैली चौक नेहरू चौक से सर्राफा गांधी आश्रम नई सड़क से हाईवे पर गांधी मूर्ति चौराहा पहुंची वहां से बस अड्डा कोतवाली के आगे से महाराणा प्रताप चौक तहसील के सामने से अंबेडकर पार्क में लगे मेले में शामिल हो गई। शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक गांवों की झांकी शोभायात्रा में शामिल हुईं।

इनका रहा सहयोगः

शोभा यात्रा के संचालन में संघ के अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह, राम अवतार सिंह, डा कुंवर सिंह,डॉ चरन सिंह, रन सिंह भारती, मनवीर सिंह, बादाम सिंह सागर, शिव ओम सागर, लटूरी सिंह, राम खिलाड़ी, रोहतास कुमार, वीर सिंह गौतम, डा शिव नारायण सिंह, सरदार भानु प्रताप सिंह, ब्रह्मपाल सिंह बहादुर सिंह रामवीर सिंह फतेह सिंह लखपत सिंह फैसल रजा अंसारी सुभाष चंद्र, गौरव राजपूत, कुलदीप सिंह, प्रभांक सिंघम, विक्रम सिंह, जंग सिंह आजाद, जयवीर सिंह अंबेडकर, पुनीत प्रकाश एडवोकेट, मलखान सिंह, महेश कुमार,निहाल सिंह, ओम प्रकाश ठेकेदार आदि ने सहयोग किया। शोभा यात्रा का मार्ग में फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इधर गांधी चौराहे पर वाल्मीकि समाज की ओर से कमेटी के पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाई फूल बरसाए और जल का वितरण किया इसमें राजेंद्र सहदेव आजाद राव रत्नाकर गजराम सिंह, राजीव कुमार विकास रोहित मटरु, ऋतिक आजाद आदि शामिल रहे। सुरक्षा के लिए पुलिस का व्यापक प्रबंध रहा।

### कुंदरकी ब्लॉक सभागार में विधायक रामवीर सिंह ने किया बाबा साहब को नमन



कुंदरकी, अमृत विचार। ब्लॉक सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित जन सम्मेलन में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थितजनों ने उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विधायक ने कहा कि बाबा साहब संविधान निर्माता व समाज के मसीहा थे। उन्होंने दबे-कुचले वर्ग को समान अधिकार दिलाए। जाति-धर्म-लिंग आधारित भेदभाव समाप्त करने वाले उनके प्रयास आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने महिलाओं के उत्थान में बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डालते हुए पीएम मोदी द्वारा संसद-विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को उनके विचारों को साकार करने वाला कदम बताया। पूर्व सांसद वीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, मुन्ना सागर, सबीकांत जाटव, तेजपाल सागर, रविंद्र सिंह सहित, इरशाद पठान, ग्राम प्रधान ढकिया जुम्मा अब्दुल मलिक खान, इरफान पठान आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता को पीटा, पति समेत पांच पर रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली के गांव रूस्तमनगर निवासी नगमा की शादी कुछ वर्ष पूर्व निजाम के साथ मुस्लिम रीतिरिवाज से हुई थी। बुधवार को विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप है लगाया कि उसके पति निजाम, ससुर अमजद, सास परवीन जहां, ननद सानिया, रजा अली और देवर सैफ अली द्वारा दहेज में एक डिजायर कार, दो लाख रुपये, सोने की चेन और दो बीघा जमीन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। जब उसने अपने मायके वालों को बताया तो उन्होंने मांग पेरी करने असमर्थता जताई। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी और घर से निकाल दिया। विवाहिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### पुलिस ने फायरिंग के दो आरोपियों को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना गंज क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी पशु व्यापारी बिलासपुर बाजार जा रहा था। खंडिया चौराहे के पास पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उसे पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने पशु व्यापारी से जमकर मारपीट की थी। आरोपियों की फायरिंग से पशु व्यापारी किसी तरह बच गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। बुधवार को उप निरीक्षक संदीप कुमार ने दो आरोपी मुनीर और हमजा को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### पॉपुलर के खेत में मिला गजक विक्रेता का शव

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्र के गांव मुबारकपुर में एक खेत में एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतक की पहचान मौहल्ला कायस्थान में वार्ड नंबर पांच निवासी व गजक विक्रेता 50 वर्षीय श्रीपाल के रूप में हुई है। मृतक श्रीपाल के बेटे बबलू और प्रदीप ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। उन्होंने पुलिस को बताया कि श्रीपाल सुबह करीब पांच बजे चाय पीकर घर से बिना बताए निकल गए थे। बेटों ने जानकारी दी कि उनके पिता की तबीयत अक्सर खराब रहती थी और उन्हें दौरे भी पड़ते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# नारी सशक्तिकरण से देश का नवनिर्माण कर रही सरकार: आकाश

## नारी शक्ति वंदन के तहत आयोजित बाइक रैली को शहर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, महिलाओं ने किया शक्ति प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत आंबेडकर पार्क से बाइक-स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इसके अलावा भाजपा ने सभी तहसीलों में नारी वंदन के तहत बाइक रैली निकाली।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भाजपा की सरकार नारी का सशक्तिकरण कर, देश का नव-निर्माण कर रही है। ताकि, भविष्य के भारत की समृद्धि में नारी शक्ति भी सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर सके और गौरव की अनुभूति कर सके। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने जा रही है। इस कानून का उद्देश्य महिलाओं को राजनीति में अधिक अवसर प्रदान करना और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में भी एक-तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से न केवल महिलाओं की राजनीतिक उपस्थिति बढ़ेगी, बल्कि नीति निर्माण में भी महिलाओं से जुड़े मुद्दों को अधिक प्राथमिकता मिलेगी। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में बराबरी का अधिकार दिलाना है। उन्होंने बताया कि विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और सम्मान के क्षेत्र में सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही है और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, विवेक रूहेला, कुंवर बहादुर राजपूत, राजीव मांगलिक, पारूल अग्रवाल, मनु सक्सेना, प्रमोद आहूजा, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते शहर विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार



पत्रकारों से बात करतीं राज्य महिला आयोग सदस्य सुनीता सिंह सैनी। ● अमृत विचार



बाइक रैली में मौजूद महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

### महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम बताया

रामपुर, अमृत विचार : संत शिरोमणि दास गेस्ट हाउस बुधवार को "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें महिला आयोग उत्तर प्रदेश सदस्य सुनीता सिंह सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पारुल गुप्ता, नामित सभासद, नगर पालिका पूजा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष, श्री त्रिपुरेश्वरी मंदिर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह अधिनियम संसद एवं विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा। पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में हुए कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खाते खुले, मुद्रा योजना में लगभग 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं, 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी संख्या में घर महिलाओं के नाम किए गए हैं।

# ओपन नेशनल तीरंदाजी में पुलकित ने झटके 3 पदक



ओपन नेशनल तीरंदाजी में पदक विजेता रामपुर के पुलकित, दाएं से तीसरे नंबर पर।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हरियाणा के भिवानी में 11 व 12 अप्रैल को हुए ओपन नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में तहसील मिलक के ग्राम कपनेरी निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी पुलकित पटेल ने तीन पदक झटके।

इनमें 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। पुलकित के पिता कैलाश बाबू पटेल उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हैं, जबकि माता प्रीति पटेल उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर कुंदनपुर में शिक्षिका हैं। उन्होंने कम समय में कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। खेल प्रेमियों, शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वर्तमान में पुलकित मानसस्थली आवासीय विद्यालय बरेली में अध्ययनरत हैं। इससे पूर्व भी वह मेरठ में आयोजित प्रतियोगिता में रजत तथा मोहाली में कांस्य पदक जीत चुके हैं। पुलकित ने बताया कि उनका लक्ष्य देश के लिए ओलंपिक में पदक जीतना है।

# खाद्य विभाग की टीम ने पनीर व दूध के नमूने लिए

**रामपुर, अमृत विचार :** खाद्य विभाग की टीम ने बुधवार को शहर में छापेमारी अभियान चलाते हुए पनीर व दूध के दो सैंपल लिए। सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी रामपुर सुनील कुमार शर्मा के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। अखाड़ा सोराब खां स्थित आसियां मिल्क डेयरी के मन्नू हुसैन खां से पनीर का 1 नमूना लिया। जबकि ज्वालानगर निकट नूरी मस्जिद स्थित दूधिया इस्माइल से दूध का 1 नमूना लिया।

दो नमूने संग्रहित करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। टीम ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित होगा। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, देवकांति, अजरा बी मोहम्मद मौजूद रहे।

# रैली में महिलाओं ने दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश



मिलक में बाइक रैली में शामिल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



स्वार में रैली निकालते भाजपाई। ● अमृत विचार

सवाददाता, मिलक/स्वार

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद मिलक के तत्वावधान में 'महिला शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में बाइक रैली निकाली गई। महिलाओं की भागीदारी ने नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ नगर पालिका परिसर से हुआ, जो पटवाई रोड, बाल्मीकि बस्ती, रंगोली मंडप, नवादिया चौराहा और तीन बत्ती चौराहा होते हुए पुनः नगर पालिका परिषद पहुंचकर सम्पन्न हुई।

रैली के दौरान पूरे मार्ग में महिला सशक्तिकरण के समर्थन में नारे गूंजते रहे और आमजन को इस अधिनियम के प्रति जागरूक किया गया। मिलक की विधायक राजबाला सिंह ने कहा कि महिला शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने कहा कि इस तरह के जनजागरण कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, हेमा रानी, दीपा, नामित सभासद अलका सक्सेना, पूजा पाल, चंद्रभान मित्तल, बसंत कुमार एडवोकेट सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं स्वार में रैली का शुभारंभ रामलीला मैदान से हुआ। मुख्यातिथि डोली रंधावा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज की नारी आत्मनिर्भर और सशक्त है तथा केंद्र सरकार के फैसलों ने महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। रैली में जिला मंत्री पंकज सैनी, अमृता रंधावा, हेमलता मौर्य, जयवर्धन मौर्य, रिशु वाला, सुनीता, पूनम मौर्या, कमला आर्य, संजू, रिंकू सैनी, अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, सूरज वाल्मीकि, नोबतराम सैनी और दिलीप अरोड़ा सहित भाजपाई मौजूद रहे।

# किसान दिवस में सुनीं समस्याएं फार्मर रजिस्ट्री कराने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया। बैठक में किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की।

मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों को बताया कि सभी किसान अपनी फैमिली आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवा लें। उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह ने कि 15 मई 2026 से बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसान उर्वरक क्रय नहीं कर सकेंगे। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा किसानों से कहा कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय करें। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक गणेश गुप्ता ने कहा कि जिले के सभी गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं की तौल प्रारंभ हो चुकी है। किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं खतौनी के साथ क्रय केंद्रों पर जाकर अपनी उपज विक्रय कर सकते हैं। भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने बताया कि गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाना उपलब्ध नहीं है, जिससे किसानों को असुविधा हो रही है। साथ ही यह भी बताया गया कि कई स्थानों पर किसानों का गेहूं खुले में रखा हुआ है तथा जनपद में निराश्रित गौवंश की समस्या के कारण फसलों को नुकसान पहुंच रहा है।



विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में मौजूद अधिकारी व किसान।

# नवाब काजिम अली खां के पक्ष में हाईकोर्ट का फैसला

● आजम और अब्दुल्ला की सजा बढ़ाने की अपील का मामला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने पैन कार्ड और पासपोर्ट मामले में सजा बढ़ाने की अपील पर सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है।

अदालत ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया है कि इस मामले में शिकायतकर्ता पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को भी सुना जाए। मामले में राज्य सरकार ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को बढ़ाने के लिए अपील दाखिल की है। इसी अपील में शिकायतकर्ता नवेद मियां ने भी पक्षकार बनाने की मांग की थी। ट्रायल कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। नवेद मियां इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आजम खान और अब्दुल्ला आजम के वकीलों ने नवाब काजिम अली की याचिका पर सवाल उठाते हुए उसे खारिज करने की मांग की। उन्होंने दलील दी कि शिकायतकर्ता को इस अपील में पक्षकार बनाए जाने का कोई औचित्य नहीं है, लेकिन हाईकोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया और नवाब काज़िम अली खां की ओर से अधिवक्ता विजय विक्रम सिंह की दलीलें सुनकर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता को भी अपना पक्ष रखने का अधिकार है।

## न्यूज डायरी



### कांग्रेसियों ने महफूज खां के परिजनों को बंधाया ढांढस

**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह-प्रभारी प्रदीप नरवाल ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मरहूम महफूज उर रहमान खां के आवास पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने शोक संतृप्त परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और मरहूम के योगदान को याद किया। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि महफूज उर रहमान खां ने हमेशा दबे-कुचले और आम आदमी की आवाज को बुलंद किया। राष्ट्रीय सचिव ने आरोप लगाया कि भाजपा बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नफरत की राजनीति कर रही है। इस मौके पर पूर्व विधायक अफरोज अली खां, मुरादाबाद जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर, गन्ना विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबर अली खां, रामपुर जिला कॉर्डिनेटर हाजी सगीर सईद खां, मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष जुनैद कुरैशी, शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, रामपुर के पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां एडवोकेट, युवा कांग्रेस प्रदेश मनी कपूर आदि रहे।



### रामपुर में 18 अप्रैल को होगा ऑल इंडिया मुशायरा

**रामपुर, अमृत विचार :** तालीम तरबियत वेलफेयर सोसायटी के बरेली गेट स्थित जिला कार्यालय पर बुधवार को प्रेसवार्ता हुई। जिसमें सोसायटी की मरहूम अजीम शायर ताहिर फराज की याद में 18 अप्रैल को किले के मैदान में होने वाले ऑल इंडिया मुशायरे की जानाकारी दी गई। सोसायटी के प्रबंधक एवं मुशायरे के आयोजक फैसल खां लाला और कन्वीनर तारिफ नियाजी ने बताया कि यह मुशायरा अदब-ओ-अदबीयत के शौकीनों के लिए एक खास आयोजन होगा। कार्यक्रम का मकसद मरहूम ताहिर फराज की अदबी खिदमात को याद करना है। मुशायरे में मशहूर शायर इस शिरकत करेंगे। फैसल लाला ने मुशायरा अदब, तहजीब, मोहब्बत और अमनपसंदीगी का बेहतरीन पैगाम देगा। इस मौके मुशायरा कमेटी के सदस्य शकील गौस, तारिफ नियाजी, नईम नजमी, जिया इनायती, माजिद खां, सभासद यासीन उर्फ गुड्डू, रय्यान अली खां आदि रहे।



### बाबा साहब की शोभायात्रा निकाली

**ढकिया, अमृत विचार :** कस्बे में मंगलवार की शाम डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में अंबेडकर युवक संघ के तत्वाधान में बैंड बाजों के साथ धूमधाम से बाबा साहब की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह जगह फूल वर्षा कर जोरदार स्वागत हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ बौद्ध बिहार प्रांगण में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सागर ने फीता काटकर किया। डॉ. संजय सागर, बाबू सिंह, डा. पंकज कुमार, डा. राहुल कुमार, अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष ब्रहम सिंह, विजय सिंह, रंजीत सिंह, रामप्रकाश सागर, लोकपाल सिंह, राजीव, रोहित सागर, पप्पू सागर, धर्मवीर सागर, श्योराज सिंह, शेर सिंह, सत्यवीर सागर, सुरेशचंद गौतम, वीरपाल सिंह, ऊषा सागर, डॉ. जसवंत सिंह, पुवेंद्र, रिंकू, राजेश सागर, नरेश सागर, हरीश सागर, जयदेव सिंह, श्यामबाबू आदि मौजूद रहे।



### टांडा में नारी सशक्तिकरण को लेकर रैली निकाली

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा नगर पालिका क्षेत्र में नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में मातृशक्ति द्वारा बाइक रैली निकाली गई। रैली शुभारंभ मुख्यातिथि जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने किया। रैली के मुख्यातिथि जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने कहा नारी सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और अधिकारों की स्थापना का मजबूत आधार है। बाइक रैली में मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, योगेश सैनी, विजेंद्र सैनी, अश्वनी वर्मा, समर सिंह चौहान, नवदीप चौधरी, एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# हाईवे के चौड़ीकरण को लेकर राजस्व कर्मियों ने की पैमाइश

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में हाईवे चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इस परियोजना की जद में तीन धर्मस्थलों समेत कई दुकानें और अन्य पक्के निर्माण आ रहे हैं।

बुधवार को उपजिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद लोक निर्माण विभाग की टीम ने सड़क के दोनों ओर लाल निशान लगाकर चिन्हीकरण की कार्रवाई की। लगभग सात किमी. लंबे इस हाईवे के चौड़ीकरण के लिए कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने शासन से करोड़ों रुपये का प्रस्ताव स्वीकृत कराया था। लोक निर्माण विभाग ने अब इस पर काम शुरू कर दिया है। नगर के केमरी तिराहे, मुख्य चौराहे और अहरो तिराहे जैसे सघन क्षेत्रों में सड़क संकरी है। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार अंकुर अंतल के नेतृत्व में टीम ने चिन्हीकरण की कार्रवाई शुरू की। टीम में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजीव गंगवार, अवर अभियंता वीर बहादुर, मनोज कुमार और अकील अहमद शामिल थे। इनके साथ कानूनगो प्रेमलाल, लेखपाल यशपाल चौधरी, रिजवान अली आदि मौजूद रहे। नायब तहसीलदार ने बताया कि सड़क के केंद्र बिंदु से दोनों ओर 7-7 मीटर की दूरी पर निशान लगाए जा रहे हैं। उपजिलाधिकारी बताया कि चिन्हीकरण के बाद आगे की कार्रवाई पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

# भाकियू अंबावता ने की किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को ग्राम थूनापुर में भाकियू अंबावता की पंचायत हुई। इसमें किसानों ने पंचायत में गेहूं क्रय केंद्रों पर बार दाने की कमी, खराब फसलों का मुआवजा आवारा पशुओं को गौशाला में भेजना, किसानों का कर्ज माफी जैसे मुद्दे उठाए गए।

प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि आवारा पशुओं की वजह से अब तक बहुत सारे इंसानों की मौत हो चुकी है। केंद्र सरकार उद्योगपतियों के तो लोन माफ कर रही है, लेकिन किसान मजदूर के कर्ज माफ नहीं हो रहे हैं। पंचायत की अध्यक्षता हाजी नजाकत अली ने की, संचालन हाजी बब्बू ने किया। इस दौरान मोहम्मद यासीन, शमशाद हुसैन, इरफान वारसी, महेंद्र सागर, मुकेश श्रीवास्तव, मुबारक हसन, बिलाल, शहादत अली, जाकिर अली वारसी, इलियास अहमद, हाफिज फरमान वारसी, सलीम अहमद, जुल्फिकार अहमद, शिवानी अली, इस्तकार अहमद, मेराज अहमद, रफीक अहमद, शफीक अहमद, खलील अहमद सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



भाकियू अंबावता से जुड़े किसान पंचायत करते हुए। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### पत्नी व बच्चे के हत्यारोपी की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की

रामपुर, अमृत विचार : मिलक निवासी सिपाही पत्नी लता और अपने तीन साल के बेटे के हत्यारोपी दान सिंह यादव की प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। मिलक क्षेत्र के असदुल्लापुर गांव निवासी समाजसेवी आदेश कुमार शंखधार ने बताया कि थाना मिलक क्षेत्र के करींगा गांव निवासी एक गरीब व्यक्ति कृष्ण पाल की करीब चार बीघा से अधिक कृषि भूमि है। भूमि का बैनामा दान सिंह यादव निवासी ग्राम बेहटरा द्वारा तत्कालीन उप निबंधक से मिलीभगत करके 13 अक्तूबर 2022 को अपने नाम करा लिया गया। मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन दान सिंह यादव का नाम मुकदमे से निकल गया। उन्होंने मामले में मुकदमे की जांच की मांग की है और वास्तविक आरोपी का नाम केस में सम्मिलित करने की मांग की है।

### छेड़छाड़ मामले में नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

स्वार, अमृत विचार : खेत पर कब्जे के विवाद को लेकर दबंगों द्वारा मारपीट और युवती से छेड़छाड़ का आरोप है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह आरोपियों को नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के एक गांव निवासी युवती पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पिता की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। वह अपने पिता की मृत्यु के बाद खेतों की देख रेख करती है। दो दिन पूर्व वह अपनी बहन के साथ खेत पर गेहूं की फसल की देखने के लिए गई थी।

# रामपुर सुपर लीग की ट्रॉफी पर रामपुर ग्लेडिएटर्स का कब्जा

## एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी मुनिराज जी व एसपी रामपुर रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


मैच देखते कृषि राज्यमंत्री, यूपीसीए डायरेक्टर, डीआईजी मुरादाबाद, एसपी रामपुर।


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

अमृत विचार : रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बमनपुरी स्थित शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित रामपुर क्रिकेट सुपर लीग टी-25 का बुधवार को फाइनल मैच के साथ समापन हो गया। रामपुर स्ट्राइकर और ग्लेडिएटर्स के बीच खिताबी भिड़ंत हुई। जिसमें रामपुर ग्लेडिएटर्स ने 7 विकेट से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

मुख्यातिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व डीजीपी उप्र एवं उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर डॉ. डीएस चौहान, पूर्व क्रिकेटर एवं रणजी टीम सलेक्टर प्रवीण कुमार, एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी व एसपी रामपुर सोमेंद्र मीना ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। यूपीसीए से मान्यता प्राप्त क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रामपुर स्ट्राइकर टीम 24 ओवर में 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें मोहम्मद फैज ने 32 रन, सुहेल खान ने 21 रन बनाए। रामपुर ग्लेडिएटर्स के सफल गेंदबाज शांतनु ने 5 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट झटके। स्कोर का पीछा करने उतरी रामपुर ग्लेडिएटर्स की टीम ने 17 ओवर में 3 विकेट खोकर 115 बनाकर टूर्नामेंट का फाइनल ट्रॉफी जीत ली। जिसमें शांतनु ने 30 रन बनाए और आरुष गुप्ता ने 28 रन बनाए। रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन शांतनु को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी सौंपी। मैन ऑफ द सीरीज भी शांतनु रहे और उन्हें 5100 रुपये का नगद पुरस्कार मिला। बेस्ट बॉलर मोहम्मद नबील को 2500 रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। बेस्ट बल्लेबाज मोहसिन खां को 2500 रुपये का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी गई। विजेता टीम रामपुर ग्लेडिएटर्स को अतिथियों ने विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 1.5 लाख रुपये का चेक सौंपा। उप विजेता टीम रामपुर स्ट्राइकर्स को ट्रॉफी और 75 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान रामपुर क्रिकेट संगठन के सचिव बसंत सिंह बघेल, अध्यक्ष रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन, क्रिकेट कोच आलम खान, नितिन कुमार, मोहम्मद अली, मेहंदी हसन अध्यक्ष कुंदरकी नगर पालिका, कासिम अली क्रिकेट कोच गाजियाबाद समेत काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

### यूपी में रणजी की जल्द चार टीमें होंगी

उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर डॉ. डीएस चौहान ने कहा कि जल्द ही उप्र में रणजी की चार टीमें खेलती नजर आएंगी। इसके लिए न्यायालय के आदेश पर प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यूपी में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। इसके लिए प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को नौकरी दे रही है। इसमें रिंकू सिंह को खेल अधिकारी बनाया गया, जबकि कई खिलाड़ियों को डीएसपी नियुक्त किया गया है। जबकि सम्मानित राशि भी बढ़ाई गई है। अब यूपी में खिलाड़ी देश का मान बढ़ाए सरकार आपको रोजगार देगी।


1 श्री सिंह- सेंट मेरी स्कूल रामपुर- 98 .80%


2 शौर्य चौहान- डीएमए, रामपुर 98 .60%


2 परी गोयल- व्हाइट हॉल स्कूल रामपुर 98 .60%


3 अंवित ग्रेवाल डीएमए, रामपुर 98 .20%


4 शिखर राठौर डीएमए, रामपुर 98%



4 आशी वर्मा व्हाइट हॉल स्कूल, रामपुर 98%


5 गुरशरण औलख सर्व संस्कृति स्कूल, बिलासपुर 97 .8%


5 रिदान अली जीडी गोयंका स्कूल, बिलासपुर 97 .8%


6 तहरीम बी ग्रीनवुड स्कूल, रामपुर 97 .6%


7 आयुष विकल डीएमए, रामपुर 97 .40%


8 माही अग्रवाल सेंट मेरी स्कूल रामपुर 97 .20%


8 रोशनी तिवारी सेंट पाल्स स्कूल, रामपुर 97 .2 %


8 आदित्य सिंह व्हाइट हॉल स्कूल, रामपुर 97 .2 %


9 खुशी चौरसिया डीएमए, रामपुर 97%


9 रुद्रांश रस्तोगी ग्रीनवुड स्कूल, रामपुर 97 %


9 जगवीर सिंह जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल बिलासपुर 97%


10 अब्दुल मतीन खान ग्रीनवुड स्कूल, रामपुर 96 .8 %


10 सक्षम सिंह व्हाइट हॉल स्कूल, रामपुर 96 .8%


व्हाइटहॉल स्कूल में परिणाम के दौरान खुशी जताते छात्र व स्कूल स्टॉफ।


10 सृष्टि अग्रवाल सेंट पाल्स स्कूल, रामपुर 96 .8 %


10 अंशुमन प्रभा सेंट पाल्स स्कूल, रामपुर 96 .8%


10- पाखी- दयावती मोदी एकेडमी- 96 .80%


10- तनिष्का- दयावती मोदी एकेडमी- 96 .80%

# सेंट मेरी कान्वेंट की श्री सिंह 98.80 प्रतिशत अंक पाकर बनीं जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


सेंट मेरी स्कूल में जिले की टॉपर श्री सिंह को मिठाई खिलातीं शिक्षक।


माता पिता के साथ जिले में तीसरे स्थान पर रहे अंवित ग्रेवाल।


दयावती मोदी एकेडमी के छात्र को टॉप टेन में दूसरे स्थान मिठाई खिलाते माता-पिता।

अमृत विचार: सीबीएसई 10वीं का परिणाम बुधवार की शाम को घोषित हो गया। हाईस्कूल में सेंट मेरी की छात्रा श्री सिंह 98.80 अंक पाकर जिला टॉपर बनीं हैं। जबकि दयावती मोदी एकेडमी के शौर्य चौहान और व्हाइट हॉल की परी गोयल 98.60 अंक पाकर दूसरे स्थान पर हैं। डीएमए की ही अंवित ग्रेवाल 98.20 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर हैं। 10वीं का रिजल्ट घोषित होने पर छात्र-छात्राओं ने मोबाइल और कंप्यूटर पर रिजल्ट देखा। रिजल्ट देखकर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे।

सीबीएसई का रिजल्ट आने के बाद छात्र-छात्राएं रिजल्ट देखकर खुशी से झूम उठे। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने स्कूलों का रुख किया और स्कूल पहुंचकर अपने गुरुजनों को मिठाई खिलाई। इसके अलावा सभी पास होने वालों के घरों पर देर रात तक मिठाई खाने-खिलाने का सिलसिला चलता रहा। सीबीएसई देहरादून जोन द्वारा 10वीं के टॉप टेन की सूची जारी नहीं की। स्कूलों ने अपने टॉपरों के नाम और फोटो जारी कर दिए। सीबीएसई के 10वीं की परीक्षा में डीएमए की शिखर राठौर और व्हाइट हॉल स्कूल की आशाी वर्मा 98 प्रतिशत अंक लाकर चौथे पायदान पर रहे। सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर के गुरशरण औलख और जीडी गोयंका स्कूल बिलासपुर के रिदान अली 97.8, प्रतिशत अंक लाकर पांचवें स्थान पर रहे। ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की तहरीम बी 97.60 प्रतिशत अंक लाकर छठे स्थान पर रहीं। डीएमए के आयुष विकल 97.40 प्रतिशत अंक लाकर सातवें स्थान पर रहे। सेंट पॉल्स स्कूल की रोशनी तिवारी, सेंट मेरी स्कूल की माही अग्रवाल और व्हाइट हॉल के आदित्य सिंह 97.20 प्रतिशत अंक लाकर आठवें स्थान पर रहे। ग्रीनवुड सीनियर स्कूल के रुद्रांश रस्तोगी और जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल बिलासपुर के जगवीर सिंह नवें स्थान पर रहे। ग्रीनवुड सीनियर सेकंडरी स्कूल के अब्दुल मतीन खां, व्हाइट हॉल स्कूल के सक्षम सिंह, सेंट पॉल्स स्कूल की सृष्टि अग्रवाल, अंशुमन प्रभा, दयावती मोदी एकेडमी की पाखी और तनिष्का ने 96.80 प्रतिशत अंक लाकर 10वें स्थान प्राप्त किया है। देर रात तक परिजनों के फोन घनघनाते रहे और लोग उन्हें बच्चों के पास होने पर बधाई देते रहे।

> सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट बोर्ड ने बुधवार की शाम को जारी कर दिया। 10वीं का रिजल्ट अच्छा रहा है अब सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट घोषित करेगा। **- नीरज तिवारी**, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई

### डीएमए के 56 छात्र-छात्राओं के 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक



दयावती मोदी अकादमी के सीबीएसई 10वीं के परिणाम में 90 प्रतिशत से अंक पाने वाले छात्रों की भरमार रही। इनमें कुल 56 बच्चे शामिल रहे। जबकि परिणाम शतप्रतिशत रहा। इनमें शौर्य चौहान के 98 .6, अन्वित ग्रेवाल के 98 .2, शिखर राठौर के 98, आयुष विकल के 97 .4, खुशी चौरसिया के 97, पाखी भारद्वाज के 96 .8, तनिष्का गुप्ता के 96 .8 ने जिले में टॉप-10 में जगह पक्की की है। वहीं निष्ठा कुमारी ने 96 .6, रानेंद्र कुमार के 96 .6, मोहम्मद फैज के 96 .4, ध्रुव राजपूत के 96 .2, रक्षित जोशी के 96 .2, सिया श्रीवास्तव के 96, देवांक सिंह 95 .8, अनंत कुमार सिंह के 95 .8, रितोबन सेन गुप्ता के 95 .6, जानवी के 95 .6, सार्थक गुप्ता के 95 .4, सारा अहमद के 95 .2, व्योम अग्रवाल के 95 .2, मोक्ष उपाध्याय के 95 .2, पल्लवी राजपूत के 95 .2, अक्षत कुमार के 95 सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक हासिल किये हैं। वहीं दयावती मोदी अकादमी के कई बच्चों के सौ में से सौ अंक हासिल किये हैं। सौ नम्बर पाकर इन बच्चों के चेहरे खिल गए। इनमें अंग्रेजी में शौर्य चौहान, अनवित ग्रेवाल, शिखर राठौर, खुशी चौरसिया, निष्ठा कुमारी, ध्रुव राजपूत, साची सेठी, फलक मेंहदीरत्ता, अंशिका सिंह, अनाबिया आतिफ, हिन्दी में शौर्य चौहान, खुशी चौरसिया, पाखी भारद्वाज, मौहम्मद फैज, जानवी, गणित में अनवित ग्रेवाल ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### ग्रीनवुड के तीन छात्र टॉप-10 में रहे

ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इनमें तीन छात्र टॉप-10 में शामिल रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने बताया कि इस वर्ष कक्षा दसवीं में कुल 274 बच्चों ने परीक्षा दी थी और विद्यालय का परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। तहरीम बी ने 97 .6 प्रतिशत अंकों के साथ विधालय में कक्षा दसवीं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि जिले में छठा स्थान प्राप्त किया है। वहीं रुद्रांश रस्तोगी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और जिले में नवां स्थान हासिल किया है। वहीं अब्दुल मतीन खान ने 96 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त और जिले में दसवां स्थान हाासिल किया है।

### हाईस्कूल परिणाम में व्हाइट हॉल के छात्रों का दिखा जलवा



रामपुर, अमृत विचार : सीबीएसई हाईस्कूल परिणाम में व्हाइटहॉल स्कूल के छात्र और छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है। कक्षा-10 की छात्रा परी गोयल ने 98 .6 प्रतिशत से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और जिले की द्वितीय टॉपर रही। वहीं आशी वर्मा ने 98 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में द्वितीय और जिले में चौथा नंबर हासिल किया है। वहीं आदित्य सिंह ने 97 .2 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में तीसरा और जिले में आठवां स्थान हासिल किया है। सक्षम सिंह ने 96 .8 के साथ जिले में दसवां स्थान हासिल किया है। वहीं राग्या अग्रवाल 96 .4, महब परवेज 96 .2 प्रतिशत, दिव्यांशी जैन 95 .2, आदित्य यादव 94 .8, जैना खान 94 .6, अर्नव जायसवाल 94 .4, अवनी श्रीवास्तव 94 .2, रवनीत सिंह 94, अरीब असरार 93 .6, उज्ज्वल प्रकाश 93 .6, तोषानी सिंघल 92 .8, वेदांत पांडे 92 .6, कनिका शेखर आज़ाद 92 .2, रोशन फिरोज़ 92 .2, मोहम्मद इज़ान 91 .8, संस्कृति अग्रवाल 91 .6, तारुषि अग्रवाल 91 .4, अमन यादव 91, हसनैन हरीश 90 .6, शिवम सिंह 90 .4, मुनीब 90 .2, युवराज जोगेश 90 अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की। व्हाइटहॉल पब्लिक स्कूल की कक्षा 10 के परिणामों में व्हाइटहॉल परिवार ने सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

विद्याफलम् परोपकाराय

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty · NAAC

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| | **ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL** | | |
| 01 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS | 3 Year |
| 02 | M.Sc. Medical Biochemistry | MBBS | 3 Year |
| 03 | M.Sc. Medical Microbiology | MBBS | 3 Year |
| 04 | M.Sc. Pharmacology | MBBS | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Physiology | MBBS | 3 Year |
| 06 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 07 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 08 | Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| | **INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES** | | |
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| | **BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY** | | |
| 11 | B. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 12 | D. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 13 | M. Pharm (Pharmaceutical Chem) | B. Pharm | 2 Year |
| 14 | M. Pharm (Pharmaceutics) | B. Pharm | 2 Year |
| 15 | M. Pharm (Pharmacology) | B. Pharm | 2 Year |
| 16 | M. Pharm (Pharmacognosy) | B. Pharm | 2 Year |
| 17 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 18 | Bachelor of Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCM/PCB) | 2 Year |
| | **FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)** | | |
| 20 | Bachelor of Physiotherapy | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 21 | Bachelor Operation Theater Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 22 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 23 | B.Sc. in Optometry | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 24 | B.Sc. in Radiological Imaging Techniques | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 25 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 26 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 27 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 28 | Diploma in Medical Lab Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 29 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 30 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 31 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 32 | Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 33 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 34 | Certification in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| | **ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING** | | |
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitoner in Critical Care Post Graduate Residency Program (NPCC) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursinng* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursinng* | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |
| | **BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM** | | |
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |
| | **FACULTY OF FORENSIC SCIENCES** | | |
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | Graduation in Sci. | 2 Year |
| | **FACULTY OF FINE ARTS** | | |
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 2 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

**Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)**

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**

**न्यूज ब्रीफ**

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मछरई में बुधवार को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नौगावां विधानसभा उपाध्यक्ष जुबेर अहमद खान के सौजन्य से लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में आएं चिकित्सको की टीम ने मरीजों के ब्लड प्रेशर ,बीपी, शुगर और अन्य सामान्य बीमारियों की निशुल्क जांच की। जांच के उपरांत मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर जुबेर अहमद खान,मोहम्मद जमीर अहमद खान, मोहम्मद जहूर खान, नवाजिश खान, शाबान खान और गुड्डू खान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी पर विवाद

**बिजनौर , अमृत विचार :**बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के बिरामपुर गांव में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब पहले से शादीशुदा युवक अपनी दूसरी पत्नी को लेने पहुंचा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। रुड़की निवासी फिरोज अपनी दूसरी पत्नी को अपने घर ले जाने के लिए बिरामपुर आया था। इसी दौरान उसकी पहली पत्नी को इसकी जानकारी मिल गई और वह मौके पर पहुंच गई। उसके पहुंचते ही दोनों पक्षों में विवाद हो गया और हंगामा शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौका पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ की जा रही है।

### प्रदेश में संगठन को मजबूत करना ही प्राथमिकता

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के बाईपास मार्ग स्थित सपा नेता बदर कुरैशी के आवास पर पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और संगठन विस्तार को लेकर अपनी रणनीति साझा की। उन्होंने कहा नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना ही लक्ष्य है। इस दौरान बदर कुरैशी सहित यूसुफ कुरैशी, रविशंकर शर्मा, चंद्रपाल सैनी, नवल जाटव, शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताब और अंशु त्यागी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अभी से जुट जाए।

# स्मार्ट मीटर को लेकर सड़कों पर उतरीं महिलाएं, लगाया जाम

## बिजली के स्मार्ट मीटर न लगाने की मांग, बिल से परेशान उपभोक्ताओं ने जमकर की नारेबाजी, एसडीओ से हुई नोकझोंक

- **हाथों में तख्तियां लेकर किया प्रदर्शन, बिजली विभाग के अधिकारियों से हुई नोकझोंक**

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर में बड़ी संख्या में महिलाएं सड़क पर उतर आईं और स्मार्ट मीटर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग अत्यधिक आ रही है, जिससे उन्हें भारी-भरकम बिजली बिल चुकाने पड़ रहे हैं। उनका कहना है कि पहले की तुलना में अब बिल कई गुना बढ़ गए हैं, जिससे घर का बजट बिगड़ गया है।

महिलाओं ने महंगाई का हवाला देते हुए कहा कि पहले से ही घरेलू खर्च बढ़े हुए हैं, ऐसे में स्मार्ट मीटर की वजह से अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। गुस्साई महिलाओं ने गजरौला मार्ग पर लगभग आधे घंटे तक जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। जाम के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। ऐसे में भीषण गर्मी में राहगीरों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगी। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर यातायात बहाल करा दिया है। प्रदर्शन करने वालों में रिंकी, गेंदा, प्रीति, कमलेश, सरोज, सरिता, रीना, माया, राधा, उषा, कविता, रानी, विमला, मंजू, उर्मिला, आशा आदि महिलाएं मौजूद रही। इस दौरान एसडीओ से महिलाओं की तीखी नोकझोंक भी हुई।



विद्युत विभाग के खिलाफ हांथों में नारे लिखी तख्ती लेकर जुलूस निकालती महिलाएं। • अमृत विचार



जाम में फंसे वाहन। • अमृत विचार



महिलाओं को समझाते हुए एसडीओ विद्युत। • अमृत विचार

### पुलिस के समझाने पर मानीं महिलाएं

जाम की जानकारी मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिलाओं को समझाया तब महिलाएं मानी। महिलाओं ने बताया कि स्मार्ट बिजली मीटर सरकार ने कंपनियों को लाभ देने के लिए लगाने का निर्देश दिया है। इससे गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को दिक्कत होती है। सभी ने कहा कि यदि इस ओर ध्यान न दिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### कंपनी को लाभ पहुंचाने को सरकार लगवा रही स्मार्ट मीटर

**अमरोहा, अमृत विचार :** अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन ( शंकर ) के कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर योजना किसी विशेष कंपनी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लागू की जा रही है, जिसे संगठन किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। बुधवार को धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी धर्मवीर सिंह ने की, जबकि संचालन कैप्टन वीर सिंह चौहान ने किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना किसी विशेष कंपनी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लागू की जा रही है, जिसे संगठन किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और क्रमिक अनशन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में बबीता रानी, मंजू चौधरी, रश्मि यादव, अर्चना यादव, चौधरी नेमपाल सिंह, राकेश रतनपुर, विक्रम पवार, रामपाल, नरेश खारी, जयवीर सिंह, आफताब, नईम खान, बलबीर सिंह आदि लोग रहे।

### स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में महिलाओं ने जताया रोष

**बिजनौर अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर व्यवस्था के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। बुधवार को दर्जनों महिला-पुरुष ने प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वर्तमान प्रीपेड प्रणाली को समाप्त कर पूर्व की पोस्टपेड व्यवस्था पुन: लागू करने की मांग की। आरोप है कि कई मामलों में 500 रुपये या उससे कम बैलेंस होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति काट दी जाती है। इससे लोगों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की देखभाल और दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि लगातार अग्रिम भुगतान की बाध्यता गरीब परिवारों के लिए असहनीय बोझ बन गई है। कई परिवार दो वक्त की रोटी जुटाने में संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में बिजली के लिए पहले भुगतान करना उनके साथ अन्याय है। ज्ञापन देने वालों में शमीम चौपाल, शाहबाज आसिफ, सलीम, राम सिंह, कमर जहां, मीनाक्षी पड़ जाना, परवीन, मनीषा, नूरजहां, रजनी, नसरीन, शबनम आदि लोग मौजूद रहे।

# दिशा की बैठक में सांसद तंवर ने दिखाए तेवर

- **अवैध खनन व जाम पर मांगी कार्ययोजना**

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक सांसद कंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में योगदान देने के निर्देश दिए गए।

बुधवार को आयोजित बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव और मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र ने सांसद सहित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए एनएचएआई अधिकारियों को हाइवे किनारे बने अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को राशन वितरण नियमानुसार कराने, गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा एआरटीओ को बिना परमिट व अवैध वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिए। सांसद ने अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन, फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह ने स्मार्ट मीटर की समस्या उठाई, जिस पर सांसद ने जिलाधिकारी को उच्च स्तर पर वार्ता कर दिशा-निर्देश लेने को कहा। सदस्य विधान परिषद सत्यपाल सिंह सैनी ने सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता और अवैध खनन पर कार्रवाई का मुद्दा उठाया। नगर पालिका अमरोहा की अध्यक्षा शशि जैन ने निजी स्कूलों की फीस, ड्रेस और आरटीई पोर्टल से जुड़ी समस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी निर्देशों का गंभीरता से अनुपालन कराया जाएगा। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, परियोजना निदेशक डीआरडीए अंबरीश कुमार समेत अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



बैठक में सांसद कंवर सिंह तंवर, डीएम निधि गुप्ता, एसपी लखन सिंह व अन्य।

# दिल्ली हाईवे पर खड़े छोटे हाथी में पीछे से टकराई कार, दोनों वाहनों के चालक घायल

संवाददाता चौधरपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली नेशनल हाईवे पर खड़े छोटा हाथी में पीछे से कार चालक ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसमें कार चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है मुरादाबाद के नागफनी थाना क्षेत्र निवासी उनेब कोकोकोला कंपनी में एरिया मैनेजर है वह बुधवार को कार से अमरोहा जा रहे थे दोपहर के समय वह डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर में ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचे तभी वहां खड़े छोटा हाथी में कार की टक्कर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि छोटा हाथी सड़क पर पलट गया और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हादसे के बाद हाईवे पर जाम स्थिति उत्पन्न हो गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर लोग ओवर ब्रिज पर पहुंचे और दोनों वाहन चालकों को बाहर निकाला बताया गया है कि छोटा हाथी चलते-चलते अचानक बंद हो गया चालक उसको स्टार्ट करने की कोशिश कर रहा था तभी अचानक पीछे से कार ने छोटे हाथी में टक्कर मार दी टक्कर के बाद छोटा हाथी सड़क पर ही पलट गया जिसमें चालक घायल हो गया सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



हाइवे पर पलटे पड़े वाहन। • अमृत विचार

# दसवीं का परिणाम देख खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा का रिजल्ट भी बुधावार को घोषित हो गया। परीक्षा में राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल के राघव राजपूत ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए। अर्पित माथुर ने 97 प्रतिशत, हसनैन अली ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए। रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र छात्राओं में खुशी की लहर है।

बुधवार की शाम को अचानक सीबीएसई के हाईस्कूल का रिजल्ट घोषित हुआ। छात्र छात्राओं को अंदाजा भी नहीं था अचानक बुधवार को रिजल्ट जारी हो जाएगा। परीक्षा में बेहतर अंक की जानकारी मिलने के बाद छात्र-छात्राएं उत्साहित हो गए। कॉलेज प्रबंधन ने भी छात्रों को बुला कर हौसला बढ़ाया। वहीं इस बार सीबीएसई दसवीं में छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त किए है।

शेमफार्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल।
**ग्रीसी चौधरी**
98.2 प्रतिशत



शेमफार्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल।
**यश चौधरी bha›**
97.6 98 प्रतिशत



शेमफार्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल।
**लावान्या**
94.9 प्रतिशत



शेमफार्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल।
राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल अमरोहा
**राघव राजपूत**
98 प्रतिशत



राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल अमरोहा।
**अर्पित माथुर**
97 प्रतिशत



राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल अमरोहा।
**हसनैन अली**
94 प्रतिशत



राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल अमरोहा।
एएसएम मार्डन एकेडमी अमरोहा
**मोहम्मद आदिल**
96 प्रतिशत



एएसएम मार्डन एकेडमी अमरोहा।
**अंश चौधरी**
95.4 प्रतिशत



एएसएम मार्डन एकेडमी अमरोहा।
**अलीशा**
94.2 प्रतिशत



एएसएम मार्डन एकेडमी अमरोहा।
लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी अमरोहा
यशिका राहल
97.6 प्रतिशत



लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी अमरोहा।
**तनवी चौधरी**
97.2 प्रतिशत



**बरीरा रईस**
96.6 प्रतिशत
लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी अमरोहा।



# एचएसएस पब्लिक स्कूल के मेधावियों का रहा दबदबा



मेधावी विद्यार्थियों के विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य। • अमृत विचार

- **अनमोल सैनी ने किया टॉप**

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर के प्रतिष्ठित एचएसएस पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उत्सव का माहौल बन गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत के दम पर सफलता के झंडे गाड़ते हुए क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

परीक्षा परिणाम में अनमोल सैनी ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्क भगर (93.2 प्रतिशत) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रिया कुशवाहा, अबीरा इमरान और विदुषी अग्रवाल ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य मेधावियों में धीरज (91.8 प्रतिशत), एंजेल व उत्कर्ष (91.6 प्रतिशत), आयुष (90.8 प्रतिशत), मानवी (90.4 प्रतिशत) और शिवम (90 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों के कड़े परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# सड़क हादसों में दो की मौत, तीन घायल

- **घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती**
- **घटना की सूचना पर मृतकों के परिवार में मचा कोहराम**

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** अज्ञात वाहन की टक्कर से मंगलवार की रात स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के मोहल्ला अवंतिका नगर निवासी कमल प्रजापति (28) पुत्र स्वर्गीय चिरंजी, मोहल्ला धुनपुरी निवासी किशन प्रजापति व ज्वालानगर मोहल्ला निवासी राहुल मंगलवार की शाम स्कूटी से बिजनौर जनपद के फीना में गए थे। तीनों स्कूटी से देर रात घर वाले लौट रहे थे। बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पर आनंद डिग्री कॉलेज के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार कमल प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि किशन व राहुल घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### वाराणसी में हुए हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में उस समय मातम पसर गया, जब वाराणसी से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई। यहां ट्रक और कैंटर के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद हसन 35 वर्षीय गांव निवासी अपने साथी आजम के साथ 8 दिन पूर्व बिहार के लिए कैंटर गाड़ी में सामान भर कर गया था। बिहार से लौटते समय मंगलवार की देर रात उनकी कैंटर गाड़ी व ट्रक के बीच आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भयंकर थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान मोहम्मद अली ने दम तोड़ दिया। वहीं, आजम की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। मोहम्मद अली की मौत की सूचना गांव पहुंची, तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक बेटे को रोटी भी लगता छोड़ गया है।



मृतक मोहम्मद अली।

# गेहूं की फसल काटकर एसडीएम ने परखा उत्पादन

**बिजनौर , अमृत विचार:**शासन के निर्देशानुसार बुधवार को उपजिलाधिकारी सदर रितू रानी ने तहसील क्षेत्र के गांव सदुपुरा में कृषक नसीमा पत्नी सरफुद्दीन के खेत में गेहूं की फसल उत्पादन की जांच करने के लिए पहुंची। एसडीएम रीतू रानी ने इस मौके पर खेत में गेहूं की फसल की स्वयं कटिंग की। इसके बाद उन्होंने मजदूरों से निकासी करवाकर उत्पादन का पता किया। एसडीएम ने बताया कि औसत अनुसार 28 कुन्टल प्रति हेक्टेयर गेहूं उत्पादन प्राप्त किया गया है। इस मौके पर उनके साथ राजस्व निरीक्षक नागेन्द्र सिंह, क्षेत्रिय लेखपाल शिवेन्द्र सिंह, लेखपाल निशिकांत मिश्रा ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।



फसल काटतीं एसडीएम।

### बैसाखी पर गुरुद्वारे में सजा विशेष दीवान श्रद्धालुओं ने टेका माथा



गुरूद्वारा में पाठ करते संगत के लोग।

**हसनपुर, अमृत विचार:** बुधवार को बैसाखी पर्व पर नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित गुरुद्वारे में स्थापित निशान साहब को नए वस्त्र पहनाए गए और विधिवत अरदास की गई। रागी जत्थे ने गुरुवाणी का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

अमृत विचार

मुरादाबाद, गुरुवार,16 अप्रैल 2026 संभल-चन्दौसी

## न्यूज ब्रीफ

### अधिवक्ता परिषद ने मनाई आंबेडकर जयंती

**चंदौसी,अमृत विचार :** जनपद न्यायालय चन्दौसी स्थित सभागार में अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई द्वारा समरसता दिवस के रूप में डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर की जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि करन सिंह ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीगोपाल शर्मा ने की व संचालन विकास मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विनोद सिंह, लोकेंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा, अमरीश अग्रवाल, विभोर बंसल, महेश यादव, बिक्रम सिंह चौहान, कृष्णानंद शर्मा, उज्वल चौधरी, विनोद कुमार, बंटी लाल सागर, अशोक कुमार, ब्रजेश शर्मा, संजीव सागर, गौरव कुमार, अविरल गुप्ता, सचिन गुप्ता, चरण सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### दंपती के बीच विवाद सुलझाने का प्रयास

**चंदौसी, अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रुकम पाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में हुई। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया। इस दौरान कुल 13 पत्रावली सुनी गईं। दो परिवारों का समझौता कराया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, रुचि, होमगार्ड करुणा आदि लोग उपस्थित रहे।

### इमामबाड़ा व ईदगाह पर प्रशासन का एक्शन

**संभल, अमृत विचार :** संभल तहसील क्षेत्र के गांव बिछौली में सरकारी जमीन पर बने इमामबाड़ा और ईदगाह को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार के अनुसार सुबह 8 बजे से कार्रवाई शुरू की जाएगी। ग्राम बिछौली स्थित 0 .166 हेक्टेयर जमीन राजस्व अभिलेखों में आरक्षित श्रेणी 'खाद के गड्ढे' के नाम दर्ज है। इस भूमि पर इमामबाड़ा का निर्माण कर लिया गया। स्वामित्व के संबंध में सार्वजनिक अखबारों में प्रकाशन के माध्यम से दावा प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया, लेकिन किसी भी व्यक्ति द्वारा न तो स्वामित्व का दावा किया गया और न ही कोई आपत्ति दर्ज कराई गई। इसी 0 .769 हेक्टेयर पशुचर भूमि है। इस भूमि पर भी ईदगाह का निर्माण किया गया है। दोनों मामलों में लेखपाल की आख्या के आधार पर कार्रवाई की गई है।

# लहसुन के खेत पर रखवाली कर रहे किसान की पीटकर हत्या

## भिरावटी गांव में हुई वारदात, लहसुन की फसल की रखवाली के लिए खेत पर ही रुका था किसान, अवैध संबंधों का विरोध करने की भी चर्चा

कार्यालय संवाददाता,संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव में लहसुन के खेत की रखवाली कर रहे किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी शव को खेत पर ही छोड़कर फरार हो गए। बुधवार सुबह जब किसान की पत्नी खेत पर पहुंची तो उसने पति को मृत अवस्था में देखकर उसके होश उड़ गए। जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पत्नी का आरोप है कि उसके पति की हत्या जमीन के विवाद में की गई है। महिला ने दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।


मृतक नरेशपाल।


भिरावटी गांव में घटना स्थल का निरीक्षण करते एएससपी। ● अमृत विचार

### एएसपी व सीओ मौके पर पहुंचे, दिये निर्देश

भिरावटी गांव में किसान की हत्या की जानकारी मिलने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर क्राइम सीन को समझने का प्रयास किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से भी बात की। उन्होंने पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मामले के जल्द खुलासे के निर्देश दिए।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी नरेशपाल (48) खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। ग्रामीणों के अनुसार नरेशपाल मेहनती किसान थे और अक्सर अपनी फसलों की रखवाली के लिए खेत पर ही रुकते थे। मंगलवार रात करीब 10 बजे उनकी पत्नी शीला देवी रोजाना की तरह उन्हें खेत पर खाना देकर वापस घर लौट आई थीं। शीला देवी का कहना है कि वह बुधवार सुबह करीब चार बजे पति के घर लौटने का इंतजार करती रही। जब नरेशपाल घर नहीं पहुंचे तो चिंता बढ़ गई। कई बार फोन मिलाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला।

इसके बाद शीला देवी ने अपनी जेठानी को जानकारी दी और दोनों महिलाएं खेत पर पहुंचीं। खेत पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि नरेशपाल मृत अवस्था में पड़े हुए हैं। यह दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए और उन्होंने शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान नजर आए जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। सूचना मिलने पर सुबह करीब नौ बजे थाना धनारी पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पत्नी का आरोप जमीन के विवाद में की गई हत्या :** मृतक की पत्नी शीला देवी ने परिवार के ही दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि एक बीघा जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि जमीन के बंटवारे और हिस्सेदारी को लेकर चल रही रंजिश के चलते उनके पति की हत्या की गई है। शीला देवी ने बताया कि मंगलवार रात जब वह खेत से लौट रही थीं, तब रास्ते में एक आरोपी मिला था, जिससे उन्हें पहले से ही आशंका थी। परिजनों के अनुसार मृतक सीधे स्वभाव के व्यक्ति थे और परिवार में छोटे-छोटे बच्चे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### हत्या की वजह जमीन का विवाद या प्रेम प्रसंग, साक्ष्य जुटा रही पुलिस

- किसान की हत्या में शामिल हो सकता है कोई करीबी
- पत्नी का आरोप, जमीन के विवाद में की गई नरेश की हत्या

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के भिरावटी गांव निवासी किसान नरेश पाल सिंह की मंगलवार रात कुछ लोगों ने हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी शव को खेत में ही छोड़कर फरार हो गए। इस प्रकरण में जहां मृतक की पत्नी का आरोप है कि उसके पति की हत्या एक बीघा जमीन के विवाद में की गई है। वहीं पुलिस की शुरुआती जांच में मामला अवैध संबंधों से जुड़ा माना जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पुलिस ने मृतक के एक रिश्तेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। नरेश की हत्या में कोई अपना करीबी भी शामिल हो सकता है। पुलिस ने जहां नरेश की पत्नी की बातों को आधार मानकर हत्यारोपियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की है। वहीं इस प्रकरण में अब धीरे-धीरे अन्य मामलों का भी खुलासा हो रहा है। यदि यदि ग्रामीणों की बातों और पुलिस की अब तक जांच पर गौर करें तो नरेश की हत्या में कोई और नहीं बल्कि उनका करीबी रिश्तेदार शामिल हो सकता है। गांव में चर्चा है कि नरेश की हत्या अवैध संबंधों में बाधक बनने के कारण किसी करीबी ने की है। अब वह महिला कौन है पुलिस जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने नरेश के एक करीबी रिश्तेदार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

#### ...आखिर कौन है महिला

गांव में नरेश की हत्या के बाद तरह तरह की बातें शुरू हो गई हैं। गांव के लोगों का कहना है कि नरेश सीधा इंसान था। उसका किसी से विवाद नहीं था। इसके बाद भी उसकी हत्या की गई है। वहीं चर्चा है कि नरेश एक महिला के प्रेम प्रसंग में बाधक बन गया था। इससे नाराज होकर करीबी रिश्तेदार ने हत्या की साजिश की होगी। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि करीबी रिश्तेदार इस हत्याकांड में शामिल है या नहीं। वहीं पुलिस महिला का भी पता लगा रही है। लोगों का कहना है कि इस घटना का खुलासा चौकाने वाला हो सकता है। वहीं शक के आधार पर पुलिस ने महिला से भी पूछताछ की है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि हत्या का ही मामला नजर आता है। हत्या की वजह और हत्यारों का पता लगाने के लिए पुलिस कई एंगल पर जांच कर रही है। जल्द ही सच सामने आ जायेगा।

# आगरा की घटना पर ब्राह्मण शक्ति संघ ने जताई नाराजगी

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार:** आगरा के परशुराम चौक पर हुई अभद्रता के ब्राह्मण शक्ति संघ ने रोष जताया है। विरोध में संघ ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यकर्ता एकत्रित होकर बुधवार की दोपहर तहसील पहुंचे। जहां पर आगरा प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। उसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री से आगरा में परशुराम चौक पर भीम आर्मी व एक वर्ग विशेष के द्वारा परशुराम चौक पर की गई अभद्रता और उत्पात का कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया। परशुराम चौक पर उपद्रव करने वाले इन सभी उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जाए। ब्राह्मण शक्ति संघ के संरक्षक बनवारी लाल पाठक,विकास मिश्रा,विवेक शर्मा , सचिन मिश्रा , सचिन शर्मा, राजेश शर्मा, अमोल शर्मा, बृजेश शर्मा, विनीत शर्मा , अविरल शर्मा , निशांत शर्मा, पराग शर्मा, विकास मिश्रा आदि रहे।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# झोपड़ी में लगी आग, चार साल के बच्चे की जिंदा जलकर मौत

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जनपद संभल के गुन्नौर तहसील क्षेत्र के थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नंदरौली में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जहां खेत पर बनी झोपड़ी में सो रहे चार साल के मासूम बच्चे की आग लगने से जिंदा जलकर मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक और सन्नाटा पसर गया।

जानकारी के अनुसार गांव नंदरौली निवासी रविंद्र अपनी पत्नी के साथ बुधवार दोपहर करीब दो बजे खेत पर गेहूं की कटाई कर रहे थे। काम के दौरान उन्होंने अपने चार वर्षीय बेटे प्रवेश को पास ही बनी झोपड़ी में सुला दिया था। इसी दौरान अचानक झोपड़ी में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। झोपड़ी से उठती आग की लपटों को देखकर माता-पिता घबराकर घटना स्थल की ओर दौड़े और मदद के लिए शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भी तुरंत मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों ने डंडों की मदद से जलती झोपड़ी को हटाने की कोशिश की और पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में पूरी झोपड़ी जलकर राख हो गई। जब तक आग बुझाई गई, लेकिन तब तक प्रवेश की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल अनुज दुबे मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया झोपड़ी में आग लगने के कारण बच्चे की मौत हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। इस हृदय विदारक घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग उठाई है।


संभल के नंदरौली गांव में आग लगने के बाद राख हुई झोपड़ी।


मृतक के घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

- घटना के वक्त गेहूं काट रहे मृतक के माता-पिता
- गुन्नौर तहसील इलाके के नंदरौली गांव की घटना

### माता- पिता का रो रोकर बुराहाल

बच्चे का शव देखकर माता-पिता बेसुध हो गए और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। यह मंजर देख वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। मृत बच्चे के जले हुए शव को जब माता-पिता घर लेकर पहुंचे तो वहां भी चीख-पुकार मच गई। पांच वर्षीय बड़ी बहन गुड़िया अपने छोटे भाई के शव को देखकर फफक-फफक कर रोने लगी। मृतक के तहेरे भाई ने बताया कि बच्चा झोपड़ी में सो रहा था और उसी दौरान अचानक आग लग गई।

# आंबेडकर जयंती पर सपा ने किया मेधावियों का सम्मान

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** डा. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मदिवस के अवसर पर पावर हाउस स्थित मुलायम सिंह यादव पुस्तकालय में समाजवादी पार्टी द्वारा क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

सम्मानित होने वालों में देव डुडेजा (आईएएस), पीयूष बापर्णेय (पीसीएस), तनिष्का प्रजापति, दिव्यांशु, अभिषेक कुमार (यूजीसी नेट), सृष्टि कुमारी (बीबीए, टीएमयू टॉपर), हैरी वाल्मीकि (जूडो नेशनल), शिवानी शर्मा (एमडीईएस यूनिवर्सिटी टॉपर), शिखा पाराशरी (एलएलएम) और आयुष्मान सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी और जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने संयुक्त रूप से मेधावियों और अभिभावकों को सम्मानित किया।


चंदौसी में मेधावियों का सम्मान करते सपा नेता। ● अमृत विचार

# स्मार्ट और प्रीपेड बिजली मीटर का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल में स्मार्ट और प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के खिलाफ लोगों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सरायतरीन के मुहल्ला भालेभाज खां में उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए मीटर लगाने का विरोध किया।

विरोध कर रहे लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना पर्याप्त जानकारी और जागरूकता के प्रीपेड सिस्टम लागू किया जा रहा है, जिससे आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले जहां लोग महीने के अंत में बिल का भुगतान करते थे, वहीं अब बार-बार रिचार्ज कराना पड़ रहा है, जो सीमित आय वाले परिवारों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है।

रिचार्ज खत्म होते ही बिजली सप्लाई बंद हो जाती है, जिससे घरों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग और सरकार से मांग की है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर दोबारा लगाए जाएं। साथ ही बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कराई जाए और जबरन मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। इस दौरान फरीद,आलम,जहांगीर,इदरीश सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


स्मार्ट मीटर लगाने पर विरोध करते लोग। ● अमृत विचार

# उन्नति ने निभाई संचार मंत्री की भूमिका

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के विकसित भारत 2047 के संकल्प को नई ऊर्जा देने और नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माई भारत बजट क्यूस्ट 2026 व नारी शक्ति युवा संसद का दो दिवसीय आयोजन 12 व 13 अप्रैल को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया। इसमें चंदौसी की उन्नति चौधरी ने नारी शक्ति वंदन अग्नि का समर्थन किया।

इसमें पूरे प्रदेश से 1000 से ज्यादा युवाओं ने प्रतिभाग किया। पूरे प्रदेश के 40 चयनित महिला प्रतिभागियों ने मॉक संसद में भाग लिया। जिसमें 30 मंत्री और 10 महिलाओं ने सांसद की भूमिका निभाई। सत्र वास्तविक संसदीय परिक्रियाओं पर आधारित रहा। जिसमें संरचित बहसें समयबद्ध भाषण और अंतिम मतदान शामिल रहा। जिसमें संभल जिले की चंदौसी नगर क्षेत्र के मयूर विहार निवासी उन्नति चौधरी ने संचार मंत्री की भूमिका निभाकर अपने प्रभावशाली विचारों से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 का पुरजोर समर्थन किया। सत्र के प्रथम दिवस पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान व कैबिनेट मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की बेबी रानी मौर्य रहीं। मुरादाबाद मंडल के डिप्टी डायरेक्टर माई भारत अंकित कुमार गौर व संभल की नोडल अधिकारी डॉ. रीता सिंह ने उन्नति चौधरी की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया।


लखनऊ में सम्मान प्राप्त करतीं उन्नति चौधरी। ● अमृत विचार

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम का किया समर्थन
- लखनऊ में हुआ नारी शक्ति युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

# परीक्षा फल देखकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** सीबीएसई हाईस्कूल का रिजल्ट बुधवार शाम घोषित होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। रिजल्ट परीक्षा फल देखकर छात्र व छात्राओं के चेहरे खिल उठे और एक दूसरे को पास होने की बधाई दी।

सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल का परीक्षा फल बुधवार की शाम घोषित कर दिया गया। जानकारी होते ही छात्र व छात्राओं ने कैफे की ओर रुख कर दिया। रिजल्ट देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। स्कूल व घरों में बच्चों के पास होने पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। स्कूल के शिक्षक बच्चों को बधाई देते दिखे। शिक्षकों व प्रधानाचार्य आदि ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जबकि चंदौसी के एएम वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र सक्षम गुप्ता ने हाईस्कूल में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिजल्ट घोषित होते ही कई छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचे, जहां प्रधानाचार्य ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं हाईस्कूल का रिजल्ट जानने के लिए स्कूल स्टाफ इंटरनेट पर सर्च करने में व्यस्त नजर आया।


संभल के बाल विद्या मंदिर स्कूल में खुश नजर आते टॉपर बच्चे। ● अमृत विचार


सक्षम गुप्ता 98 .4 प्रतिशत - प्रथम


विराट अग्रवाल 97 .8 प्रतिशत


माधुर सक्सेना 97 .8 प्रतिशत तृतीय


गौरांश पाठक 97 .4 प्रतिशत - प्रथम

#### जीके सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल चंदौसी


मोनाक्षी - 89 .4 प्रतिशत - द्वितीय


कृष्णा अग्रवाल - 87 प्रतिशत - तृतीय

#### आरके सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदौसी


देव पाठक 95 .2 - प्रतिशत -प्रथम


भूमि ठाकुर 94 .8 प्रतिशत -द्वितीय


आर्यन राज 94 .2 - प्रतिशत तृतीय

#### न्यू सत्यम एकेडमी चंदौसी


प्रखर वार्ष्णेय 95 .8 प्रतिशत - प्रथम


अथर्व गुप्ता 94 .5 प्रतिशत - द्वितीय

**श्रुति वार्ष्णेय** - 92.6 प्रतिशत -तृतीय

#### ओपीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदौसी के उत्तीर्ण मेधावी

1 - तन्मय कुमार 92 - प्रतिशत प्रथम

2 - सिद्धार्थ कुमार -89 .6 प्रतिशत - द्वितीय

3 - शुभ गुप्ता - 89 .2 प्रतिशत - तृतीय

# नारी शक्ति वंदन पर निकाली बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के उपरांत संभल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं द्वारा एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद संभल क्षेत्र से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी रहीं पारुल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से अब बड़ी संख्या में महिलाएं जनप्रतिनिधि बन सकेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि यह कानून देश की आधी आबादी को सम्मान और अधिकार देने का काम करेगा। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने इसे महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताया, वहीं जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता ने कहा कि अब महिलाएं हर स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कशिश कौशल, नामित सभासद आलोक भारती, सैयद शान अली, अक्षित अग्रवाल, अरविंद प्रजापति, साजन श्रीमाली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।


आभार बाइक रैली में शामिल महिलाएं व भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- महिलाओं ने कहा प्रधानमंत्री का फैसला महिलाओं के लिए ऐतिहासिक

# यूपीएसएलडीसी और ट्रांसमिशन की टैरिफ दरें तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वतंत्र एमडी भी होगा, उप्र विद्युत नियामक आयोग का बड़ा फैसला
- सेक्टर में पारदर्शिता व संचालन सुधारने की दिशा में कदम

**अमृत विचार:** उप्र. विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) ने यूपी स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (यूपीएसएलडीसी) और पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन के लिए बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का नया टैरिफ जारी कर दिया है। साथ ही यूपीएसएलडीसी में स्वतंत्र प्रबंध निदेशक (एमडी) की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सिस्टम ऑपरेशन को अधिक पारदर्शी और स्वतंत्र बनाया जा सके।

आयोग के आदेश के अनुसार, अब ट्रांसमिशन और सिस्टम ऑपरेशन को स्पष्ट रूप से अलग कर दिया गया है, जिससे ग्रिड प्रबंधन अधिक प्रभावी हो सकेगा। इस फैसले से वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के खर्च में कमी आने की संभावना है और इसका अप्रत्यक्ष लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। टैरिफ निर्धारण के तहत राज्य के भीतर डिस्कॉम और रेलवे के लिए ट्रांसमिशन शुल्क प्रति मेगावॉट प्रति माह के आधार पर तय किया गया है, जबकि ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं के लिए अलग यूनिट आधारित शुल्क रखा गया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि सौर ऊर्जा नीति-2022 और डेटा सेंटर नीति-2021 के तहत मिलने वाली छूट जारी रहेगी।

### टैरिफ के प्रमुख आंकड़े

- ट्रांसमिशन टैरिफ (डिस्कॉम/रेलवे): 2,34,375 .50 प्रति मेगावॉट/माह
- ओपन एक्सेस उपभोक्ता शुल्क: 0 .3075 प्रति यूनिट
- कुल ट्रांसमिशन सिस्टम लागत: 8,440 .13 करोड़
- कुल बेस ट्रांसमिशन क्षमता: 30,009 .30 मेगावॉट

विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई व्यवस्था से ट्रांसमिशन सिस्टम का वित्तीय ढांचा मजबूत होगा और ग्रिड संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी। यूपीएसएलडीसी के लिए स्वतंत्र एमडी की नियुक्ति से सिस्टम ऑपरेशन को कॉरपोरेट प्रभाव से अलग कर पेशेवर ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। आयोग का यह निर्णय बिजली क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है, जिससे ट्रांसमिशन और सिस्टम ऑपरेशन दोनों अधिक कुशल और जवाबदेह बनेंगे।

# नियम तोड़ने वाले वाहनों का स्वतः होगा ई-चालान

## परिवहन विभाग ने प्रदेश में ई-डिटेक्शन मॉड्यूल का पायलट प्रोजेक्ट किया लांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में लखनऊ के इटौंजा टोल प्लाजा और बाराबंकी के अहमदपुर टोल प्लाजा पर लागू होगी व्यवस्था




**अमृत विचार :** प्रदेश में यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में ई-डिटेक्शन मॉड्यूल का पायलट प्रोजेक्ट लांच किया गया है, जिसके तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर अब स्वचालित रूप से ई-चालान जारी होगा।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि यह प्रणाली केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की पहल के अनुरूप लागू की जा रही है। इसके जरिए बिना वैध दस्तावेजों के चलने वाले वाहनों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई संभव होगी।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में इस पायलट प्रोजेक्ट को लखनऊ के इटौंजा टोल प्लाजा और बाराबंकी के अहमदपुर टोल प्लाजा पर लागू किया जा रहा है। पायलट की सफलता के बाद इसे पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से विस्तार दिया जाएगा।

इस प्रणाली के तहत वाहनों की फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसी), हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) और पंजीकरण प्रमाण पत्र की वैधता की जांच की जाएगी। परिवहन और गैर-परिवहन दोनों श्रेणी के वाहनों को इसके दायरे में लाया गया है।

ई-डिटेक्शन मॉड्यूल के लागू होने से टोल प्लाजा से गुजरने वाले नियम उल्लंघनकर्ता वाहनों का स्वतः पता लगाया जाएगा और बिना मानवीय हस्तक्षेप के ई-चालान जारी होगा। इससे प्रवर्तन प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और वाहन चालकों में नियमों के प्रति अनुशासन भी मजबूत होगा।

मंत्री ने कहा कि यह पहल सुशासन और स्मार्ट प्रवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने वाहन मालिकों से अपील की कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर अपडेट रखें, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध वेंडरों के खिलाफ अभियान में 1395 बोतलें जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अंतर्गत गोरखपुर, बस्ती और गोंडा जंक्शन स्टेशनों पर अवैध वेंडरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों में सघन जांच की गई, जिनमें वैशाली एक्सप्रेस, जननायक एक्सप्रेस, आम्रपाली एक्सप्रेस, लोहित एक्सप्रेस, सत्याग्रह एक्सप्रेस, बिहार सम्पर्क क्रांति, सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस, अवध एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस तथा कुशीनगर एक्सप्रेस शामिल रहीं। जांच के दौरान कुल 1395 अधोमानक पेयजल बोतलें बरामद की गईं। यह अभियान यात्रियों को ओवरचार्जिंग और अनाधिकृत वेंडरों से बचाने के उद्देश्य से चलाया गया।

### झांसी में बनेगा 100 बेड का कैंसर अस्पताल

**अमृत विचार, लखनऊ :** झांसी में अत्याधुनिक 100 बेड के कैंसर अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बेहतर और सुलभ इलाज मिल सकेगा। इस अस्पताल निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए मंडलायुक्त को निर्देश भी दिए गए हैं। यह घोषणा बुधवार को अपर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बुंदेलखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया है। अपर मुख्य सचिव झांसी और चित्रकूटधाम मंडल की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि आम जनता तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर पहुंचनी चाहिए।

### आज से स्कूलों में जल पखवाड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ:** जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने इसे स्कूलों से जोड़ने की पहल की है। 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन' के तहत 16 से 30 अप्रैल तक प्रदेश के सभी विद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में 'जल पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इस दौरान छात्रों को जल बचाने के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें व्यवहारिक रूप से जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में दैनिक गतिविधियों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग अनिवार्य होगी और इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के तहत प्रार्थना सभा में 'जल शपथ' दिलाई जाएगी, वहीं निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। जल स्रोतों की सफाई, पेयजल गुणवत्ता जांच और फोटो प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# टेक्नोलॉजी से बदलेगी प्रदेश के युवाओं की तकदीर: मुख्यमंत्री

## पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का योगी ने किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर




सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण से पहले टाटा संस के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री के साथ किए गुरु गोरखनाथ के दर्शन।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में खुद को न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर स्टेट, बल्कि देश के प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित किया है। योगी ने कहा कि पहले प्रदेश में न बेहतर नीतियां थीं और न ही निवेश का माहौल। खराब सड़कें, बिजली संकट और कमजोर कानून-व्यवस्था के कारण निवेशक आने से कतराते थे। लेकिन आज मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी और सुरक्षित माहौल से निवेश तेजी से बढ़ा है और रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं।

वे बुधवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे थे। महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के सहयोग से बने इस सेंटर की शुरुआत टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और टीसीएस के सीईओ के. कृतिवासन की मौजूदगी में हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेंटर युवाओं को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में दक्ष बनाकर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे टेक्नोलॉजी से जुड़कर खुद को सक्षम बनाएं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी और 3डी प्रिंटिंग जैसे क्षेत्रों में यह सेंटर अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर और पूर्वांचल, जो कभी पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था, अब नॉलेज पावर हाउस बनकर उभर रहा है। यहां विश्वविद्यालयों, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क और नए संस्थानों के माध्यम से युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भ्रमण कर एआई, साइबर सिक्योरिटी, ड्रोन और 3डी प्रिंटिंग लैब्स का अवलोकन किया और स्टार्टअप्स द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह केंद्र भविष्य में उद्यमिता और तकनीकी नवाचार का बड़ा केंद्र बनेगा।

### एआई सभी तक पहुंचे: चंद्रशेखरन

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि समय के साथ आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि हर व्यक्ति के हाथ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साधन उपलब्ध हों। एआई को लेकर किसी तरह का भय या भ्रम नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे स्टीम इंजन और बिजली जैसे क्रांतिकारी आविष्कारों की तरह समझना होगा।

### इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर जोर : कृतिवासन

टीसीएस के एमडी एवं सीईओ के. कृतिवासन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल बनाने के साथ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान दिया है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण से जुड़े कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से टीसीएस के इनिशिएटिव्स को व्यापक विस्तार मिल रहा है।

# जनप्रतिनिधियों से असम्मानजनक व्यवहार बर्दाश्त नहीं, निर्देश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सभा की विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट पर यूपी सरकार ने अफसरों को जारी किए निर्देश
- जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का समयबद्ध निस्तारण और संवाद में शालीनता-पारदर्शिता बनाएं

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सांसदों और विधायकों के प्रति अधिकारियों के व्यवहार को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या असम्मानजनक आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का समयबद्ध निस्तारण और संवाद के दौरान शालीनता व पारदर्शिता बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य सभा की विशेषाधिकार समिति के 80 प्रतिवेदन में यूपी के अधिकारियों को लेकर हुई शिकायतों पर केंद्र सरकार से आई आपत्तियों पर बुधवार को प्रमुख सचिव जेपी सिंह-II द्वारा जारी शासनादेश में केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। शासनादेश के अनुसार, संसद और राज्य विधानमंडल के सदस्य लोकतांत्रिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, इसलिए उनके साथ शिष्टाचारपूर्ण, संवेदनशील और त्वरित व्यवहार सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

### ये हैं प्रमुख निर्देश

- सांसद-विधायकों के पत्रों का समयबद्ध जवाब
- सूचना उपलब्ध कराने में प्राथमिकता
- शिष्टाचार और प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य
- देरी होने पर अंतरिम सूचना देना जरूरी

अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों और संचार का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा अनावश्यक विलंब से बचा जाए।

निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी सांसद या विधायक द्वारा जानकारी मांगी जाती है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। किसी भी पत्राचार का जवाब निर्धारित समय-सीमा में देना होगा और यदि देरी की संभावना हो तो अंतरिम सूचना देना अनिवार्य होगा। सरकार ने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी है कि जनप्रतिनिधियों से संवाद के दौरान शालीनता और पारदर्शिता बनाए रखें। बैठकों, कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों में उन्हें उचित सम्मान और प्रोटोकॉल के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा, शासनादेश में यह भी कहा गया है कि किसी भी प्रकार की शिकायत या संवाद को नजरअंदाज करना गंभीर माना जाएगा। फोन, संदेश या अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं का भी समय पर संज्ञान लेना होगा। सरकार ने सभी विभागों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया है कि इन दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। साथ ही, अनुपालन की निगरानी भी की जाएगी और उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## 670 करोड़ की बीज योजनाओं को मंजूरी, किसानों को मिलेगी सब्सिडी

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृषि क्षेत्र में बीज योजनाओं के तहत 670 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। इस निर्णय से प्रदेश के किसानों को प्रमाणित और संकर बीजों पर सब्सिडी का लाभ मिलेगा, वहीं बीज भंडारण और बुनियादी ढांचे को भी सुदृढ़ किया जाएगा। सरकार की ओर से जारी स्वीकृतियों के बाद खाद्यान्न, दलहन और तिलहन के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बीज भंडार पर 4.50 अरब रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा प्रमाणित बीजों के वितरण पर किसानों को सब्सिडी देने के लिए दो अरब रुपये की व्यवस्था की गई है। कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से संकर बीजों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 15 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की गई है।

# कई न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विभिन्न न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में व्यापक फेरबदल किया है। इस संबंध में महानिबंधक मनजीत सिंह श्योरन द्वारा 15 अप्रैल 2026 को अधिसूचना जारी की गई।

अधिसूचना के अनुसार, विनय सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कानपुर नगर को यूपी राज्य विधि सेवा प्राधिकरण, लखनऊ में ओएसडी, श्रीमती सलीन मिश्रा अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन कानपुर नगर को यूपी विधि सेवा प्राधिकरण, लखनऊ में उपसचिव, सुश्री शालिनी चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी), देवरिया को प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) मुजफ्फरनगर, अम्बरीश त्रिपाठी सिविल जज सीनियर डिवीजन रामपुर को सचिव जिला विधि सेवा प्राधिकरण लखीमपुर खीरी में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा श्रीमती रुचि श्रीवास्तव एसीजेएम उन्नाव को संयुक्त निबंधक यूपी सूचना आयोग, सर्वेश कुमार पांडेय-द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फिरोजाबाद को अपर निदेशक (अनुसंधान) जेटीआरआई, लखनऊ, श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाबाई नगर को अपर निदेशक (प्रशासन) जेटीआरआई, श्रीमती निशा झा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, सीतापुर को अपर निदेशक (प्रशिक्षण) जेटीआरआई, सुश्री अनुजया कृष्णा सिविल जज (सीनियर डिवीजन) फास्ट ट्रैक कोर्ट, सुल्तानपुर को अपर निदेशक जेटीआरआई के पद पर प्रतिनियुक्ति दी गई है।

# यूपीपीसीएल को आउटसोर्स सेवा निगम से छूट नहीं, कर्मियों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उप्र. पावर कार्पोरेशन लिमिटेड को झटका, मांग खारिज

**अमृत विचार:** उप्र. पावर कार्पोरेशन लिमिटेड को नवगठित उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के प्रावधानों से अलग रखने की मांग को झटका लगा है। महानिदेशक, आउटसोर्स सेवा निगम ने स्पष्ट रूप से इस मांग को खारिज कर दिया है।

बताया गया कि 31 मार्च, 26 को यूपीपीसीएल के एमडी ने शक्ति भवन से पत्र भेजकर निगम और अन्य ऊर्जा कंपनियों को आउटसोर्स सेवा निगम के दायरे से बाहर रखने और निविदा प्रक्रिया को पूर्व व्यवस्था के अनुसार संचालित करने की अनुमति मांगी थी। इस प्रस्ताव का निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने कड़ा विरोध किया। संघ के विरोध के बाद महानिदेशक ने अपने निर्णय में कहा कि आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन या छूट केवल मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद ही संभव है। इसलिए फिलहाल यूपीपीसीएल और अन्य ऊर्जा निगमों को इन प्रावधानों से अलग नहीं किया जा सकता। इस फैसले से बिजली क्षेत्र के आउटसोर्स कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। वहीं, संघ ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में निगमों को नियमों से अलग रखने का प्रयास किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पांडेय ने इसे कर्मचारियों की बड़ी जीत बताया है।

### प्रीपेड मीटर पर तत्काल फैसले की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में जनसुनवाई के दौरान स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मुद्दा प्रमुखता से उठा। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने अर्जेंसी अर्जी दाखिल कर तत्काल निर्णय की मांग की। उन्होंने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह के समक्ष कहा कि प्रदेश में प्रीपेड मीटर के खिलाफ व्यापक विरोध हो रहा है। परिषद ने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियां विद्युत अधिनियम 2003 का उल्लंघन कर बिना सहमति पोस्टपेड कनेक्शन को प्रीपेड में बदल रही हैं।

# एससी-ओबीसी महिलाओं को आरक्षण में अलग मिले कोटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने देश की संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि लंबे इंतजार के बाद इस दिशा में उठाया गया कदम सकारात्मक है, लेकिन इसे प्रभावी और न्यायसंगत तरीके से लागू किया जाना जरूरी है।

प्रांतीय कार्यालय में बुधवार को बसपा प्रमुख मायावती ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि महिला आरक्षण को संकीर्ण दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लागू किया जाना चाहिए, ताकि इसका वास्तविक लाभ समाज की जरूरतमंद महिलाओं तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि कुछ न होने से थोड़ा होना बेहतर है, लेकिन इस व्यवस्था को और अधिक न्यायपूर्ण बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से अब भी काफी पीछे हैं। ऐसे में महिला आरक्षण के भीतर इन वर्गों की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें वास्तविक प्रतिनिधित्व मिल सके।

बसपा प्रमुख ने कहा कि यदि एससी और ओबीसी महिलाओं को अलग कोटा दिया जाता है, तो यह न केवल उचित होगा बल्कि ऐतिहासिक कदम भी साबित होगा।

उपलब्धि | 7 .64 लाख रजिस्ट्रेशन से गिनीज बुक में नाम दर्ज

# एआई जागरूकता में गोरखपुर का विश्व रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर



गिनीज बुक के प्रमाणपत्र के साथ मुख्यमंत्री योगी और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन।

**अमृत विचार:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जागरूकता के क्षेत्र में प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए वैश्विक पहचान बना ली है। गोरखपुर में आयोजित 'एआई फॉर ऑल' अवेयरनेस प्रोग्राम ने महज एक सप्ताह में 7,64,187 ऑनलाइन पंजीकरण दर्ज कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में तैयार की गई रूपरेखा का परिणाम मानी जा रही है, जिसमें युवाओं और छात्रों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने पर विशेष फोकस किया गया। महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और अन्य संस्थानों के सहयोग से इस प्रोग्राम को शुरू किया है। बुधवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ऋषि नाथ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को इस प्रोग्राम के तहत पंजीकरण का विश्व कीर्तिमान रचे जाने का प्रमाण पत्र सौंपा।

यह प्रमाण पत्र एमपीआईटी में पूर्वी उप्र. के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण समारोह के मंच पर सौंपा गया। एमपीआईटी ने 'एआई फॉर ऑल' अवेयरनेस प्रोग्राम के लिए 5 लाख पंजीकरण का लक्ष्य रखा था। इसके लिए निर्धारित तिथि, 9 अप्रैल तक 764187 पंजीकरण हुए। इसके अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय, एमपी पॉलिटेक्निक, आईटीएम गीडा, बीआईटी गीडा आदि को भी साझा पहल में शामिल किया गया।

# झुग्गी बस्ती में आग से 200 से ज्यादा झोपड़ियां जलीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिलेंडरों और फ्रिज के कंप्रेशर फटने से हुए विस्फोट, कई किलोमीटर दूर तक दिखा धुएं का गुबार
- आग बुझाने में लगीं 18 से ज्यादा दमकल गाड़ियां, योगी ने दिए राहत के निर्देश
- मौके पर पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कुछ लोगों के लापता होने की सूचना



विकास नगर सेक्टर 12 में स्थित झोपड़ पट्टी में लगी भीषण आग।

**अमृत विचार:** विकासनगर के सेक्टर-14 स्थित झोपड़पट्टी में भीषण आग लग गई। लपटों ने करीब 200 झोपड़ियों को चपेट में ले लिया। आग की तपिश से झोपड़ियों में रखे सिलेंडर और रेफ्रिजरेटर के कंप्रेशर में ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटे तो इलाके में अफरातफरी मच गई। कई किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई दीं।

मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 18 गाड़ियां देर शाम तक आग बुझाने में जुटी हुई थीं। इसके साथ राहत और बचाव कार्य भी जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और निर्देश जारी किए। आग की चपेट में आने से आठ लोग घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि कुछ लोग लापता बताए गए हैं।

बुधवार दोपहर अचानक एक झोपड़ी से उठी चिंगारी ने पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया। झोपड़ियों में रखे सिलेंडरों में ताबड़तोड़ धमाके शुरू हुए तो लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे। संकरी गलियों और तेज हवाओं के कारण आग बुझाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलते ही डीएम विशाख जी, पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, नगर आयुक्त गौरव कुमार समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। खबर लिखे जाने तक दमकल कर्मी ने आग बुझाने में जुटे हुए हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

अमृत विचार
गुरुवार, 16 अप्रैल 2026



नारी को शिक्षित करो, वो पूरे समाज को संवार देगी।
-डॉ. भीमराव अंबेडकर



# बिहार में नई धुरी

बिहार की सत्ता में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनना महज कुर्सी पर चेहरे का नहीं, बल्कि राजनीतिक शैली और सामाजिक समीकरणों में संभावित बदलाव का संकेत है। सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने 'स्थिरता के साथ परिवर्तन' का संदेश दिया है। यानी कुछ राज्यों में प्रयोगधर्मी चौंकाऊ चेहरा देने के बजाय एक परिचित, संगठन-सिद्ध नेता पर भरोसा। मध्य प्रदेश, हरियाणा या राजस्थान की तरह 'सरप्राइज फैक्टर' से परहेज़ के पीछे स्पष्ट कारण हैं। बिहार की राजनीति अत्यंत जटिल जातीय-सामाजिक संतुलनों पर टिकी है, जहां अचानक चेहरा बदलना जोखिम भरा हो सकता था। भाजपा ने यहां क्रमिक उभार और स्वीकार्यता को प्राथमिकता दी। सम्राट पहले से प्रदेश संगठन, सत्ता और प्रशासन- तीनों का अनुभव रखते हैं; इसलिए वे भरोसेमंद विकल्प बने।

सम्राट चौधरी की नियुक्ति के पीछे सियासी गणित साफ है, वे ओबीसी- विशेषकर कुशवाहा, कोइरी समुदाय से आते हैं, वहां उनका प्रभाव बिहार के सामाजिक समीकरणों में निर्णायक भूमिका निभाता है। इससे भाजपा का न केवल पारंपरिक मतदाता आधार मजबूत होता है, बल्कि जदयू और राजद के बीच 'मंडल बनाम कमंडल' की पुरानी बहस में एक नया संतुलन भी सधता है। उनको पहले डिप्टी सीएम और फिर मुख्यमंत्री बनाकर संगठन को संदेश दिया है कि निरंतरता और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष पद शीघ्र हासिल किया जा सकता है। सम्राट चौधरी का रिकॉर्ड बताता है कि वे विभिन्न दलों में रहते हुए भी शासन-तंत्र से परिचित रहे हैं। यही उनकी ताकत और चुनौती दोनों है। ताकत इसलिए कि उन्हें सिस्टम की समझ है; चुनौती इसलिए कि उन्हें 'स्थायी प्रतिबद्धता' और 'नीतिगत स्पष्टता' साबित करनी होगी, जो नीतीश कुमार की पहचान रही है। बेहतर शासन का दावा तभी टिकेगा, जब वे कानून-व्यवस्था, रोजगार और बुनियादी ढांचे पर ठोस परिणाम दें। सम्राट की राजनीतिक यात्रा विभिन्न दलों में मंत्री रहने से लेकर भाजपा में नौ वर्षों में मुख्यमंत्री बनने तक यह दिखाती है कि वे अवसर और संगठन दोनों को साधने में दक्ष हैं। उनकी पारिवारिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि ने शुरुआती पहचान जरूर दी, परंतु मौजूदा मुकाम तक पहुंचने में संगठनात्मक सक्रियता और आक्रामक राजनीति की भूमिका भी कम नहीं रही, हालांकि नए मुख्यमंत्री के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। बेरोजगारी, प्रवासन, शिक्षा-स्वास्थ्य का ढांचा और कानून-व्यवस्था- ये सभी मुद्दे बिहार के मतदाता की प्राथमिकता में हैं। साथ ही, केंद्र-राज्य तालमेल का लाभ उठाकर निवेश आकर्षित करना भी एक बड़ी परीक्षा होगी।

इस बदलाव के बाद जदयू स्वाभाविक रूप से सीमित होती दिखेगी, जबकि राजद आक्रामक विपक्ष की भूमिका में लौटेगी। सामाजिक न्याय और आर्थिक असमानता के मुद्दों को तेज करेगी। आने वाले समय में त्रिकोणीय राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और तीखी हो सकती है। राष्ट्रीय स्तर पर यह फैसला भाजपा के 'क्षेत्रीय अनुकूलन' की रणनीति को रेखांकित करता है, जहां पार्टी स्थानीय नेतृत्व को आगे कर राज्य की जटिलताओं के अनुरूप अपने को ढाल रही है। बिहार में यह परिवर्तन एक नई धुरी का निर्माण है, जहां अनुभव और सामाजिक संतुलन के सहारे भाजपा ने सत्ता का केंद्र अपने हाथ में लिया है।

## प्रसंगवश

# जैव विविधता और पर्यावरण का अनमोल हिस्सा हैं हाथी

पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान, विशालकाय और सामाजिक जीवों में से एक हाथी को 'पारिस्थितिकी तंत्र का इंजीनियर' कहा जाता है। इनके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और इनके घटते अस्तित्व को बचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को 'हाथी बचाओ दिवस' मनाया जाता है। वर्तमान समय में हाथी गंभीर खतरों का सामना कर रहे हैं, जिनमें अवैध शिकार (विशेषकर हाथीदांत के लिए), वनों की कटाई, प्राकृतिक आवास का विनाश, मानव-हाथी संघर्ष तथा जलवायु परिवर्तन प्रमुख हैं। हाथी जंगलों, घास भूमियों और जल स्रोतों के संतुलन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अनिवार्य है।

हाथी पारिस्थितिकी तंत्र को कई तरीकों से समृद्ध करते हैं। मसलन, वे फलों और पौधों को खाकर लंबी दूरी तय करते हैं और अपने मल (लीद) के माध्यम से बीजों का प्रसार करते हैं, जिससे नए पौधों का विकास होता है और वनों का विस्तार बना रहता है। घने जंगलों में चलते समय वे टहनियां और झाड़ियां तोड़ते हैं, जिससे वन का घनत्व कम होता है और सूर्य का प्रकाश जमीन तक पहुंचता है, जिससे छोटे पौधों और घास को बढ़ने का अवसर मिलता है और जैव विविधता बनी रहती है। सूखे के समय हाथी अपनी सूंड और पैरों से जमीन खोदकर पानी निकालते हैं, जिससे बने गड्ढे अन्य जानवरों के लिए भी जल स्रोत बन जाते हैं। हाथियों के चलने से प्राकृतिक मार्ग बनते हैं, जो अन्य जीवों की आवाजाही को सरल बनाते हैं। उनका मल मिट्टी को पोषक तत्व प्रदान कर उसे उर्वर बनाता है।



सुनील महला
लेखक

भारत में हाथी मुख्य रूप से कर्नाटक, असम, केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में पाए जाते हैं। प्रोजेक्ट एलिफेंट (2017) के अनुसार भारत में लगभग 29,000–30,000 जंगली हाथियों का अनुमान था, जबकि 2025 की नवीनतम डीएनए आधारित गणना के अनुसार इनकी संख्या लगभग 22,446 आंकी गई है। डीएनए आधारित गणना का अर्थ है जानवरों की संख्या का अनुमान उनके आनुवंशिक पदार्थ (जेनेटिक मैटेरियल) के आधार पर लगाना। विश्व में हाथियों की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं- अफ्रीकी हाथी, जिनकी संख्या लगभग 4–5 लाख है तथा एशियाई हाथी, जिनकी संख्या लगभग 50,000–60,000 के बीच है। भारत विश्व के कुल एशियाई हाथियों का 60% से अधिक हिस्सा रखता है।

मानव-हाथी संघर्ष गंभीर समस्या बन चुका है। इसका मुख्य कारण वनों का सिकुड़ना, कृषि विस्तार, मानव बस्तियों का बढ़ना और हाथियों के प्राकृतिक मार्गों का टूटना है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष औसतन 500 से अधिक लोगों की मृत्यु हाथियों के हमलों में होती है। 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 628 तक पहुंच गई, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। पिछले पांच वर्षों में 2,800 से अधिक मानव मौतें दर्ज की गईं, जबकि वर्ष 2009-2024 के बीच लगभग 8,000 मानव मौतें हुई हैं। सबसे अधिक प्रभावित राज्य ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और छत्तीसगढ़ हैं।

हाथियों की मृत्यु भी मानव गतिविधियों के कारण बड़ी संख्या में हो रही है। पिछले 16 वर्षों में 1,653 हाथियों की मौत मानवजनित कारणों से हुई है, जिनमें लगभग 69% मौतें बिजली करंट से और लगभग 16% रेल दुर्घटनाओं से हुई हैं। पिछले पांच वर्षों में 528 हाथियों की मौत दर्ज की गई है, जबकि प्रतिवर्ष औसतन 100 से अधिक हाथी मानव-हाथी संघर्ष में मारे जाते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'जनसांख्यिकीय लाभ' की थ्योरी और बेरोजगारी





कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में गिना जाता है। यह तथ्य अक्सर गर्व के साथ दोहराया जाता है कि देश की बड़ी आबादी कार्यशील आयु वर्ग में है और यही भारत के विकास की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन जब यही युवा, खासकर शिक्षित युवा, रोजगार के लिए भटकते नजर आते हैं, तब यह 'जनसांख्यिकीय लाभ' एक कठिन प्रश्न बनकर सामने खड़ा हो जाता है। हाल ही में जारी 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' रिपोर्ट ने इस जटिल वास्तविकता को ठोस तथ्यों के साथ सामने रखा है और देश के युवाओं की शिक्षा, रोजगार और श्रम बाजार से जुड़े कई अहम रुझानों को रेखांकित किया है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी रिपोर्ट केवल तथ्यों का संकलन नहीं, बल्कि उस संकट का दस्तावेजीकरण है, जिसमें आज का शिक्षित युवा जूझ रहा है। उसके पास उपाधियां हैं, आकांक्षाएं हैं, सपने हैं, लेकिन अवसर सीमित हैं।

पिछले चार दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का दायरा तेजी से बढ़ा है। विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन दर अब 28 फीसदी तक पहुंच चुकी है और इसमें लड़कियों की भागीदारी खासतौर पर बढ़ी है, हालांकि पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज की गई है। यह वर्ष 2017 के 38 फीसदी से घटकर वर्ष 2024 के अंत तक 34 फीसदी रह गई है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि युवा वयस्क अपने परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए कमाने के अवसर तलाशने लगते हैं।

यह बदलाव सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह संकेत देता है कि शिक्षा अब समाज के व्यापक वर्गों तक पहुंच रही है, लेकिन इस प्रगति के साथ एक गहरी विडंबना भी जुड़ी है- शिक्षा बढ़ तो रही है, लेकिन रोजगार के अवसर उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि 20 से 29 वर्ष के 6.3 करोड़ स्नातकों में से लगभग 1.1 करोड़ बेरोजगार हैं। यह युवा रोजगार की वास्तविकता है, जो वर्षों की पढ़ाई के बाद भी रोजगार से वंचित हैं। रिपोर्ट बताती है कि युवाओं को जो नौकरियां मिलती भी हैं, वह अक्सर अस्थायी, कम वेतन वाली या कौशल के अनुरूप नहीं होतीं। स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर केवल सात फीसदी युवाओं को ही स्थायी वेतन वाली नौकरी मिल पाती है।

यह धारणा लंबे समय तक बनी रही कि शिक्षा ही बेरोजगारी से मुक्ति का रास्ता है, लेकिन आज स्थिति उलट दिखती है। रिपोर्ट के अनुसार, 15 से 25 वर्ष के स्नातकों में बेरोजगारी दर लगभग 40 फीसदी है, जबकि 25 से 29 वर्ष के युवाओं में यह करीब 20 फीसदी है। यह स्थिति एक संकेत है कि शिक्षा और रोजगार के बीच का संबंध कमजोर हो गया है। डिग्री/उपाधि होने के बावजूद नौकरी नहीं मिलना युवाओं में निराशा और असंतोष को जन्म देता है। आज के युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल बेरोजगारी नहीं, बल्कि 'अधूरा रोजगार' भी है। बड़ी संख्या में युवा ऐसे काम कर रहे हैं, जो उनकी शिक्षा और कौशल के अनुरूप नहीं हैं। कई इंजीनियर डिलीवरी का काम कर रहे हैं, स्नातक डाटा एंट्री या अस्थायी अनुबंधों पर निर्भर हैं। यह केवल व्यक्तिगत हानि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संसाधनों की भी बर्बादी है। जिस शिक्षा पर इतना निवेश किया गया, वह अपेक्षित उत्पादकता में परिवर्तित नहीं हो पा रही है।

रिपोर्ट इस ओर भी इंगित करती है कि केवल शिक्षा का विस्तार पर्याप्त नहीं है, उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सन् 2010 से 2021 के बीच प्रति लाख युवाओं पर कॉलेजों की संख्या 29 से बढ़कर 45 हो गई है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की संख्या में भी लगभग 300 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके बावजूद क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई हैं और शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है। निर्धारित मानकों के मुकाबले निजी और सरकारी कॉलेजों में शिक्षक-छात्र अनुपात काफी अधिक है, लेकिन इन संस्थानों से निकलने वाले युवाओं के पास वह कौशल नहीं है, जिसकी मांग उद्योगों में है। यह स्थिति बताती है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था अभी भी 'डिग्री केंद्रित' है, न कि 'कौशल केंद्रित'। रिपोर्ट का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि उच्च शिक्षा में गरीब परिवारों की भागीदारी बढ़ी है, जो वर्ष 2007 के आठ फीसदी से बढ़कर 2017 में 15 फीसदी हो गई है, हालांकि यह एक सकारात्मक परिवर्तन दिखता है, लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या इन युवाओं को शिक्षा के बाद समान अवसर मिल रहे हैं?

महंगे पेशेवर पाठ्यक्रम अब भी संपन्न वर्ग के लिए अधिक सुलभ हैं। परिणामस्वरूप, बेहतर वेतन और स्थायी रोजगार के अवसर भी उसी वर्ग तक सीमित रह जाते हैं। इस प्रकार शिक्षा में समानता बढ़ने के बावजूद रोजगार में असमानता बनी रहती है। भारत की अर्थव्यवस्था में भी बदलाव हो रहा है। युवा कृषि से हटकर सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), मोटर वाहन और व्यावसायिक सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जबकि पेशेवर क्षेत्र में जाति एवं स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव कम हुआ है, लेकिन इन क्षेत्रों में भी रोजगार सृजन की गति अपेक्षित नहीं है।

एक ओर उच्च कौशल वाली नौकरियां सीमित हैं, दूसरी ओर कम कौशल वाले कार्यों में अस्थिरता और कम वेतन की समस्या है। यह असंतुलन युवाओं के सामने एक कठिन स्थिति पैदा करता है। वे न तो पूरी तरह रोजगार पा रहे हैं,और न ही अपने कौशल का सही उपयोग कर पा रहे हैं। देश के पास सीमित वक्त है, जिसमें वह अपने जनसांख्यिकीय लाभ को आर्थिक विकास में बदल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 के बाद कामकाजी आयु वर्ग की आबादी का अनुपात घटने लगेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक युवाओं में उच्च शिक्षा का प्रतिशत बढ़ तो रहा है, लेकिन रोजगार के अवसर उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रहे हैं।

## आमने



जिस तरह की गुंडागर्दी और अराजकता आज बंगाल में दिख रही है, वैसी ही स्थिति कभी यूपी में हुआ करती थी। 2017 के बाद यूपी में माफियाओं का अंत बुल्डोजर से किया गया। बंगाल में भी गुंडों का इलाज यूपी का बुल्डोजर ही करेगा। बंगाल में उर्दू नहीं, बल्कि बांग्ला भाषा ही बोली जाएगी।

-योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## सामने



आजकल उत्तर प्रदेश जल रहा है। योगी बाबू यहां आकर भाषण देते हैं और कहते हैं कि बंगाल में बुलडोजर चलते रहेंगे। बंगाल में बुलडोजर नहीं चलते, बंगाली सलाम करते हैं, प्रणाम कहते हैं, जय हिंद कहते हैं, वंदे मातरम् कहते हैं।

-ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री
पश्चिम बंगाल

# नोएडा श्रमिक आंदोलन से उठते सवाल



जयदेव राठी
अधिवक्ता

नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र में हाल में सामने आया श्रमिक आंदोलन एक बार फिर यह सोचने पर विवश करता है कि लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने का सही तरीका क्या होना चाहिए। श्रमिकों की समस्याएं नई नहीं हैं। वेतन, कार्य परिस्थितियां, सुरक्षा और सम्मान जैसे मुद्दे वर्षों से उठते रहे हैं, लेकिन जब इन मांगों की अभिव्यक्ति आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ के रूप में सामने आती है, तो यह न केवल आंदोलन की मूल भावना को कमजोर करती है, बल्कि पूरे सामाजिक और आर्थिक तंत्र को भी गहरी चोट पहुंचाती है।

शुरुआत में यह आंदोलन श्रमिकों के असंतोष की सामान्य अभिव्यक्ति था। महंगाई के बढ़ते दबाव, सीमित वेतन और कार्यस्थल पर सुविधाओं की कमी ने उन्हें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया, लेकिन जैसे-जैसे भीड़ बढ़ी, स्थिति नियंत्रण से बाहर होती चली गई। कुछ स्थानों पर वाहनों को आग के हवाले किया गया, पथराव हुआ और पुलिस के साथ झड़पें भी देखने को मिलीं। यह वह मोड़ था, जहां एक जायज मांगों वाला आंदोलन अपनी नैतिक वैधता खोने लगता है और अराजकता का रूप ले लेता है।

यह समझना जरूरी है कि किसी भी औद्योगिक क्षेत्र में स्थिरता सबसे बड़ी पूंजी होती है। नोएडा जैसे औद्योगिक हब में सैकड़ों कंपनियां और हजारों श्रमिक अपनी आजीविका के लिए एक-दूसरे पर निर्भर हैं। जब इस तरह का आंदोलन हिंसक हो जाता है, तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ता है। कई फैक्ट्रियां अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ीं, जिससे उत्पादन ठप हो गया। इसका आर्थिक असर केवल कंपनियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि श्रमिकों की आय पर भी पड़ता है। दैनिक वेतन पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए एक दिन की मजदूरी भी बहुत मायने रखती है। ऐसे माहौल का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि निवेशकों का भरोसा डगमगाने लगता है। कोई भी निवेशक उस क्षेत्र में निवेश करने से हिचकेगा, जहां बार-बार अस्थिरता और हिंसा की खबरें सामने आती हों। इसका दीर्घकालिक प्रभाव यह हो सकता है कि नए उद्योग स्थापित न हों और मौजूदा उद्योग भी दूसरे स्थानों की ओर रुख कर लें। परिणामस्वरूप, रोजगार के अवसर घट सकते हैं, जो अंततः श्रमिक वर्ग के लिए ही नुकसानदेह साबित होगा।

क्षेत्रीय स्तर पर भी इस आंदोलन ने आम जनजीवन को प्रभावित किया। सड़कों पर जाम लगने से लोग घंटों फंसे रहे। स्कूल जाने वाले बच्चे, अस्पताल पहुंचने वाले मरीज और रोजमर्रा के कामकाज के लिए निकलने वाले लोग- सभी इस अव्यवस्था का शिकार बने। छोटे दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि ग्राहक बाजार तक पहुंच ही नहीं पाए। इस प्रकार, एक वर्ग की समस्या ने पूरे समाज को प्रभावित किया।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आखिर ऐसे आंदोलन होते क्यों हैं और इनके लिए जिम्मेदार कौन है? इसका उत्तर सीधा नहीं है। एक ओर श्रमिकों की वास्तविक समस्याएं हैं। कम वेतन, असुरक्षित कार्य परिस्थितियां और असंतोषजनक श्रम नीतियां। यदि इन समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होता, तो असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। दूसरी ओर, प्रशासन और उद्योग प्रबंधन की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। यदि संवाद की प्रक्रिया कमजोर हो या शिकायतों को गंभीरता से न लिया जाए, तो स्थिति विस्फोटक बन सकती है।

यह भी उतना ही सच है कि हर आंदोलन में कुछ अराजक तत्व सक्रिय हो जाते हैं, जो स्थिति को बिगाड़ने का काम करते हैं। ये तत्व आंदोलन की आड़ में हिंसा फैलाते हैं और पूरे आंदोलन को बदनाम कर देते हैं। कई बार सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहें भी आग में घी का काम करती हैं। बिना सत्यापन के फैलने वाली खबरें लोगों को भड़काती हैं और स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर देती हैं।

यहां यह सवाल भी उठता है कि क्या आंदोलन का स्वरूप बदल रहा है? पहले जहां आंदोलनों में अहिंसा और संयम को प्राथमिकता दी जाती थी, वहीं अब कई बार तुरंत परिणाम पाने की जल्दबाजी में हिंसा का सहारा लिया जाता है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरनाक है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से आंदोलन की जो परंपरा स्थापित की थी, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

आंदोलन का उद्देश्य सुधार होना चाहिए, न कि विनाश। जब किसी आंदोलन में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो अंततः उसका बोझ आम जनता पर ही पड़ता है। सरकार को नुकसान की भरपाई करनी पड़ती है, जो करदाताओं के पैसे से होती है। यानी अप्रत्यक्ष रूप से आम नागरिक ही इसकी कीमत चुकाता है।

भविष्य के दृष्टिकोण से भी ऐसे आंदोलन नुकसानदेह साबित होते हैं। यदि उद्योगों का माहौल अस्थिर रहेगा, तो रोजगार के अवसर कम होंगे। नई पीढ़ी के लिए सुरक्षित और स्थायी रोजगार की संभावनाएं घटेंगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> नोएडा का श्रमिक आंदोलन एक बार फिर यह सोचने पर विवश करता है कि लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने का सही तरीका क्या होना चाहिए।

## सोशल फोरम

# ये जो है जिंदगी

आख़िर वह कौन सी अवस्था है, जिसे कोई मनुष्य जीवन में यदि हासिल कर ले, तो उसे इस बात की गारंटी दी जा सकती है कि उसका जीवन खुशहाली और सुकून से ही गुज़रेगा। इसके लिए मैंने किताबों, इतिहास की थोड़ी-बहुत अधकचरी जानकारियों, इंटरनेट, तकनीकी और अपनी अबतक की कच्ची उम्र की कच्ची समझ का उपयोग किया। मैंने इंटरनेट पर लगभग सभी पेशों, क्षेत्रों और व्यवसाय (जैसेः- डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, साइंटिस्ट्स, प्रोफ़ेसर्स, जजेज, अधिवक्ताओं, आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, व्यवसायी, पूंजीपतियों, राजनेताओं, एमपी, एमएलए, मिनिस्टर्स, कृषक, शिक्षक, दुकानदार, रेहड़ी वाले, मोची, ऐक्टर्स, ऐक्ट्रेसेस, खिलाड़ियों...) मुझे सभी क्षेत्रों और सभी पेशों से जुड़े अनगिनत उदाहरण मिले, जो सुसाइड कर चुके थे।



अजय एसएन सिंह
ब्लॉगर

सभी स्तर के और सभी पेशों के लोगों के जीवन में अवसाद, घरेलू कलह, तनाव इत्यादि की ख़बरें इंटरनेट मीडिया पर भरी पड़ी हैं। सभी स्तर के और सभी पेशों के लोग जेल भी जा चुके हैं।यानी, कोई भी पद-प्रतिष्ठा अथवा भौतिक उपलब्धि जीवन में सुकून अथवा खुशहाली की गारंटी नहीं दे सकता! मैंने इतिहास के पन्नों को मन में पलटा। पाया कि इतिहास में तो बड़े-बड़े राजकुमारों, राजकुमारियों और शासकों द्वारा हत्या, आत्महत्या, सार्वजनिक नरसंहार की घटनाएं इतिहास में चीख रही हैं।

आधुनिक इतिहास की बात करें तो पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान व बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों की हत्याओं व कारावास की घटनाएं तो आम हैं। भारत की दो-दो महान हस्तियों (प्रधानमंत्रियों), जिनकी दूरदर्शिता और हिम्मत को दुनिया सलाम करती थी, की हत्या कर दी गई। जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने तो अंततः स्वयं ही दयनीय दशा में आत्महत्या कर लिया था। वो हिटलर, जिससे दुनिया परेशान थी।

अब्राहम लिंकन और महात्मा गांधी जैसी हस्तियों की तो उनके ही देश के लोगों ने हत्या कर दी। मर्लिन मुनरो जैसी विश्व सुंदरी, जिसकी शोहरत ऐसी कि कहा जाता था, उसके थूके च्यूइंगम और फेंकें गए अंडरगारमेंट्स तक नीलाम होते थे, जिसके प्रेम में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति कैनेडी पागल थे, उसने तक दौलत-शोहरत की बुलंदी पर पहुंचकर भरी जवानी में आत्महत्या कर ली। अर्थात सत्ता के शिखर भी सुकून अथवा खुशहाली की गारंटी नहीं दे सकते! तो, मेरा मानना है कि जीवन खुली आंखों से देखा जाने वाला एक स्वप्न मात्र है।

-फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# मासूमों को बचाने के लिए सख्त हो सजा

देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आ रही बाल तस्करी की घटनाएं समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी हैं। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के 163 बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना, इसी चिंता का एक बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों का दावा था कि वे बच्चों को उनके अभिभावकों की सहमति से मदरसों में शिक्षा के लिए ले जा रहे थे, किंतु जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को एक साथ दूरस्थ स्थानों पर ले जाया जा रहा था, उसने प्रशासन को संदेह करने के लिए विवश कर दिया। यह घटना केवल एक मामला नहीं है, बल्कि उस गहरी समस्या का संकेत है, जो देश के कई हिस्सों में वर्षों से पनप रही है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

बाल तस्करी केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध घोर अन्याय है। इसमें मासूम बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाकर उन्हें शिक्षा, रोजगार या बेहतर जीवन के नाम पर धोखे से फंसाया जाता है और फिर उन्हें शोषण, बंधुआ मजदूरी, यौन उत्पीड़न या अवैध गतिविधियों में धकेल दिया जाता है। यह समस्या विशेष रूप से गरीब और पिछड़े क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलती है, जहां आर्थिक तंगी और जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर तस्कर आसानी से अपने जाल में बच्चों को फंसा लेते हैं।

पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति बेहद चिंताजनक दिखाई देती है। वर्ष 2021 में देशभर में बाल तस्करी के लगभग 2200 से अधिक मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2022 में यह संख्या बढ़कर करीब 2500 के आसपास पहुंच गई। वर्ष 2023 में भी यह आंकड़ा लगभग 2400 मामलों के आसपास रहा, जबकि वर्ष 2024 में इसमें फिर वृद्धि दर्ज की गई और लगभग 2600 मामले सामने आए। वर्ष 2025 में यह संख्या 2800 के करीब पहुंच गई। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि तमाम प्रयासों के बावजूद बाल तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया है।

इन वर्षों में कई बड़े मामले भी सामने आए हैं, जिन्होंने पूरे देश को झकझोर दिया। पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में बच्चों को पड़ोसी देशों में तस्करी कर ले जाने के कई मामले सामने आए। बिहार और झारखंड से बच्चों को दिल्ली, मुंबई और अन्य महानगरों में घरेलू काम या फैक्टरियों में काम दिलाने के नाम पर ले जाकर शोषण किया गया। राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में बच्चों को भीख मंगवाने और अवैध कार्यों में लगाने के मामले उजागर हुए। तमिलनाडु और कर्नाटक में ईंट भट्टों और उद्योगों में बाल मजदूरी के लिए बच्चों को दूर-दराज के राज्यों से लाए जाने की घटनाएं सामने आईं। उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी कई बार ऐसे गिरोह पकड़े गए, जो बच्चों को अपहरण कर उन्हें अवैध गतिविधियों में धकेलते थे।

इन सभी घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि बाल तस्करी का नेटवर्क बहुत व्यापक और संगठित है। यह केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैला हुआ है। इसमें कई स्तरों पर लोग शामिल होते हैं, जो बच्चों को ढूंढने, उन्हें बहलाने, परिवहन करने और फिर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बेचने का काम करते हैं। इस पूरे नेटवर्क को तोड़ना तभी संभव है, जब कानून अत्यंत कठोर हो और उसका सख्ती से पालन किया जाए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### ऐसे बना स्कूल शब्द

'स्कूल' शब्द की उत्पत्ति और इसके पीछे की कहानी काफी रोचक है। 'स्कूल' शब्द अंग्रेज़ी के School से आया है, जिसका मूल स्रोत ग्रीक भाषा का शब्द Schole है। प्राचीन ग्रीक में Schole का अर्थ होता था 'फुर्सत का समय' या 'खाली समय'। उस दौर में लोग अपने खाली समय का उपयोग ज्ञान प्राप्त करने, विचार-विमर्श करने और नई चीजें सीखने में करते थे। धीरे-धीरे यह शब्द सिर्फ खाली समय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उस स्थान के लिए इस्तेमाल होने लगा, जहां लोग बैठकर पढ़ते-लिखते और ज्ञान अर्जित करते थे। ग्रीक से यह शब्द लैटिन भाषा में Schola बना और फिर यूरोपीय भाषाओं के माध्यम से अंग्रेज़ी में School हो गया। भारत में अंग्रेजों के आगमन के बाद यह शब्द 'स्कूल' के रूप में प्रचलित हुआ।




प्राचीन समय में शिक्षा गुरुकुलों में दी जाती थी, जहां छात्र अपने गुरु के साथ रहकर शिक्षा ग्रहण करते थे, लेकिन आधुनिक शिक्षा प्रणाली में 'स्कूल' एक संगठित संस्था के रूप में विकसित हुआ, जहां निश्चित पाठ्यक्रम, समय-सारणी और कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई होती है।

इस प्रकार 'स्कूल' शब्द केवल एक भवन का नाम नहीं है, बल्कि यह उस विचार का प्रतीक है, जहां इंसान अपने समय का सदुपयोग करके ज्ञान और संस्कार प्राप्त करता है। इसकी जड़ें हमें यह सिखाती हैं कि सीखना सिर्फ मजबूरी नहीं, बल्कि एक आनंददायक प्रक्रिया होनी चाहिए।

# पैकिंग में खराब नहीं होंगे खाद्य पदार्थ ना ही केमिकल से होगा नुकसान

खाद्य पदार्थ एल्यूमिनियम फॉयल, बटर पेपर, प्लास्टिक कंटेनर में पैक कराकर घर ले जाकर खाने से बीमार होने का डर अब नहीं सताएगा। उसमें डाले जाने वाले केमिकल से बच सकेंगे। पर्यावरण को भी किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचेगा। केमिकल से बने इन पैकिंग मटेरियल की जगह बाजार में जल्द ही पर्यावरण अनुकूल फिल्म में खाना रखकर दिया जा सकेगा। इसके लिए राजकीय महिला महाविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर ने एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर और दो शोधार्थियों के साथ मिलकर पर्यावरण-अनुकूल बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग फिल्म विकसित की है, जिसमें पैकेजिंग में खाद्य पदार्थ खराब नहीं होंगे। अब तक की पैकेजिंग में लगने वाले केमिकल से कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने शोध का पेटेंट भी करा लिया है।

*-ऋषिदेव गंगवार, बदायूं*






बाहर से खाना पैक कराने पर पैकिंग शीट के कैमिकल की वजह से शरीर को बहुत हानि होती है। तरह-तरह की बीमारियां पनपती हैं, जिसको ध्यान में रखकर राजकीय महिला महाविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार ने एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान के एसोसिएट प्रो. डॉ. प्रमेंद्र कुमार, शोधार्थी डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. मोहत्तिब के साथ मिलकर समस्या पर मंथन किया। शोध करने के बाद सभी ने मिलकर पर्यावरण अनुकूल बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग फिल्म तैयार की। जिन्हें साइट्रिक एसिड से क्रॉस लिंक कर अधिक मजबूत, जल प्रतिरोधी और ऊष्मीय रूप से स्थिर बनाया गया है, जिसका उच्च पारदर्शिता, लचीलापन, जीवाणुरोधी गुण और 35 दिनों के भीतर मिट्टी में अपघटन जैसी विशेषताएं मिलीं। खुद पूरी तरह से परीक्षण करने के बाद अब तैयारी थी पेटेंट की। शोध के अनुसार यह फिल्म फल सब्जियों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में भी सहायक हैं। कम्पोजिट फिल्म्स विद सिट्रिक एसिड क्रॉस-लिंकिंग फॉर पैकेजिंग रहा।




यह तकनीक न केवल पर्यावरण को बचाएगी, बल्कि भारतीय खाद्य उद्योग को सस्ती और सुरक्षित पैकेजिंग प्रदान करेगी। यह उपलब्धि हर किसी के लिए गौरव का विषय है। जल्द ही पैकेजिंग में नई क्रांति आने वाली है। शोध के बाद इसे पेटेंट मिल गया है। यह पैकेजिंग जल्द ही बाजार में नजर आएगी।

**- डॉ. बृजेश कुमार**



## दीर्घकाल तक अपघटित नहीं होते सिंथेटिक पॉलिमर

यह शोध बीमारी के अलावा पर्यावरण को भी संतुलित करेगा। डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि प्लास्टिक आधारित पैकेजिंग सामग्री से बीमारी पैदा हो रही थीं और पर्यावरण को लेकर भी परेशानी थी, जिसके चलते शोध की प्रक्रिया के बाद इस फिल्म को विकसित किया गया। कहा कि पारंपरिक सिंथेटिक पॉलिमर दीर्घकाल तक अपघटित नहीं होते, जिसकी वजह से मृदा और जल प्रदूषण में लगातार वृद्धि होती रहती है। प्राकृतिक, जैव अनुकूल और सतत विकल्पों का विकास बहुत जरूरी हो गया था, जिसकी वजह से इसकी संरचना के बारे में विचार आया।



## इस प्रकार विकसित की गई पैकेजिंग फिल्म

डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि विकसित की गई कंपोजिट फिल्म पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है, जिसके निर्माण में सोडियम एल्जीनेट और डी एसिटाइलेडेट का उपयुक्त अनुपात में मिलान किया गया है। साइट्रिक एसिड के माध्यम से क्रॉस लिंकिंग करके त्रिआयामी एस्टर बांडेड नेटवर्क की संरचना निर्मित की गई, जिससे फिल्म की यांत्रिक सुदृढ़ता, जल प्रतिरोधक क्षमता और तापीय स्थिरता में वृद्धि मिली। इसके अलावा ग्लिसरॉल को प्लास्टिसाइजर के रूप में सम्मिलित कर फिल्म की लचीलापन और भंगुरता नियंत्रण सुनिश्चित किया गया, जिसके प्रयोग के बाद शोधकर्ताओं को पता चला कि विकसित फिल्म उच्च पारदर्शिता, न्यून धुंधलापन और पर्याप्त यांत्रिक गुण प्रदर्शित करती है। मृदा दफन परीक्षणों में लगभग 35 दिनों के भीतर पर्याप्त जैव अवक्रमण (biodegradation) मिला, इसके अलावा यह फिल्म Staphylococcus aureus, Escherichia coli और Pseudomonas aeruginosa जैसे खाद्य जनित रोगाणुओं के विरुद्ध प्रतिजैविक (antibacterial) सक्रियता प्रदर्शित करती है। सामाजिक और औद्योगिक परिप्रेक्ष्य में यह तकनीक खाद्य संपर्क अनुप्रयोगों के लिए सुरक्षित, गैर विषैली और पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रस्तुत करती है। फल और अन्य शीघ्र नष्ट होने वाले खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग में इसके उपयोग से शेल्फ लाइफ में वृद्धि के साथ दृश्य गुणवत्ता संरक्षण संभव है।

## नोटिस बोर्ड

### एलयू के सम सेमेस्टर फार्म की आवेदन तिथि बढ़ी



- लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) ने सम सेमेस्टर (जून 2026) की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 16 अप्रैल कर दिया है, जिससे स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी), डिप्लोमा और अन्य कार्यक्रमों के छात्रों को राहत मिली है। यह विस्तार नियमित, पिछले वर्षों की परीक्षाओं, सुधार परीक्षाओं और छूट प्राप्त (माफी योग्य) परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों पर लागू होता है। हालांकि, द्वितीय सेमेस्टर के छात्र इस अधिसूचना के अंतर्गत नहीं आते हैं।

### कानपुर में फैशन डिजाइनिंग कोर्स शुरू

- कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय ने इस सत्र से फैशन डिजाइनिंग का तीन वर्षीय डिग्री कोर्स शुरू किया है, जिससे छात्रों को अब दिल्ली और मुंबई जाने की जरूरत नहीं होगी। यह कोर्स इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है, जिसमें थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और फैशन शो शामिल हैं। छात्र टेक्सटाइल, डिजाइनिंग, मार्केटिंग जैसे विषय सीखेंगे। इसके अलावा अन्य स्किल बेस्ड कोर्स भी उपलब्ध हैं। इस पहल से रोजगार और स्टार्टअप के अवसर बढ़ेंगे तथा आसपास के जिलों के छात्रों को कम खर्च में बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

## कैंपस का पहला दिन

# दोस्ती और नए सपनों की शुरुआत

कैंपस में पहला दिन मेरे जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक रहा। स्कूल से निकलकर कॉलेज में कदम रखना एक नए संसार में प्रवेश करने जैसा था। मन में उत्साह के साथ हल्की-सी झिझक भी थी, लेकिन ज्यादा डर नहीं लगा क्योंकि मेरे दो चचेरे भाई भी उसी कॉलेज में मेरे साथ एडमिशन लिए थे। हम तीनों का साथ होना मेरे लिए बहुत बड़ा सहारा था।



**यश सिन्हा**
छात्र

पहले दिन हम तीनों साथ ही कॉलेज पहुंचे। नए कपड़े पहनकर, हाथ में रिस्ट वॉच, आंखों पर धूप का चश्मा और पैरों में महंगे जूते पहनकर हम खुद को किसी हीरो से कम नहीं समझ रहे थे। क्लास में जाकर हमने एक साथ बैठना तय किया। उस दिन पढ़ाई से ज्यादा ध्यान नए माहौल को समझने और नए दोस्तों को देखने में था।

इंटर तक हम ब्वॉयज स्कूल में पढ़े थे, इसलिए कॉलेज में लड़कियों के साथ पढ़ना हमारे लिए बिल्कुल



नया अनुभव था। उनके सामने बात करने में झिझक होती थी और अंदर ही अंदर एक अलग-सा रोमांच भी महसूस होता था। कई बार हम एक-दूसरे को देखकर मुस्कुरा देते और फिर नजरें झुका लेते। यह सब बहुत नया और मजेदार था।

धीरे-धीरे हमारा रूटीन बन गया। हम साथ में क्लास अटेंड करते, साथ में लंच करते और कभी-कभी क्लास बंक भी कर लेते थे। कॉलेज की कैटीन हमारी सबसे पसंदीदा जगह बन गई थी। वहां बैठकर घंटों हंसी-मजाक करना, चाय-समोसे खाना और दोस्तों के साथ समय बिताना हमें बहुत अच्छा लगता था। सुबह कॉलेज जाने की तैयारी भी खास होती थी। हम अच्छे से तैयार होकर जाते ताकि सबके सामने अच्छा प्रभाव पड़े, खासकर लड़कियों के सामने थोड़ा स्टाइल मारने का अलग ही मजा था।

कुल मिलाकर, कॉलेज का पहला दिन सिर्फ एक शुरुआत नहीं था, बल्कि दोस्ती, मस्ती और नए अनुभवों की एक खूबसूरत कहानी की शुरुआत था, जिसे याद करके आज भी चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। धीरे-धीरे हम कॉलेज के माहौल में पूरी तरह घुलने-मिलने लगे। नए दोस्तों का दायरा बढ़ता गया और हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता था। प्रोफेसर्स का पढ़ाने का अंदाज भी स्कूल से काफी अलग था, जो शुरुआत में थोड़ा अजीब लगा, लेकिन बाद में वही सबसे रोचक लगने लगा। खाली पीरियड में कैंपस में घूमना, लाइब्रेरी में समय बिताना और फेस्टिवल्स की तैयारी करना हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन गया। हर दिन के साथ हमारा आत्मविश्वास बढ़ता गया और कॉलेज जीवन की यह नई दुनिया हमें और भी आकर्षित करने लगी।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में 11 अप्रैल को श्रीहरिकोटा में ISRO ने एक नए उपग्रह के परीक्षण की तैयारी की घोषणा की, जिससे संचार सेवाओं को मजबूती मिलेगी।
- हाल ही में 13 अप्रैल को लखनऊ में राज्य सरकार ने नई रोजगार योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर बढ़ाना है।
- हाल ही में 12 अप्रैल को मुंबई में भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग सुधारों को लेकर बैठक की, जिसमें डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।
- हाल ही में 10 अप्रैल शुक्रवार को वॉशिंगटन डी.सी. में अमेरिका ने नई आर्थिक नीति पेश की, जिसका उद्देश्य महंगाई नियंत्रण और रोजगार सृजन है।
- हाल ही में 14 अप्रैल को नई दिल्ली में भारत सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सामाजिक न्याय और समानता पर जोर दिया गया।
- हाल ही में 9 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र ने जलवायु परिवर्तन पर नई रिपोर्ट जारी की, जिसमें वैश्विक तापमान वृद्धि को लेकर चिंता जताई गई।
- हाल ही में 8 अप्रैल को टोक्यो में भारत और जापान के बीच व्यापार वार्ता हुई, जिसमें निवेश और टेक्नोलॉजी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।
- हाल ही में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया।
- हाल ही में 6 अप्रैल को अहमदाबाद में भारतीय रेलवे ने नई वंदे भारत ट्रेन सेवा शुरू की, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी।

## जॉब अलर्ट

### विकास सौहार्द सहकारी बैंक लि

- पद का नाम -शाखा प्रबंधक/वरिष्ठ अधिकारी, लेखा परीक्षक, विधि अधिकारी, परिवीक्षाधीन अधिकारी, वसूली सहायक/कनिष्ठ सहायक
- पदों की संख्या-46
- योग्यता-एसएसएलसी, स्नातक, या कानून/वाणिज्य/लेखा में स्नातक
- आयु सीमा- अधिकतम आयु: 30-35 वर्ष (दिनांक 01.04.2026 तक)
- अंतिम तिथि- 24-04-2026

### सरकारी चिकित्सा विज्ञान संस्थान (जीआईएमएस)

- पद का नाम -गैर शिक्षण (प्रयोगशाला तकनीशियन / ओटी तकनीशियन)
- पदों की संख्या-50
- वेतन-2800-29200
- योग्यता-इंटरमीडिएट (विज्ञान) + संबंधित विषय में डिप्लोमा
- आयु सीमा-21-40 वर्ष (दिनांक 01.07.2026 तक) लागू छूटों के साथ
- आवेदन करने की अंतिम तिथि-09-05-2026
- वेबसाइट-https://www.gims.ac.in

### टेरिटोरियल आर्मी कमीशन परीक्षा



- पद का नाम-टेरिटोरियल आर्मी ऑफिसर (लेफ्टिनेंट के रैंक पर कमीशन प्राप्त)
- कुल पद-12 (पुरुष - 11/महिला - 01)
- राष्ट्रीयता-केवल भारतीय नागरिक (पुरुष और महिला)
- आयु सीमा-19 मई 2026 तक 18 से 42 वर्ष
- योग्यता-किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन - www.indianarmy.nic.in
- आवेदन शुल्क-Rs. 500/- (केवल ऑनलाइन भुगतान)
- परीक्षा का प्रकार-कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)
- परीक्षा की तिथि-12 जुलाई 2026

# प्रोफेसर से पीएसयू तक : यूजीसी नेट के बाद खुलते हैं ये रास्ते

उच्च शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए यूजीसी नेट एक महत्वपूर्ण परीक्षा मानी जाती है। यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा न केवल शिक्षण क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता खोलती है, बल्कि रिसर्च, पब्लिक सेक्टर और विभिन्न सरकारी संस्थानों में अवसर भी प्रदान करती है। हालांकि इसे पास करने के बाद सीधे नौकरी नहीं मिलती, लेकिन यह कई प्रतिष्ठित पदों के लिए पात्रता सुनिश्चित करती है। सही जानकारी और योजना के साथ यूजीसी नेट क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवार अपने करियर को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं।



**ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित**
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ

- **असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का अवसर-** यूजीसी नेट क्वालिफाई करने के बाद उम्मीदवार कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के योग्य हो जाते हैं। यह एक प्रतिष्ठित और स्थिर सरकारी शिक्षण पद है, जिसमें शिक्षण के साथ-साथ रिसर्च का भी अवसर मिलता है। इस पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन आवश्यक होता है। सैलरी की बात करें तो 7 वें वेतन आयोग के अनुसार शुरुआती वेतन लगभग 57,000 रुपये प्रतिमाह होता है, जो अनुभव और प्रमोशन के साथ 1,82,400 रुपये तक पहुंच सकता है। इसके अलावा महंगाई भत्ता (डीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए) और यात्रा भत्ता (टीए) जैसे कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। समय के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर और फिर प्रोफेसर बनने का अवसर भी मिलता है।
- **पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग में करियर-** यूजीसी नेट पास करने के बाद उम्मीदवारों के लिए पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (PSU) में भी करियर के कई विकल्प खुलते हैं। ये सरकारी कंपनियां होती हैं, जिनमें रिसर्च, ह्यूमन रिसोर्स, मैनेजमेंट और पॉलिसी से जुड़े पदों पर भर्ती की जाती है। ONGC, NTPC, IOCL, BHEL, GAIL और SAIL जैसी कंपनियों में HR Officer, मैनेजमेंट ट्रेनी, रिसर्च ऑफिसर, CSR ऑफिसर और पॉलिसी एनालिस्ट जैसे पदों पर आवेदन किया जा सकता है। इन संस्थानों में शुरुआती वेतन लगभग 40,000 से 70,000 रुपये प्रतिमाह होता है, जो अनुभव के साथ 1 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकता है।
- **सरकारी रिसर्च संस्थानों में अवसर-** यूजीसी नेट क्वालिफाई करने के बाद उम्मीदवार केवल शिक्षण तक सीमित नहीं रहते, बल्कि विभिन्न सरकारी रिसर्च संस्थानों में भी अपना करियर बना सकते हैं। यहां रिसर्चर, प्रोजेक्ट एसोसिएट और फेलो जैसे पदों पर कार्य करने का अवसर मिलता है। CSIR लैब्स, ICSSR, DRDO, ISRO और BARC जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम करने का मौका मिलता है, जहां उम्मीदवार नई खोज और शोध कार्य में योगदान दे सकते हैं। यह क्षेत्र उन छात्रों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है, जो रिसर्च में गहरी रुचि रखते हैं।



### जूनियर रिसर्च फेलोशिप

JRF अर्थात जूनियर रिसर्च फेलोशिप, यूजीसी नेट के माध्यम से मिलने वाली एक महत्वपूर्ण फेलोशिप है, जो शोध करने के इच्छुक छात्रों के लिए बेहद उपयोगी है। इस फेलोशिप के तहत पीएचडी कर रहे छात्रों को मासिक स्टाइपेंड प्रदान किया जाता है, जिससे वे बिना आर्थिक दबाव के अपनी रिसर्च जारी रख सकें। JRF प्राप्त करने के बाद उम्मीदवारों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर, रिसर्च एसोसिएट, पॉलिसी रिसर्च और विभिन्न थिंक टैंक्स में काम करने के अवसर बढ़ जाते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,111.24 | 24,231.30 |
| बढ़त | 1,263.67 | 388.65 |
| प्रतिशत में | 1.64 | 1.63 |

सोना 1,58,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,57,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### विनफास्ट भारतीय बाजार में उतारेगी इलेक्ट्रिक वाहन

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता विनफास्ट ने बुधवार को कहा कि वह भारत में अलग-अलग ग्राहक वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई उत्पाद उतारेगी। कंपनी यहां अपनी मौजूदगी मजबूत करने पर जोर दे रही है। वियतनाम की इस कंपनी ने भारतीय बाजार में अपना नया प्रीमियम सात-सीटों वाला इलेक्ट्रिक बहुद्देशीय वाहन विनफास्ट वीएफ एमपीवी-7 को 24.49 लाख रुपये की शोरूम कीमत पर पेश किया। इसमें 150 किलोवाट क्षमता की मोटर लगी है और यह एक बार चार्ज करने पर 517 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है।

### अनंत स्वरूप बने फिक्की के नये महासचिव

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की ने भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के पूर्व अधिकारी अनंत स्वरूप को अपना नया महासचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति बुधवार 15 अप्रैल से प्रभावी हो गयी है। फिक्की ने मीडिया को दी जानकारी में कहा है कि 1992 बैच के आईआरपीएस अधिकारी श्री स्वरूप की नियुक्ति देश के उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व को और सशक्त बनाती है। उनके पास लोक नीति, लॉजिस्टिक्स, विनियामक सुधार और अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं का तीन दशक से भी अधिक का अनुभव है।

### बीमा कारोबार में उतरने को तैयार मुथूट फाइनेंस

**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस ने जीवन एवं साधारण बीमा दोनों क्षेत्रों में बीमा वितरण कारोबार में प्रवेश के लिए बुधवार को शेयरधारकों की मंजूरी मांगी। डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) नोटिस में, मुथूट फाइनेंस ने कंपनी के संविधान में बदलाव करने और इसे कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप बनाने के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति मांगी है। मुथूट फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मंजूरी कॉरपोरेट एजेंट या बीमा मध्यस्थ के रूप में व्यवसाय तथा गतिविधियों को संचालित और करने के लिए मांगी जा रही है।

### वीएफएस ने दो जगह शुरू की सिंगापुर वीजा सेवा

**नई दिल्ली।** विभिन्न देशों की सरकारों की ओर से वीजा सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ और तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में सिंगापुर के लिए वीजा सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसे नयी दिल्ली स्थित सिंगापुर गणराज्य के उच्चायोग और चेन्नई स्थित सिंगापुर के महावाणिज्य दूतावास द्वारा क्रमश: चंडीगढ़ और चेन्नई में अधिकृत वीजा एजेंट नियुक्त किया गया है।

# अमेरिका-ईरान वार्ता बहाली की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 78 हजार के पार

## 1,264 अंक उछलकर 78,111.24 पर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी 338 अंक चढ़कर 24,231 पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय यह 1,422.85 अंक चढ़कर 78,270.42 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63% बढ़कर 24,231.30 अंक पर बंद हुआ।



• ब्रेंट क्रूड ऑयल गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल पर आया

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया तनाव कम होने के संकेतों के बीच गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। तेल कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयात पर निर्भर देश को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ाई, जिससे बाजार में खरीदारी लौटी। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने की उम्मीद और उसकी वजह से कच्चे तेल में आई नरमी ने मुद्रास्फीति चिंताओं को कम किया है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 2.55 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,585 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 802 शेयरों में गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,983.18 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,432.30 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

### संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बुधवार को शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई सेंसेक्स 1,263.67 अंक उछला। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 9,41,461.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,58,55,016.77 करोड़ रुपये (4,910 अरब डॉलर) हो गया।

### बढ़त में रहीं कंपनियां

सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टेक महिंद्रा, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं।

### इनमें रही गिरावट

भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

# अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल सोने की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अक्षय तृतीया त्योहार से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 11,800 रुपये बढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 3,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अक्षय तृतीया को कीमती धातुओं की खरीद के लिए शुभ दिन माना जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 19 अप्रैल है।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी सोमवार के बंद स्तर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,800 रुपये या 4.81 प्रतिशत बढ़कर 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,000 रुपये या करीब दो प्रतिशत बढ़कर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। पिछले बाजार सत्र में सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार मंगलवार को छुट्टी की वजह से बंद था। कारोबारियों ने इस तेज बढ़त की वजह त्योहार से पहले की खरीदारी को बताया, जो मजबूत खुदरा मांग की उम्मीदों के बीच हुई।

श्रृंगार हाउस ऑफ़ मंगलसूत्र लिमिटेड के सीएमडी चेतन थडेश्वर ने कहा कि अक्षय तृतीया आभूषण उद्योग के लिए सबसे खास समय में से एक है, जो परंपरा और सोने से जुड़े मूल्य की वजह से चलता है। हालांकि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है, लेकिन ग्राहकों का इरादा मज़बूत बना हुआ है।

# फिर शुरू होगी व्यापार वार्ता, अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा भारतीय दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के साथ फरवरी में हुए अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के लिए मुख्य व्यापार वार्ताकार के नेतृत्व में भारतीय अधिकारियों का दल इस महीने की 20 तारीख से अमेरिका की यात्रा पर जा रहा है। यह जानकारी वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को दी।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के व्यापार वार्ताकार आमने सामने बैठ कर अंतरिम समझौते से जुड़े मुद्दों पर बातचीत करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यहां कहा कि दोनों देशों के आधिकारिक दल तीन माह से अधिक के अंतराल के बाद आमने-सामने बैठने जा रहे हैं। भारतीय दल फरवरी के दूसरे पखवाड़े में वाशिंगटन जाने की तैयारी में था पर इसी दौरान 20 फरवरी को राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा आपातकालीन अधिकारों के तहत भारत सहित अमेरिका के तमाम व्यापारिक देशों के माल पर लाये गये शुल्कों को अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए खारिज कर दिया गया। बदली परिस्थितियों में भारतीय दल की प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी गयी थी। इस बीच दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते और नये बने हालात के बारे में वीडियो कांफ्रेंसिंग जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिये बातचीत होती रही है। श्री अग्रवाल ने अपने कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि हम अमेरिका के साथ समझौते को कानूनी तौर पर अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं।




## रिपोर्ट : विश्व के अग्रणी एआई उपयोगकर्ताओं में भारत शामिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ओपनएआई ने बुधवार को भारत के लिए अपनी ताजा क्षमता अंतराल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत दुनिया के सबसे अग्रणी कृत्रिम मेधा (एआई) बाजारों में से एक है।

इसके मुताबिक, खासतौर से कोडिंग, डेटा विश्लेषण और जटिल तर्क के मामले में भारत काफी आगे है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में यहां एआई की स्वीकार्यता की दर बड़े शहरों में अधिक है।

ओपनएआई के अनुसार, प्रति व्यक्ति सोचने की क्षमता के उपयोग के मामले में भारत विश्व स्तर पर शीर्ष पांच देशों में शामिल है। यहां के उपयोगकर्ता नियमित रूप से जटिल समस्याओं को हल करने के लिए एआई के साथ संवाद कर रहे हैं। फरवरी, 2026 में ओपनएआई के 'कोडेक्स ऐप' (एआई कोडिंग टूल) की पेशकश के महज दो सप्ताह के भीतर भारत में इसके उपयोगकर्ताओं में चार गुना वृद्धि देखी गई। कोडिंग और डेटा विश्लेषण के उपयोग में भी भारत की रैंकिंग काफी मजबूत है। यह क्षमता समान रूप से वितरित नहीं है। भारत में एआई का उपयोग कुछ शहरों तक ही सीमित है।

## जानकारी

# डिजिटल फ्रॉड पर लगेगी रोक




**कारोबार डेस्क**

आज के युग में लोग कैश यानी नकदी से लेनदेन कम, ऑनलाइन पेमेंट ज्यादा करते हैं। हर तकनीकि की तरह इसके कई लाभ हैं तो नुकसान भी हैं। हम आए दिन डिजिटल फ्रॉड के खबरों से रू-ब-रू होते हैं। यदि आप भी यूपीआई या आईएमपीए से पैसों का लेनदेन करते हैं तो यह आर्टिकल आपके काम है।

रिजर्व बैंक के नये प्रस्ताव के अनुसार

...अब 10,000 से ज्यादा के UPI और डिजिटल ट्रांजैक्शन तुरंत नहीं होंगे। फ्रॉड रोकने के लिए एक घंटे का 'कूलिंग पीरिएड' और 'किल स्विच' सिस्टम विकसित किया जा रहा है। वरिष्ठ नागिरकों के लिए भी इसमें कुछ नियम शामिल किए गए हैं। फिलहाल रिजर्व बैंक ने इस प्रस्ताव पर नागरिकों से सुझाव भी मांगे हैं। आइए समझते हैं कि क्या हैं डिजिटल लेनदेन के नए नियम और कैसे आपका पैसा अब पहले से अधिक सुरक्षित रह सकेगा-

### ये बदलाव क्यों?

- 10,000 से अधिक राशि के ट्रांजेक्शन पर 1 घंटे का कूलिंग पीरियड प्रस्तावित
- देरी के दौरान ट्रांजेक्शन कैंसिल करने का विकल्प
- 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों एवं दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा
- 50,000 रुपये से अधिक के ट्रांजेक्शन पर Nominated "Trusted Person" approval जरूरी

### आसानी से समझें

- **क्या है नया Cooling पीरियड नियम? क्या अब पैसा तुरंत नहीं जाएगा?**
  - -10,000 से ज्यादा पर
  - -एक घंटे तक होल्ड रहेगा
- **इस एक घंटे में क्या होगा?**
  इस एक घंटे में आपके पास अवसर होगा अपना ट्रांजेक्शन चेक करने का और गलती या फ्रॉड होने पर उसे कैंसिल करने का
- **क्या यह सभी पेमेंट पर लागू होगा?**
  UPI और IMPS जैसे डिजिटल ट्रांजेक्शन पर
- **वरिष्ठों, खासकर 70+ उम्र वालों के लिए क्या है?**
  -50,000 रुपये से अधिक की राशि के ट्रांजेक्शन पर विश्वसनीय नामित व्यक्ति की मंजूरी जरूरी
  **अर्थात:** बिना अनुमति नहीं जाएगा पैसा
- **Kill Switch क्या है और ये कैसे काम करेगा?**
  -एक क्लिक में-UPI, इंटरनेट बैंकिंग और सभी डिजिटल पेमेंट बंद, फ्रॉड होने पर तुरंत बचाव संभव और क्रेडिट लिमिट पर भी रहेगी नजर।

### क्या बदलेगा

- तुरंत ट्रांजेक्शन की आदत बदलेगी।
- डिजिटल फ्रॉड के मामलों में आएगी कमी।
- ज्यादा सतर्क होंगे उपयोगकर्ता।
- **अगर आप रोज यूपीआई यूजर हैं:** बड़े ट्रांजैक्शन में इंतजार करना पड़ेगा
- **सीनियर सिटीजन हैं** तो मिलेगा अतिरिक्त सुरक्षा का लाभ

### अब क्या करें

- ट्रांजेक्शन से पहले कम से कम दो बार चेक करें पूरी डिटेल
- Trusted person सेट करें
- फ्रॉड की आशंका होते ही तुरंत एक्शन लें और 'किल स्विच' का उपयोग करते हुए तत्काल अपने ट्रांजेक्शन यानी लेनदेन को निरस्त करें।


### काम की बात

- पिवट हालांकि 10 हजार रुपये से अधिक के ट्रांजेक्शन में फ्रॉड के 45 फीसदी मामले होते हैं लेकिन 98.5 प्रतिशल पैसा इसी में लुटता है।

इसलिए अब पैसे भेजने से पहले सोचने का वक्त मिलेगा और भारतीय रिजर्व बैंक का यह नया प्लान फ्रॉड पर बड़ा ब्रेक लगा सकता है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# विकसित तमिलनाडु के लिए वोट दें, द्रमुक की हार तय है: मोदी

## प्रधानमंत्री के रोड शो में गूंजे मोदी-मोदी और भारत माता के जयकारे

**नागरकोइल (तमिलनाडु), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए राजग उम्मीदवारों के समर्थन में बुधवार को एक रोडशो किया और कहा कि अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन निश्चित रूप से जीतेगा जबकि सत्तारूढ़ द्रमुक की हार तय है। आप विकसित तमिलनाडु के लिए वोट दें।

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और उनके पूर्ववर्ती के. अन्नामलाई के साथ कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में मोदी एक सजे-धजे वाहन के ऊपर खड़े होकर, सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का अभिवादन कर रहे थे। कस्बे में वेप्पामूडु जंक्शन से वडासेरी तक लगभग 1.5 किलोमीटर की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री पर लोगों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। रोडशो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाये। प्रधानमंत्री ने भीम राव आंबेडकर और द्रविड़ विचारधारा के दिग्गज दिवंगत सी.एन. अन्नादुरई और एम.जी. रामचंद्रन (एम.जी.आर.) की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की। एम.जी. रामचंद्रन अन्नाद्रमुक के संस्थापक थे। बाद में, अपने साथ आए नेताओं और क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के साथ बातचीत में, उन्होंने 23 अप्रैल को होने वाले चुनावों में राजग की जीत का पूरा भरोसा जताया।



नागरकोइल में राजग प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

# केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की: ममता बनर्जी

• केंद्रीय मंत्रियों पर लगाया चुनाव वाले राज्य में पैसा लाने और पद के दुरुपयोग का आरोप

**इस्लामपुर (प.बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि जब वह दिन में कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थीं, तभी केंद्रीय बलों ने उनकी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। मुख्यमंत्री से पहले, उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग ने उसके नेताओं के वाहनों की गहन तलाशी लेने का आदेश दिया है। बनर्जी ने उत्तर दिनाजपुर जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्रियों पर चुनाव वाले राज्य में पैसा लानेऔर अपने पदों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि जब मैं आज कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थी तो केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। अगर आपमें हिम्मत है, तो आप हर दिन मेरी कार की जांच करें। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि केवल उसके नेताओं, विशेष रूप से अभिषेक बनर्जी के वाहन को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आधार पर, पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा सघन तलाशी के लिए चुना गया है।

सत्तारूढ़ पार्टी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि इस तरह की गहन जांच के लिए केवल उनकी पार्टी के नेताओं को ही क्यों चुना जा रहा है जबकि अन्य को छोड़ा जा रहा है? तृणमूल के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बनर्जी ने केंद्र सरकार के संसाधनों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राज्य चुनावों में जीत हासिल करने के लिए पूरी सरकार को यहां ले आयी है।



चुनाव प्रचार के दौरान रोड शो करतीं ममता बनर्जी।

# जनता से लूटी पाई-पाई तृणमूल से वसूल करेगी भाजपा: शाह

• जलपाईगुड़ी में रैली में गरजे अमित शाह- ममता बनर्जी का सत्ता से जाना तय

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संकल्प जताया कि भाजपा, तृणमूल कांग्रेस द्वारा भ्रष्टाचार के माध्यम से बंगाल की जनता से लूटी गई एक-एक पाई वसूल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद भी भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है। उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सत्ता से जाना निश्चित है, लेकिन इस प्रक्रिया को शुरू करने का काम राज्य के उत्तरी क्षेत्रों से शुरू होगा।

शाह ने कहा कि मोदी ने गुजरात पर 12 साल शासन किया और केंद्र में भी पिछले 12 साल से नेतृत्व कर रहे हैं, फिर भी उनके खिलाफ एक पैसे तक का किसी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा को सत्ता में लाएं और तृणमूल नेताओं द्वारा लोगों से लूटे गए एक-एक पैसे को ब्याज समेत वसूला जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने के बाद तृणमूल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जिन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले में 300 करोड़ रुपये हड़पे और उत्तर बंगाल के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत बाढ़ राहत कोष से 100 करोड़ रुपये चुराए। शाह ने कहा-उत्तर बंगाल तीन 'टी' के लिए जाना जाता है-टी (चाय), टिंबर (लकड़ी) और टूरिज्म (पर्यटन)। लेकिन ममता बनर्जी ने इसमें एक चौथा 'टी' जोड़ दिया है-भाजपा कार्यकर्ताओं के टीअर्स (आंसू), जिन्होंने तृणमूल के गुंडों के हाथों असहनीय पीड़ा झेली है।



जनसभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।



जनसम्पर्क करते तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन।

## स्टालिन ने किया केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रस्तावित परिसीमन अभ्यास के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे राज्य में काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन की घोषणा की और केंद्र को चेतावनी दी कि यदि उसने तमिलनाडु की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने परिसीमन पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पार्टी सांसदों और पार्टी जिला सचिवों की एक आपात बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि हमारे सिर पर लटकी तलवार अब हम पर आ गिरी है। कहा-द्रमुक सभी राज्यों के सांसदों से संपर्क साध रही है और इस गंभीर खतरे का मुकाबला करने के लिए समन्वित रणनीति तैयार कर रही है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को संसद में लाया जाने वाला परिसीमन संशोधन तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों के खिलाफ एक घोर ऐतिहासिक अन्याय है।



चुनाव प्रचार के दौरान टीवीके प्रमुख विजय।

## विजय ने चुनाव लड़कर दो सीटों को हाई-प्रोफाइल बनाया

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अभिनेता- राजनेता विजय द्वारा चेन्नई के पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व दो सीट से चुनाव लड़ने के विकल्प को चुनने के बाद ये दोनों सीट 'हाई-प्रोफाइल' निर्वाचन क्षेत्र बन गईं हैं। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय, एक ही साथ दो सीट से चुनाव लड़ने वाले पहले नेता नहीं हैं। जे. जयललिता ने 1991 में बरगुर और कांगेयम सीट से चुनाव लड़ा और दोनों सीट पर जीत हासिल की थी। उन्होंने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की भारी जीत के बाद बरगुर सीट को बरकरार रखने का फैसला किया और कांगेयम सीट छोड़ दी थी, जिसके बाद वह पहली बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं। पुथिया तमिलगम पार्टी के संस्थापक के. कृष्णासामी ने 2016 के चुनावों में दो आरक्षित सीट ओट्टापिडारम और वालपराई से चुनाव लड़ा तथा वह दोनों में हार गए थे। विजय द्वारा चुने गए दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में काफी संख्या में श्रमिक वर्ग निवास करते हैं और ईसाइयों का एक बड़ा हिस्सा भी मौजूद है।

नववर्ष का उत्साह



कंबोडिया के नोम पेन्ह शहर में शाही महल के सामने एक मुख्य सड़क पर खमेर नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित संक्रांत परेड में प्रदर्शन करने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते कंबोडियाई नर्तक।

# ईरान की परमाणु गतिविधियों की जांच के हों विस्तृत उपाय

- आईएईए प्रमुख बोले-समझौते में इन उपायों को शामिल किया जाए

**सियोल, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते में ईरान की परमाणु गतिविधियों के सत्यापन हेतु बहुत विस्तृत उपायों को शामिल किया जाना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए एक संपूर्ण सत्यापन व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं ट्रंप प्रशासन ने कहा



है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना युद्ध का एक प्रमुख लक्ष्य है। ईरान ने पहले कहा था कि वह ऐसे हथियार विकसित नहीं कर रहा है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम पर किसी भी रोक को मानने से उसने इनकार किया है। पिछले सप्ताहांत पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच हुई वार्ता का पहला दौर किसी समझौते पर नहीं पहुंच सका। व्हाइट हाउस ने कहा कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य अड़चन थीं। हालांकि, ईरान के एक राजनयिक ने बंद कमरे में हुई वार्ता की संवेदनशीलता के कारण नाम गुप्त रखने की शर्त पर बातचीत में इस बात से इनकार किया कि वार्ता ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं के कारण विफल हुई। ग्रॉसी ने सियोल में कहा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम बहुत महत्वाकांक्षी और व्यापक है, इसलिए इसमें आईएईए निरीक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अन्यथा, कोई समझौता नहीं होगा। समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा। कहा कि परमाणु प्रौद्योगिकी पर किसी भी समझौते के लिए विस्तृत सत्यापन तंत्र की आवश्यकता होती है। सदस्य देशों को दी गई आईएईए की एक गोपनीय रिपोर्ट में कहा गया है ईरान ने अपनी उस परमाणु इकाई तक आईएईए को पहुंच की अनुमति नहीं दी जिसे निशाना बनाकर जून में 12 दिनों के युद्ध के दौरान इजराइल और अमेरिका द्वारा बमबारी की गई थी। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकती कि ईरान ने संवर्धन से संबंधित सभी गतिविधियों को निलंबित कर दिया है या नहीं, या प्रभावित परमाणु इकाई में ईरान के यूरेनियम भंडार का आकार क्या है।

## ईरान लंबे समय से अपने परमाणु कार्यक्रम को बताता रहा है शांतिपूर्ण

ईरान लंबे समय से अपने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण बताता रहा है, लेकिन आईएईए और पश्चिमी देशों का कहना है कि तेहरान का 2003 तक एक संगठित परमाणु हथियार कार्यक्रम था। आईएईए का दावा है कि ईरान के पास 440.9 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार है, जिसे 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित किया गया है, जो 90 प्रतिशत शुद्धता के हथियार-स्तरीय स्तर से बस एक तकनीकी कदम दूर है। ग्रॉसी ने पहले कहा था कि यदि ईरान अपने कार्यक्रम को हथियार बनाने की ओर मोड़ने का निर्णय लेता है, तो इस भंडार से वह 10 परमाणु बम बना सकता है। आईएईए के दिशानिर्देशों के अनुसार, इस तरह के अत्यधिक संवर्धित परमाणु पदार्थ का सामान्यत: हर महीने सत्यापन किया जाना चाहिए। बुधवार के संवाददाता सम्मेलन के दौरान, ग्रॉसी ने यह भी कहा कि उनकी एजेंसी ने उत्तर कोरिया में परमाणु इकाइयों पर गतिविधियों में तेज वृद्धि की पुष्टि की है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा चीन

**काहिरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि चीन, ईरान को हथियार नहीं देने पर सहमत हो गया है। उनका दावा ऐसे समय आया है जब खबरें है कि चीन हथियारों की आपूर्ति पर विचार कर रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि चीन मेरे द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को स्थायी रूप से खोलने से बहुत खुश है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन ने ईरान को हथियार न भेजने पर सहमति जताई है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह इन दोनों बातों को आपस में जोड़ना चाह रहे थे। राष्ट्रपति ने मंगलवार को एक साक्षात्कारकर्ता को बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान को हथियार भेजने से इनकार किया है।

### छात्र ने स्कूल में की गोलीबारी, 4 की मौत

**अंकारा।** दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक स्कूल में बुधवार को एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। कहरामनमारास प्रांत के गवर्नर मुकेर्रम उनलुएर ने कहा कि हमलावार छात्र अपने पिता की बंदूक लेकर आया था। हमलावर स्वयं भी मारा गया। हमलावार छात्र के पिता पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक शिक्षक भी शामिल है। हमले के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल सका है।

### 70 फलस्तीनियों को इजराइल ने पकड़ा

**यरुशलम।** इजराइली पुलिस ने लगभग 70 फलस्तीनी पुरुषों को कचरा ढोने वाले एक ट्रक के अंदर छिपा हुआ पाया। ये लोग कथित तौर पर काम की तलाश में वेस्ट बैंक से इजराइल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। इजराइली पुलिस द्वारा जारी वीडियो में दिख रहा है कि सोमवार देर रात जब ट्रक का पिछला हिस्सा खोला गया तो उसमें कचरे वाले हिस्से में पुरुष ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। वीडियो में पुलिसकर्मी ट्रक को घेरते हुए दिखायी दे रहे हैं, जिनमें से कुछ ने हथियार ताने हुए थे। ट्रक के अंदर मौजूद कुछ लोगों ने हाथ ऊपर उठा लिए और उन्हें एक-एक कर बाहर निकाला गया।

### रूस-चीन के संबंध मौजूदा दौर में बहुमूल्य

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को कहा कि बदलावों और उथल-पुथल के दौर से गुजर रहे अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में चीन-रूस संबंधों में मौजूद स्थिरता और निश्चितता खास तौर पर बहुमूल्य है। बीजिंग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात के दौरान जिनपिंग ने कहा कि इस तरह की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच मैत्री संधि की मजबूत जीवंतता और अनुकरणीय महत्व और भी अधिक स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया है।

# अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीदें बढ़ीं

## ट्रंप ने कहा-पश्चिम एशिया में शांति के लिए एक-दो दिन में हो सकती है वार्ता

**काहिरा, एजेंसी**

संघर्षरत अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत शुरू होने की उम्मीदें उस समय बढ़ गईं, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आने वाले एक दो दिन में पश्चिम एशिया में शांति के लिए दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की उसकी नाकाबंदी पूरी तरह से प्रभावी है।

ईरान ने भी इलाके में मौजूद लक्ष्यों पर हमला करके जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वार्ता का दूसरा दौर अगले दो दिनों में शुरू हो सकता है। उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि कूटनीतिक रास्तों से बातचीत बहाल करने के लिए काम हो रहा है और यह बातचीत इस्लामाबाद में हो सकती है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और ईरान और दो सप्ताह युद्धविराम बढ़ाने को लेकर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए है, जो 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है, ताकि कूटनीति समाधान के लिए और समय मिल सके। मध्यस्थता प्रयासों में शामिल एक अधिकारी ने कहा कि मध्यस्थ तीन मुख्य विवादित बिंदुओं - ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को युद्ध के दौरान हुए नुकसान के मुआवजे - पर समझौता करने के लिए काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ हुई अपनी बैठक का हवाला देते हुए कहा कि वार्ता फिर से शुरू होने की प्रबल संभावना है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के कार्यालय ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे, क्योंकि उनका देश नई वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत है, और इसके बाद वह शुक्रवार को तुर्किये में शुरू हो रहे अनातलिया शांति मंच में शिरकत करेंगे। युद्ध समाप्त होने की उम्मीदों की वजह से तेल की कीमतों में गिरावट आई है।



### बेनतीजा रही इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता

अमेरिका-ईरान संघर्ष को स्थायी रूप से समाप्त करने के उद्देश्य से पिछले सप्ताहांत पाकिस्तान में आयोजित शांति वार्ता बेनतीजा रही। व्हाइट हाउस ने कहा कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं गतिरोध के केंद्र में हैं। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा कि हमारा नेतृत्व अमेरिका और ईरान को संघर्ष समाप्त करने में मदद करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। युद्धविराम की मियाद बढ़ती नजर आ रही है। इसके बावजूद रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य पर टकराव से संघर्ष की आशंका बरकरार है। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने मंगलवार को कहा कि 24 घंटों में कोई भी जहाज नाकेबंदी को पार नहीं कर पाया, छह व्यापारिक जहाजों ने अमेरिकी सेना के निर्देश का पालन किया।

### इजराइल-लेबनान के राजदूतों में भी वार्ता

इस बीच, वाशिंगटन में दशकों बाद इजराइल और लेबनान के राजदूतों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता मंगलवार को सकारात्मक रही। इजराइली राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि दोनों देश चरमपंथी हिजबुल्ला से लेबनान को मुक्त कराने के मामले में एकमत हैं। लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने बैठक को रचनात्मक बताया, इजराइल और ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों के बीच जारी संघर्ष समाप्त करने की अपील की। मार्च से चल रहे इस युद्ध के कारण लेबनान में 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। इजराइल और लेबनान 1948 में इजराइल की स्थापना के बाद से ही युद्ध की स्थिति में हैं।

# श्रीलंका ने 230 ईरानी नौसैनिकों को स्वदेश भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका में अमेरिकी पनडुब्बी हमले और इंजन फेल होने की घटनाओं के बाद संकट में फंसे ईरानी नौसेना के दो जहाजों के 230 से अधिक नाविकों को स्वदेश भेज दिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुल 238 नाविकों को मंगलवार देर रात तुर्किये की एक एयरलाइन के विमान से वापस भेजा गया। चार मार्च को ईरान का नौसैनिक जहाज 'आईरिस डेना' श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के बाहर अमेरिकी हमले का शिकार हुआ था, जिसमें 84 नाविकों की मौत हो गई थी।

इस घटना में 32 अन्य लोगों को श्रीलंका ने बचाया था। इसके तीन दिन बाद ईरान के दूसरे जहाज 'आईरिस बुशहर' को इंजन खराब होने की सूचना के बाद श्रीलंका के जल क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इस जहाज पर सवार 200 से अधिक लोगों को कोलंबो के पास स्थित नौसेना के वेलिसारा केंद्र में ठहराया गया।

# अमेरिकी रक्षामंत्री हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

- ईरान के मुद्दे पर प्रतिनिधि सभा में पांच सूत्रीय प्रस्ताव पेश

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के खिलाफ पांच सूत्रीय महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें उन पर सत्ता के दुरुपयोग, युद्ध अपराध और ईरान में सैन्य अभियानों चलाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

प्रतिनिधि यास्मीन अंसारी के नेतृत्व में लाए गए इस प्रस्ताव को आठ अन्य डेमोक्रेटिक सांसदों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें स्टीव कोहेन, जैस्मीन क्रॉकेट, निकेमा विलियम्स, दीना टाइटस, डेविड मिन, श्री थानेदार, ब्रिटनी पेटर्सन और सारा मैकब्राइड शामिल हैं। सात पन्नों के इस प्रस्ताव के पहले अनुच्छेद में हेगसेथ पर कांग्रेस की अनिवार्य मंजूरी के बिना ईरान के



खिलाफ अनधिकृत युद्ध शुरू करने और संवैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी कर अमेरिकी सैन्य कर्मियों को जोखिम में डालने का आरोप लगाया गया है। दूसरे अनुच्छेद में उन पर सशस्त्र संघर्ष के कानूनों के उल्लंघन का आरोप है, जिसमें कहा गया है कि उनके कार्यकाल में ऐसी सैन्य कार्रवाइयां हुईं जिनसे ईरान में एक बालिकाओं के स्कूल सहित अन्य नागरिक बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा और आम नागरिक हताहत हुए। प्रस्ताव में सिग्नलगेट विवाद का भी उल्लेख किया गया है, जिसके तहत रक्षा मंत्री पर संवेदनशील सैन्य सूचनाओं के प्रबंधन में लापरवाही बरतने का आरोप है।

# आंबेडकर जयंती पर संयुक्त राष्ट्र में हुआ विशेष कार्यक्रम

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उनकी विरासत और संवैधानिक नैतिकता को विकसित करने के उनके प्रबल प्रयासों का उल्लेख किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि राजनीतिक विखंडन और निरंतर संघर्षों से भरे इस अशांत समय में आंबेडकर द्वारा संवैधानिक नैतिकता को बढ़ावा देने का आह्वान विशेष रूप से प्रासंगिक है। कहा कि इससे बहुपक्षवाद को मजबूत करने, संयुक्त राष्ट्र में प्रभावी सुधार लाने, इसके प्रमुख अंगों को पुनर्जीवित करने और संगठन को वर्तमान जरूरतों के अनुरूप बनाने में मदद मिलेगी। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में डॉ. बीआर आंबेडकर की संवैधानिक नैतिकता की परिकल्पना और बहुपक्षवाद के लिए इसकी प्रासंगिकता विषय पर आयोजित किया गया था।

# पंजाब में बस पलटने से आठ श्रद्धालुओं की मौत, 19 घायल

- आनंदपुर साहिब से लौट रही थी बस, 40 यात्री थे सवार

**चंडीगढ़, एजेंसी**

आनंदपुर साहिब से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही एक बस पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में पलट गई, जिससे उसमें सवार आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे बस्सी पठाना के मोरिंडा-चुन्नी रोड क्षेत्र में हिम्मतपुरा के पास हुई। बस में सवार सभी श्रद्धालु फतेहगढ़ साहिब के मेन माजरी के निवासी थे और बैसाखी के अवसर पर रूपनगर जिले के आनंदपुर साहिब से मत्था टेकने के बाद लौट रहे थे। फतेहगढ़ साहिब के एसएसपी शुभम अग्रवाल ने कहा, बस में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे। फतेहगढ़ साहिब के डीएसपी राज कुमार ने बताया कि पहले इस घटना में एक महिला सहित छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 21 लोग घायल हो गए थे। लेकिन बाद में दो अन्य घायलों ने दम तोड़ दिया। घायलों को फतेहगढ़ साहिब, बस्सी पठाना और रूपनगर जिला स्थित मोरिंडा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग पहुंचे और बचाव कार्यों में मदद की।

घायलों में से एक महिला ने बताया कि बस मेन माजरी गांव पहुंचने ही वाली थी कि अचानक पलट गई। बस्सी पठाना के विधायक रूपिंदर सिंह मंगलवार रात घटनास्थल पर पहुंचे। विधायक ने कहा कि सभी श्रद्धालु मेन माजरी गांव के थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्रद्धालुओं की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिजन के साथ खड़ी है। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने दुख व्यक्त किया।

# कैलिफोर्निया विस ने बैसाखी पर्व को प्रदान की मान्यता

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर बैसाखी को सिख-अमेरिकियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक के रूप में मान्यता दी है और राज्य के लोगों को बैसाखी के पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया, जिसे 80 सदस्यीय सदन में से 76 सदस्यों का समर्थन मिला और इसे बैसाखी की पूर्व संध्या पर सोमवार को पारित किया गया।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने एक्स पर एक पोस्ट किया कि कैलिफोर्निया में बैसाखी मना रहे सिख समुदायों को मेरी ओर से नववर्ष और भरपूर फसल के लिए शुभकामनाएं। प्रस्ताव में कहा गया है कि विधानसभा 14 अप्रैल 2026 को मनाई जा रही बैसाखी को मान्यता देती है।

# दिल्ली में मुठभेड़ के बाद छह बांग्लादेशी डकैत गिरफ्तार

- देश के कई राज्यों में वारदातों को अंजाम देता था यह गिरोह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने सराय काले खां के पास आधी रात को हुई एक मुठभेड़ के बाद बांग्लादेश स्थित डकैतों के एक गिरोह के छह कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यह गिरोह कई राज्यों में डकैती और हत्या की वारदात को अंजाम देने में शामिल था और घटना के बाद पड़ोसी देश भाग जाता था।

पुलिस ने दावा किया कि गिरोह संभावित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए पूरे भारत में स्थानीय संपर्कों और रिश्तेदारों के नेटवर्क का इस्तेमाल करता था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, बांग्लादेश के बागेरहाट जिले के रहने वाले इन आरोपियों को एक गुप्त सूचना के आधार पर 14 और 15 अप्रैल की दरमियानी रात को अपराध शाखा के रंगदारी एवं अपहरण विरोधी प्रकोष्ठ द्वारा चलाए गए एक अभियान के दौरान पकड़ा गया। गिरोह ने भारत-बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और दक्षिण दिल्ली में डकैती डालने की साजिश रच रहा था।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पलिस ने सराय काले खां श्मशान घाट के पास सुनसान वन क्षेत्र में जाल बिछाया। संदिग्धों को पकड़ने की कोशिश की गई, तो उन्होंने गोलीबारी कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और उनमें से छह को काबू कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह दिल्ली और गोवा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और ओडिशा सहित अन्य राज्यों में वारदात करो और छिप जाओ रणनीति का उपयोग करते हुए पिछले कई वर्षों से सक्रिय था।

# अंडमान सागर में मलेशिया जा रही नौका डूबी, 250 लापता

**ढाका, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी और प्रवासन एजेंसियों ने बताया कि हाल ही में अंडमान सागर में मलेशिया जा रही एक नाव पलटने से कम से कम 250 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें रोहिंग्या शरणार्थी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं।

हालांकि विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं लेकिन बांग्लादेश तटरक्षक बल के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कमांडर सब्बीर आलम सुजान ने बुधवार को बताया कि नौ अप्रैल को नौ लोगों को बचाया गया, जिनमें तीन रोहिंग्या और छह बांग्लादेशी शामिल हैं। सुजान ने बताया कि बांग्लादेश के ध्वजवाहक पोत एम.टी. मेघना प्राइड ने इन नौ लोगों को तब बचाया, जब जहाज के चालक दल ने नाव पलटने के बाद उन्हें समुद्र में तैरते हुए पाया। इस घटना के बाद किसी खोज अभियान की स्थिति बुधवार तक स्पष्ट नहीं हो सकी और न ही यह पता है कि नौका कब डूबी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने मंगलवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह नाव टेकनाफ से रवाना हुई थी।

संयुक्त राष्ट्र

सुधारों पर हुई बैठक में बोले भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी सैनी

# सुरक्षा परिषद में बढ़ें वीटो शक्ति वाले स्थायी सदस्य

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोई भी सुधार, यदि वीटो शक्ति वाले स्थायी सदस्यों की श्रेणी में विस्तार के साथ नहीं किया जाता है, तो संयुक्त राष्ट्र की इस इकाई में असंतुलन, असमानताएं बनी रहेंगी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में कहा कि वीटो के साथ या उसके बिना एक नयी श्रेणी पर विचार करने से व्यापक विचारों वाली पहले से जारी चर्चा जटिल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि दो मूलभूत कारण हैं, जिनकी वजह से संरचना असंतुलित बनती है और परिषद की वैधता व प्रतिनिधित्व पर सवाल उठते हैं-ये हैं सदस्यता और वीटो अधिकार। हरीश ने कहा कि 80 साल से अधिक पहले बनी इसकी संरचना आज की बदलती वैश्विक-राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। भारतीय राजदूत ने याद किया कि 1960 के दशक में परिषद में किये गए उस एकमात्र सुधार से वीटो का अधिकार रखने वाले देशों की ताकत और बढ़ गई जिसके तहत केवल अस्थायी श्रेणी में विस्तार किया गया था। तुलनात्मक रूप से देखें तो पहले वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों और अस्थायी सदस्यों का अनुपात 5:6 था, जिसे बाद में बदलकर 5:10 कर दिया गया। इससे वीटो का अधिकार रखने वाले देशों को अपेक्षाकृत अधिक फायदा मिला।

### सुरक्षा परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं

भारत दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों का विस्तार शामिल है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की यह परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि वह परिषद में स्थायी सीट का हकदार है। उन्होंने कहा, अतीत में ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां निर्वाचित सदस्यों ने केवल अपने संकीर्ण स्वार्थों को पूरा करने के लिए अपने प्रभावी वीटो का प्रयोग करके बाधाएं उत्पन्न की हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज दिन की शुरुआत सामान्य रहेगी, लेकिन कार्यों में धीरे-धीरे प्रगति होगी। किसी पुराने कार्य को पूरा करने का अवसर मिलेगा।

**वृष** – आज का दिन अनुकूल रहेगा और कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे। मित्रों और परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** – आज आपकी बुद्धि और संवाद कौशल से कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संपर्क बनेंगे और कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी।

**कर्क** – आज की शुरुआत थोड़ी भावनात्मक हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे संतुलन बना रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में स्थिति सुधरेगी।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए अवसर प्राप्त होंगे और संपर्कों से लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत व्यस्तता के साथ होगी, कार्य धीरे-धीरे पूरे होंगे। आपकी योजना सफल होगी और कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** – आज का दिन संतुलित रहेगा और कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कार्यों में रुकावट आ सकती है। धैर्य रखने पर स्थिति सुधरेगी। शाम तक लाभ के संकेत मिलेंगे। यात्रा से स्थिति मजबूत बनेगी।

**धनु** – आज भाग्य आपका साथ देगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल है।


**मकर** – आज का दिन संतुलित रहेगा और कार्य समय पर पूरे होंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा और वातावरण सकारात्मक रहेगा।

**कुंभ** – आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संपर्क लाभकारी होंगे और सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** – आज थोड़ी उलझन हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे स्थिति स्पष्ट होगी। कार्यों में प्रगति मिलेगी और परिवार का सहयोग रहेगा।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति:** 16 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 20.11 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तर भाद्रपद 13.59 तक तत्पश्चात रेवती।

## सुडोकू - 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 |

## सुडोकू -121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | | 5 | | | 9 |
| | | 7 | | 4 | | | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | | |
| | | 5 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 9 | | | 3 | | | | 4 | 7 |



“यह काफी डरावनी स्थिति थी। मेरे चेहरे पर सीधे एक बॉल लगी। बस कुछ इंच इधर-उधर, अगर मैंने अपना सिर नहीं घुमाया होता तो शायद मैं यह इंटरव्यू नहीं दे रहा होता। यहां गाल की हड्डी के नीचे थोड़ी गड़बड़ थी। मैं काफी लकी रहा। शुक्र है सब कुछ ठीक है।
–बेन स्टोक्स, इंग्लैंड के कप्तान


# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

मुंबई इंडियंस
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 146 रनों पर समेटा

## आईपीएल-2026 : रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार ने की मारक गेंदबाजी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की मारक गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को 146 रन पर समेट दिया।

रसिख (24 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर (27 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम पारी की अंतिम गेंद पर ऑल आउट हो गई। कृणाल पंड्या ने भी 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन का योगदान दिया लेकिन तीनों में से कोई भी अच्छी शुरुआत को बड़ी परी में नहीं बदल पाया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मार्श और एडेन मारक्रम (12) ने सतर्क शुरुआत की। मार्श ने भुवनेश्वर की गेंद को स्टेडियम के बाहर भेजा। मार्करम ने भी रसिख का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन फिर इसी तेज गेंदबाज की फुलटॉस को कवर में देवदत्त पडिक्कल के हाथों में खेल गए।

कप्तान ऋषभ पंत अगले ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गए जब जोश हेजलवुड (20 रन पर एक विकेट) की गेंद उनके बाएं हाथ की कोहनी में लगी। सुपर जाएंट्स की टीम पावर प्ले में एक विकेट पर 35 रन ही बना सकी जो मौजूदा सत्र में टीम का शुरुआती छह ओवर में सबसे कम स्कोर है। निकोलस पूरन की खराब फॉर्म भी जारी रही और वह सात गेंद में सिर्फ एक रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद को विकेटों पर खेल गए।

मार्श ने कृणाल पर चौके और छक्के के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। बडोनी ने कृणाल की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन मार्श इस स्पिनर की गेंद को विकेटों पर खेल गए। मुकुल चौधरी एक बार फिर अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने कृणाल पर चौके से खाता खोलने के बाद इस स्पिनर के अगले ओवर में छक्का भी मारा।

बडोनी ने रसिख पर चौका मारा लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर जितेश शर्मा को कैच दे बैठे। उन्होंने 24 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का मारा। बडोनी के आउट होने पर पंत दोबारा बल्लेबाजी करने उतरे लेकिन सिर्फ एक रन बनाने के बाद भुवनेश्वर की गेंद पर फिल सॉल्ट को कैच दे बैठे। भुवनेश्वर ने जॉर्ज लिंडे (07) और मोहम्मद शमी (00) को लगातार गेंदों पर आउट किया जबकि रसिख ने मुकुल और आवेश खान (01) को पवेलियन भेजकर सुपर जाएंट्स की पारी का अंत किया।



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के आयुष बडोनी। एजेंसी

**लखनऊ सुपर जाएंट्स**

**146/10** (20 ओवर)

- मिचेल मार्श बो कृणाल 40
- एडेन मार्करम का पडिक्कल बो रसिख 12
- ऋषभ पंत का सॉल्ट बो भुवनेश्वर 01
- निकोलस पूरन बो हेजलवुड 01
- आयुष बडोनी का जितेश बो रसिख 38
- अब्दुल समद का पाटीदार बो कृणाल 00
- मुकुल चौधरी बो रसिख 39
- जॉर्ज लिंडे का डेविड बो भुवनेश्वर 07
- मोहम्मद शमी बो भुवनेश्वर 00
- आवेश खान बो रसिख 01
- दिग्वेश राठी नाबाद 00

**अतिरिक्त :** 07, **विकेट पतन :** 1-32, 2-35, 3-71, 4-83, 5-118, 6-124, 7-137, 8-137, 9-145, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-27-3, हेजलवुड 4-0-20-1, रसिख 4-0-24-4, कृणाल 4-0-38-2, सुयश 4-0-34-0

### ऋषभ पंत की कोहनी में हेजलवुड की गेंद लगी

**बेंगलुरु।** लखनऊ सुपर जाएंट्स को बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान बड़ा झटका लगा, जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की उछाल लेती गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत की बाईं कोहनी पर चोट लगी। भारत टीम के नेट सत्र के दौरान पेट के बाईं ओर लगी चोट से उबरने के बाद आईपीएल के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे पंत उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें फ्रेक्चर नहीं हुआ हो। पंत को यह चोट पांचवें ओवर में लगी जब हेजलवुड की एक गेंद तेजी से ऊपर उठी और बल्लेबाज ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद को पूरी तरह से चूक गए जो बाईं कोहनी पर जाकर लगी।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 0 | 6 | 1.148 |
| 4. | सनराइजर्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.427 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.772 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

### अश्विन ने ऋतुराज गायकवाड़ को बल्लेबाजी दृष्टिकोण में बदलाव करने को कहा






**चेन्नई।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार दो जीत से कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर दबाव कम होगा। उन्होंने इसके अलावा खराब फॉर्म में चल रहे इस सलामी बल्लेबाज को पारी की शुरुआत में अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव करने की सलाह भी दी। पांच बार की चैंपियन सीएसके ने शुरुआत में लगातार तीन हार झेली लेकिन इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शानदार वापसी की। अश्विन ने कहा कप्तान के तौर पर उन्हें दो जीत मिल चुकी हैं, जिससे वह सहज महसूस करेंगे। सच कहूं तो अगर मैं डगआउट में होता या रुतुराज गायकवाड़ होता तो ज्यादा चिंता नहीं करता। टी20 प्रारूप ऐसा है जहां आपको लगातार इरादा दिखाना होता है। गायकवाड़ रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 28 है। उनकी असफलता के कारण युवा आयुष म्हात्रे के संजू सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करने की भी चर्चा बढ़ रही है। ऐसे में गायकवाड़ के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है। अश्विन ने गायकवाड़ को अपनी पारी की शुरुआत में हवा में शॉट नहीं खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा रुतुराज कुछ ज्यादा ही आक्रामक शॉट खेल रहे हैं और जल्दी आउट हो रहे हैं। अगर वह अपनी पारी की शुरुआत में थोड़ा सहज होकर खेलें, गेंद को सही समय पर खेलने की कोशिश करें और अधिक से अधिक मैदानी शॉट खेलें तो इससे उन्हें फायदा मिल सकता है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सैमसन के शतक ने सीएसके में नई जान फूंकी है। सैमसन ने दिल्ली के खिलाफ नाबाद 115 रन बनाकर शानदार वापसी की और फिर केकेआर के खिलाफ 48 रन बनाए। स्टेन ने कहा उनके उस शतक ने ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल दिया। इससे टीम में नहीं ऊर्जा का संचार हुआ है जिससे टीम ने जीत की राह पकड़ ली है। उन्होंने कहा आईपीएल मैच जीतना वाकई मुश्किल है। कभी-कभी जीत काफी करीब होती है फिर भी आप हार जाते हैं। इसलिए एक बार जीत हासिल करने के बाद टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ जाता है।

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–215 रन
- ईशान किशन हैदराबाद–213 रन

**पर्पल कैप**



- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 10 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- रवि विश्नोई राजस्थान– 9 विकेट

**हाईलाइट**

### दिग्गज शटलर विक्टर एक्सेल्सन ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेल्सन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है। तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने बैडमिंटन यूरोप' से कहा जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।

### अभिषेक और अक्षर नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और अर्शदीप सिंह पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

# पीएसजी और एटलेटिको मैड्रिड सेमीफाइनल में, बार्सिलोना बाहर

**चैंपियंस लीग**

**मैड्रिड, एजेंसी**

बार्सिलोना दूसरे चरण में जीत के बावजूद क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड से कुल स्कोर में 3-2 से हारने के कारण चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा। एटलेटिको मैड्रिड ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। बार्सिलोना ने दूसरे चरण का मैच 2-1 से जीता लेकिन यह आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था।

इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने की तरफ कदम बढ़ाए। पीएसजी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मैच की तरह दूसरे चरण के मैच में भी 2-0 से जीत हासिल की। बार्सिलोना के शुरुआती हमलों के बावजूद एटलेटिको मैड्रिड की टीम ने डटकर मुकाबला किया और लगभग एक दशक में पहली बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसने इससे पहले 2017 में इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

बार्सिलोना ने पहले 24 मिनट में दो गोल करके स्कोर बराबर कर दिया था। उसकी तरफ से लामिन यामल और फेरान टोरेस ने गोल दागे। एटलेटिको मैड्रिड ने पहले ही हाफ में अडेमोला लुकमैन के गोल से वापसी की। बार्सिलोना को 79वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि डिफेंडर एरिक गार्सिया को लाल कार्ड दिखाया गया था।

उधर लिवरपूल में खेले गए क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में पीएसजी ने ओस्मान डेम्बेले के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से 4-0 की कुल जीत सुनिश्चित की।



गोल बचाने के बाद जश्न मनाती पीएसजी की टीम। एजेंसी

# मुंबई पटरी पर लाना चाहेगा अपना अभियान

**मुंबई, एजेंसी**

- अजेय पंजाब किंग्स के खिलाफ होगा मुकाबला

पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को यहां अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।

मुंबई को अब हर हाल में जीत की दरकार है और ऐसे में यह देखना होगा कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। वैसे अगर मुंबई को अगर वापसी करनी है तो उसके सभी खिलाड़ियों को अपना योगदान देना होगा। मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। मुंबई इंडियंस का पावरप्ले में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे इस क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। उसने चार मैचों में पहले छह ओवरों के महत्वपूर्ण चरण में केवल तीन विकेट लिए हैं। इसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच भी शामिल है जिसमें पावरप्ले 3.2 ओवर का था। जसप्रीत बुमराह रन रोकने में तो सफल रहे हैं, पर अब तक विकेट नहीं ले पाए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान रोहित शर्मा (मध्य)। एजेंसी

### रोहित शर्मा का आज खेलना संदिग्ध

**मुंबई :** मुंबई इंडियन्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में रोहित शर्मा की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है जबकि बुधवार को इस सीनियर बल्लेबाज ने यहां हल्का अभ्यास किया। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियन्स की पारी के छठे ओवर में रोहित को अपने पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। बुधवार को मुंबई इंडियन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम के एक अधिकारी ने कहा मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा।

**टीम**

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडे, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिशेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन द्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर।

**चमकी किस्मत**

**अफगानिस्तानी बाएं हाथ के स्पिनर को शुरुआती चार मैचों में मिल सका था सिर्फ एक विकेट**

# धोनी से बातचीत के बाद नूर ने किया मैच जिताऊ प्रदर्शन

**चेन्नई, एजेंसी**

महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक नहीं खेल पाए हैं लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली। अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला।



उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन के विकेट लेकर सीएसके की 32 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन नूर बल्लेबाजों पर हावी होने में कामयाब रहे।

सीएसके के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने नूर की मैच से पहले धोनी के साथ हुई बातचीत के बारे में बात की। धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। श्रीराम ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा विकेट से थोड़ी मदद मिल रही थी। आज उसकी गेंद की गति हवा में थोड़ी धीमी थी। गेंद पर साइड स्पिन ज्यादा थी और ड्रॉप भी ज्यादा था। इस पर वह काम कर रहा है। उन्होंने कहा धोनी ने अभ्यास सत्र के दौरान उनसे काफी देर तक बात की और उन्हें लेग अधिक ब्रेक करने के लिए प्रेरित किया। मुझे लगता है कि आज उससे मदद मिली और इसके परिणाम सबके सामने हैं। श्रीराम ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन और नूर के संयोजन पर भी बात की। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वे एक-दूसरे के पूरक हैं। वे दोनों आपस में बहुत अच्छे से संवाद भी करते हैं। उनके बीच आपस में अच्छी समझ है। आज तो अकील ने ही नूर को सही लेंथ बताई। एक बार नूर को जब सही लेंथ मिल गई, तो उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया।

### क्या ग्रीन को ड्रॉप करना एक ऑप्शन है : फिंच

**चेन्नई।** पांच गेम। एक भी जीत नहीं। एक मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाने से एक पॉइंट। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच को छोड़कर, जो आखिरी बॉल तक चला, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ऐसा नहीं लग रहा था कि वे आईपीएल 2026 में अपने कोई और मैच जीतेंगे। उनका पेस अटैक कमज़ोर हो गया है। उनके दो मेन स्पिनर में से एक आउट ऑफ फॉर्म है। उनकी बैटिंग में फायरपावर नहीं दिखता। और, जैसा कि आरोन फिंच ने कहा, मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उनकी कुछ टैक्टिक्स बहुत शक वाली थीं", भले ही सुनील नारायण के साथ बैटिंग ओपनिंग करने से पर्दे के पीछे कुछ सोच का पता चलता हो। लेकिन अगर यह जीत के लिए 193 रन के टारगेट पर होने और एक पॉजिटिव कदम के जवाब में था, तो अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने अपनी पार्टनरशिप में – 31 गेंदों में 50 रन – बहुत कम हिम्मत दिखाई। गेम के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में फिंच ने कहा निश्चित रूप से यह अच्छा नहीं था। केकेआर के बारे में बहुत सारे सवाल हैं, खासकर उस रन चेज में।

# कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई कोई भी टीम नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कोई भी कप्तान रहाणे जैसा बेखबर पहले कभी नहीं दिखा

अजिंक्य रहाणे के लिए हालात काफी अच्छे नहीं चल रहे और उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे संभवतः कोई खिलाड़ी सुनना नहीं चाहता। ऐसे कई मौके आए हैं जब टीमों की आईपीएल में शुरुआत बेहद खराब रही है, लेकिन कोई भी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई और कोई भी कप्तान इतना बेखबर पहले कभी नहीं दिखा। इसके अलावा बल्लेबाजी का अंदाज भी आईपीएल की शुरुआत के समय जितना ही पुराना है।

अभिषेक शर्मा और इशान किशन जैसे युवा खिलाड़ियों ने टी20 में बल्लेबाजी का अंदाज पूरी तरह से बदल दिया है और अब वैभव सूर्यवंशी ने तो इसे एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंचा दिया है। आयुष म्हात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों को भी नहीं भूलना चाहिए। सैंतीस साल की उम्र में रहाणे के लिए अब इस बदलते खेल के साथ कदम मिलाना या अपनी बल्लेबाजी के तरीके को बदलना नामुमकिन सा है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी का तरीका पिछले 20 वर्षों में बनी उनकी मसल मेमोरी (शारीरिक आदत) पर आधारित है। अब इस बात पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि रहाणे इस टीम के कप्तान कैसे बने रह सकते हैं जबकि एक बल्लेबाज के तौर पर भी उनकी जगह पक्की नहीं है। पांच मैच में रहाणे सिर्फ सात छक्के लगा पाए हैं लेकिन इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि उन्होंने सिर्फ आठ चौके जड़े हैं। एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी के लिए जो या तो पारी का आगाज करता है या फिर तीसरे नंबर पर आता है उसके लिए इस स्तर पर हर मैच में औसतन तीन बाउंड्री लगाना बहुत बड़ी नाकामी मानी जाएगी। रहाणे का स्ट्राइक रेट भी 150 से कम है।

